■ न्यायिक अधिकारियों के घेराव के लिए एआईएमआईएम व आईएसएफ दोषी - 12

■ इंडक्शन हीटर और बर्तनों का उत्पादन बढ़ाने के उपाय ढूंढने में जुटी सरकार - 12

■ भारत की नई परमाणु-चालित पनडुब्बी 'आईएनएस अरिदमन' सेवा में शामिल - 13

■ भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह ने महेंद्र सिंह धोनी और कपिल देव से मांगी माफी - 14

आज का मौसम
33.0° अधिकतम तापमान
20.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.57
सूर्यास्त 06.27

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष द्वितीया 10:09 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2083

शनिवार, 4 अप्रैल 2026, वर्ष 4, अंक 227, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

प्रधानमंत्री का रोड शो

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पुडुचेरी में विशाल रोड शो किया, जिसने करीब 2 किलोमीटर की दूरी तय की। इस दौरान भारी जनसैलाब उमड़ा। इस दौरान उनके साथ पुडुचेरी के कई बड़े नेता भी मौजूद थे। ● एजेंसी

न्यायिक अधिकारियों के घेराव का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल पुलिस ने मालदा जिले में सात न्यायिक अधिकारियों के घेराव के मुख्य साजिशकर्ता समेत दो लोगों को शुक्रवार को सिलीगुड़ी के बागडोगरा हवाई अड्डे से गिरफ्तार कर लिया।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुख्य साजिशकर्ता की पहचान अधिवक्ता मोफक्करुल इस्लाम के रूप में हुई है। उसे तब गिरफ्तार किया गया जब वह एक विमान में सवार होने की कोशिश कर रहा था। अधिकारी ने बताया कि वह कालियाचक कांड का मुख्य साजिशकर्ता है, जिसने बुधवार रात को सात न्यायिक अधिकारियों का बीडीओ कार्यालय के अंदर कई घंटों तक घेराव किया था। वह विमान में सवार होकर भागने की फिराक में था। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (उत्तर बंगाल) के. जयरामन ने पत्रकारों को बताया कि मोफक्करुल इस्लाम उत्तर दिनाजपुर जिले के इटाहार का रहने वाला है और वर्तमान में कोलकाता में रह रहा है। उन्होंने बताया कि बुधवार को भाषणों के माध्यम से स्थानीय लोगों को भड़काने के आरोप में कालियाचक पुलिस थाने में उसके खिलाफ तीन मामले दर्ज किए गए हैं। इस भड़काऊ भाषण के बाद मोथाबारी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कालियाचक-2 ब्लॉक कार्यालय के अंदर सात न्यायिक अधिकारियों का घेराव किया गया था। उन्होंने बताया, घटना के बाद हमने मोफक्करुल इस्लाम का पीछा किया और पश्चिम बंगाल आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) और सिलीगुड़ी पुलिस की मदद से उसे और उसके साथी को बागडोगरा हवाई अड्डे से गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ तीन अलग-अलग जगहों पर स्थानीय लोगों को भड़काने के आरोप में तीन मामले दर्ज किए गए हैं। उन्होंने बताया कि कालियाचक घटना के संबंध में कुल 19 मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा कि एनआईए द्वारा जांच अपने हाथ में लेने के बावजूद वह अपनी जांच जारी रखेगी।

मास्टरमाइंड मोफक्करुल इस्लाम (दाएं से दूसरे)।

- पश्चिम बंगाल पुलिस ने बागडोगरा हवाई अड्डे से दबोचा, दो अन्य आरोपी भी वहीं से गिरफ्तार
- मुख्य साजिशकर्ता की पहचान अधिवक्ता मोफक्करुल इस्लाम के रूप में हुई

एनआईए की 24 सदस्यीय टीम जांच को मालदा पहुंची

कोलकाता। निर्वाचन आयोग द्वारा एनआईए को जांच सौंपे जाने के बाद एक टीम मामले की जांच के लिए मालदा पहुंची और मोथाबाड़ी और कालियाचक थाना क्षेत्रों का दौरा किया। आयोग ने यह कदम सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद उठाया, जिसने इस मुद्दे पर बंगाल प्रशासन की कड़ी आलोचना की थी। एनआईए की 24 सदस्यीय टीम ने मोथाबाड़ी में पुलिस और अन्य कर्मियों से बात की और उस स्थान से सुराग एकत्र किए जहां भीड़ जमा हुई थी और सुरक्षा बलों द्वारा नाकाबंदी हटाने की कोशिश के दौरान वाहनों पर पथराव किया था। इस टीम का नेतत्व डीआईजी स्तर के एक अधिकारी कर रहे हैं।

ब्रीफ न्यूज

सीबीएसई : छठी कक्षा में पढ़नी होंगी तीन भाषाएं

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने अपना नया शैक्षिक कार्यक्रम लागू कर दिया है, जिसके तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 से कक्षा 9 के लिए गणित और विज्ञान की दो-स्तरीय प्रणाली तथा कक्षा 6 से तीन-भाषा फॉर्मूले का चरणबद्ध कार्यान्वयन शुरू किया जाएगा।

(विस्तृत देश विदेश पेज पर)

दिल्ली समेत कई राज्यों में भूकंप के झटके

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर, चंडीगढ़ समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में शुक्रवार रात 9:42 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। जानकारी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान-ताजाकिस्तान बॉर्डर क्षेत्र में था, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.9 मापी गई।

दो पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव पड़ने का पूर्वानुमान

नई दिल्ली। आईएमडी ने शुक्रवार को कहा कि इस सप्ताह उत्तर-पश्चिम भारत पर एक के बाद एक दो पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव पड़ने की संभावना है, जिनकी तीव्रता शुक्रवार, शनिवार और मंगलवार को चरम पर रहेगी। आईएमडी ने कहा कि उत्तर-पश्चिम भारत में ओलावृष्टि होने की संभावना है और कश्मीर घाटी में शुक्रवार व शनिवार को कुछेक स्थान पर भारी बारिश भी हो सकती है।

घुसपैठियों को निकालेंगे, 'लव-लैंड जिहाद' नहीं पनपने देंगे : मुख्यमंत्री

असम के चुनावी रण में गरजे योगी, कांग्रेस-यूडीएफ पर सीधा वार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी ने कांग्रेस व यूडीएफ पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चुनाव से पहले ही मैदान छोड़कर भाग चुकी है, जबकि यूडीएफ घुसपैठियों के सहारे असम की जनसांख्यिकी बदलने की साजिश कर रही है। उन्होंने दो टूक कहा कि एनडीए सरकार असम को लव जिहाद और लैंड जिहाद की धरती नहीं बनने देगी। चुनाव को विकास बनाम तुष्टिकरण की लड़ाई ठहराते हुए योगी ने यूपी का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां नो कर्फ्यू, नो दंगा की स्थिति है।

मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को असम के बारपेटा और बरछला विधानसभा क्षेत्र में की चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जय श्रीराम के उद्घोष के बीच यूडीएफ को घुसपैठ की जननी बताया। कहा कि कांग्रेस उसकी सहयोगी बनकर राज्य की सुरक्षा में सेंध लगा रही है। मुख्यमंत्री ने मतदाताओं से अपील की कि वे ऐसे दलों को सबक सिखाएं और भाजपा को मजबूत जनादेश दें। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में विकास और विरासत के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार पूर्वोत्तर में अभूतपूर्व विकास कर रही है। सड़क, रेल, एयरपोर्ट और शिक्षा संस्थानों का तेजी से विस्तार हुआ है, जिससे असम समेत पूरे क्षेत्र की तस्वीर बदल रही है। योगी ने दावा किया कि यूपी में अब माफिया और अराजक तत्वों पर सख्ती से नियंत्रण किया गया है, जिससे आम जनता सुरक्षित महसूस कर रही है।

असम के बारपेटा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी।

साजिश करने वालों को बख्शेंगे नहीं

सीएम योगी ने स्पष्ट किया कि एक-एक घुसपैठिए को चिन्हित कर बाहर करने की प्रक्रिया जारी है और किसी भी साजिश को सफल नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार का संकल्प है कि असम को घुसपैठ और अराजकता का अड्डा नहीं बनने दिया जाएगा। दंगाइयों और अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी और राज्य की सांस्कृतिक विरासत की रक्षा हर हाल में की जाएगी।

विकास, सुरक्षा व सांस्कृतिक पहचान को दें समर्थन

योगी ने कहा कि यह चुनाव विकास बनाम तुष्टिकरण की लड़ाई है। एक ओर एनडीए सरकार है, जो सुरक्षा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए काम कर रही है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस और यूडीएफ हैं, जिनके पास न कोई स्पष्ट नीति है और न ही काम करने की क्षमता। असम के चाय बागान श्रमिकों और युवाओं को आगे बढ़ाने का कार्य केवल भाजपा ही कर सकती है। अंत में योगी ने असम की जनता से अपील की कि वे विकास, सुरक्षा और सांस्कृतिक पहचान के लिए एनडीए को समर्थन दें और राज्य को एक नई दिशा देने में भागीदार बनें।

ताबड़तोड़ मिसाइल हमलों के बीच ईरान ने अमेरिकी विमान गिराया

दुबई/तेहरान, एजेंसी

पश्चिम एशिया में चल रही जंग बेहद खतरनाक मोड़ पर पहुंच गई है। ईरान ने शुक्रवार को समूचे पश्चिम एशिया में कई ठिकानों पर हमले किए, जिससे कुवैत में समुद्री पानी को पेयजल में बदलने वाला एक विलवणीकरण संयंत्र क्षतिग्रस्त हो गया और एक रिफाइनरी में आग लग गई। वहीं, अमेरिका और इजराइल ने हवाई हमले कर तेहरान को निशाना बनाया।

वहीं शुक्रवार को ईरान ने एक अमेरिकी फाइटर जेट गिराया गया है। इस घटना के बाद अमेरिकी सेना ने अपने लापता पायलटों और चालक दल को बचाने के लिए एक बड़ा तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। युद्ध की शुरुआत के बाद यह पहला मौका है जब ईरान के भीरत किसी अमेरिकी जेट के गिरने की पुष्टि हुई है। इस युद्ध को शुरू हुए लगभग पांच सप्ताह हो गए हैं।

युद्ध की शुरुआत के बाद यह पहला मौका है जब ईरान के भीरत किसी अमेरिकी जेट के गिरने की पुष्टि हुई है। ईरानी मीडिया दावा कर रहा है आईआरजीसी ने अमेरिका के दो लड़ाकू विमानों को मार गिराया है। यह भी दावा किया जा रहा है कि विमान का पायलट दक्षिण-पश्चिमी ईरान में पैराशूट के जरिए सुरक्षित कूद गया था, जिसे अब बंधक बना लिया गया है। मेहर न्यूज एजेंसी ने यह भी दावा किया कि मध्य तेहरान में अमेरिका का एक और अत्याधुनिक एफ-35 लड़ाकू विमान मार गिराया गया है। हालांकि, अमेरिका की तरफ से अभी तक सिर्फ एक विमान के क्रैश होने और ऑपरेशन चलने की बात कही गई है।

ईरान के कराज शहर में हवाई हमलों से क्षतिग्रस्त हुआ पुल।

- पायलटों के बचाव को अमेरिका ने शुरू किया अभियान
- ईरान ने समूचे पश्चिम एशिया में लक्ष्यों पर हमले किए
- इजराइल-अमेरिका ने तेहरान को निशाना बनाया

ट्रंप बोले-थोड़ा और समय मिले तो होर्मुज खोल दूंगा

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया है कि अगर अमेरिका को ईरान के साथ चल रहे युद्ध के दौरान थोड़ा और समय मिल जाए तो वह आसानी से होर्मुज को फिर से खोल सकता है और तेल के पूरे प्रवाह पर नियंत्रण कर भारी मुनाफा कमा सकता है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर यह घोषणा की। यह दुनिया के लिए एक खजाना साबित होगा?

अबू धाबी में मिसाइल के मलबे से 5 भारतीय घायल

नई दिल्ली। अबू धाबी में शुक्रवार को एक मिसाइल के मलबे से 12 लोग घायल हो गए, जिनमें पांच भारतीय नागरिक शामिल हैं। पिछले सप्ताह, अबू धाबी में यूएई की हवाई रक्षा प्रणाली द्वारा रोकी गई मिसाइलों के मलबे की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें एक भारतीय भी शामिल था। रियाद में 18 मार्च को हुए ईरानी हमले में एक और भारतीय नागरिक मारा गया था।

अमेरिका ने शीर्ष अधिकारी व दो जनरल को हटाया

वाशिंगटन। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने घोषणा की कि रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सेना के शीर्ष अधिकारी और दो अन्य जनरलों को पदों से हटा दिया है। ईरान के खिलाफ जारी युद्ध के बीच सेना के शीर्ष अधिकारियों को हटाए जाने के कारणों की जानकारी नहीं दी गई है।

होर्मुज : रूस ने दूर की भारत की टेंशन, बढ़ाएगा तेल-गैस की आपूर्ति

- रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री ने एनएसए अजीत डोभाल और विदेश मंत्री जयशंकर से की चर्चा
- दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर भी सहमति जताई

नई दिल्ली, एजेंसी

रूस ने पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार में बढ़ती अस्थिरता के बीच भारत को कच्चे तेल एवं प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बढ़ाने की पेशकश की है। इसके अलावा दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर भी सहमति जताई है। घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों ने कहा कि रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंतुरोव ने गुरुवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बैठकों में ऊर्जा सहयोग पर विशेष रूप से चर्चा की।

मंतुरोव ने इसके बाद वित्त मंत्री सीतारमण से भी मुलाकात की। गुरुवार शाम वह प्रधानमंत्री मोदी से भी मिले। रूस की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, नई दिल्ली में हुई इन बैठकों में तेल एवं गैस क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग पर विशेष ध्यान दिया गया। डेनिस मंतुरोव ने पुष्टि की कि रूसी कंपनियों के पास भारतीय बाजार को तेल एवं एलएनजी की आपूर्ति लगातार बढ़ाने की क्षमता है। यह बयान ऐसे समय आया है जब युद्ध के बीच होर्मुज के रास्ते तेल एवं गैस की आपूर्ति प्रभावित होने से प. एशिया संकट वैश्विक ऊर्जा बाजार पर दबाव डाल रहा है।

दोनों पक्षों में कई नए अवसरों पर भी व्यापक चर्चा हुई : विदेश मंत्रालय

भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने व्यापार, उद्योग, ऊर्जा, उर्वरक, संपर्क एवं परिवहन के अलावा प्रौद्योगिकी, नवाचार तथा महत्वपूर्ण खनिजों में नए अवसरों पर भी व्यापक चर्चा की। दोनों पक्षों ने पिछले वर्ष दिसंबर में आयोजित 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के दौरान लिए गए विभिन्न निर्णयों के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की। उस सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति पुतिन भारत आए थे। जयशंकर ने पश्चिम वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

केंद्र का दावा, गंगा का पानी स्नान करने योग्य

नई दिल्ली, एजेंसी

- कहा- प्रदूषण के स्तर में आ रही है कमी उत्तराखंड में 19, उत्तर प्रदेश में 41, बिहार में 33, पश्चिम बंगाल में 15 स्थान शामिल

केंद्र सरकार ने दावा किया है कि गंगा का पानी निगरानी किए गए सभी स्थलों पर स्नान के मानकों पर खरा उतरता है और इस नदी में प्रदूषण का स्तर घट रहा है। जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि 2025 (जनवरी से अगस्त) के औसत जल गुणवत्ता आंकड़ों के आधार पर, नदी का पीएच और घुलित ऑक्सीजन स्तर सभी स्थानों पर स्नान के मानदंडों को पूरा करता है।

पीएच (पोटेंशियल ऑफ हाइड्रोजन) किसी तरल पदार्थ या विलयन में हाइड्रोजन आयनों की सांद्रता को मापकर उसकी अम्लीयता या क्षारीयता बताने वाला एक पैमाना है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) पांच राज्यों के कुल 112 स्थासनों पर गंगा नदी की जल गुणवत्ता की निगरानी करता है, जिनमें उत्तराखंड में 19, उत्तर प्रदेश में 41, बिहार में 33, झारखंड में चार और पश्चिम बंगाल में 15 स्थान शामिल हैं। हालांकि, उप्र के कुछ हिस्सों- जैसे फर्रुखाबाद से कानपुर के पुराना राजापुर तक, रायबरेली के डलमऊ व गाजीपुर के तारीघाट तक मिर्जापुर के निचले हिस्से- में यह मानकों पर पूरी तरह खरा नहीं उतरता।

सुलतानपुर में बाप ने बेटे को कुल्हाड़ी से काटा, मौत

कुड़वार(सुलतानपुर)

घरेलू विवाद

- पत्नी को भी किया लहूलुहान, आरोपी दरिंदा गिरफ्तार
- आरोपी पिता मानसिक रूप से विक्षिप्त है

अमृत विचार : घरेलू विवाद के चलते युवक ने शुक्रवार को मायके से आई पत्नी को लहूलुहान कर दिया। उसके बाद भी गुस्सा शांत न होने पर अबोध बेटे को कुल्हाड़ी से काटकर मार डाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पिता को हिरासत में लेकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। मामला स्थानीय थाना क्षेत्र के मढ़हा गांव से जुड़ा है। जहां शुक्रवार को गांव निवासी शंभू लाल (35) पुत्र दयाराम ने पत्नी रंजू से विवाद शुरू कर दिया। पत्नी की पिटाई होते देख परिवारवालों सहित पड़ोसियों ने छुड़ा दिया तो घूम कर उसने अपने 09 माह के बेटे रिवांश पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल बच्चे को लेकर परिजन जिला अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पिता को हिरासत में ले लिया है। तथा घायल पत्नी रंजू को एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया।

आरोपी के तीन बच्चे महिमा (10), राज (07) व रिवांश 09 माह है। घटना की जानकारी मिलते ही सीओ सिटी सौरभ सामंत, एसओ तरुण पटेल मौके पर पहुंचे। सीओ ने बताया कि आरोपी पिता मानसिक रूप से विक्षिप्त है। हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। शव का पंचायतनामा कर आगे की कार्यवाही कराई जा रही है।

रोमांचक

आज सूर्य की तेज लपटों से गुजरेगा धूमकेतु, नासा और इएसए की दूरबीन सोहो की नजरें इस पर टिकी हुईं

बच निकला तो दिन की रोशनी में नग्न आंखों से नजर आएगा धूमकेतु एमएपीएस

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : धूमकेतु सी/2026 ए1 (एमएपीएस) शनिवार को सूर्य की लपटों के बीच से गुजरने जा रहा है। यह बचेगा या खत्म हो जाएगा, इसका पता कुछ समय बाद चलेगा। जिंदा रहा तो दिन में भी नग्न आंखों से देखा जा सकेगा। इस धूमकेतु पर दुनियाभर के खगोलविदों के साथ नैनीताल स्थित आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के खगोलविद भी नजर बनाए रखे हैं। इस धूमकेतु का 4 अप्रैल को सूर्य के निकट (पेरिहेलियन) पहुंचना संभव है।

दरअसल, धूमकेतुओं की दुनिया में 'धूमकेतु एमएपीएस' इन दिनों छाया हुआ है। एक ओर नासा और इएसए की दूरबीन सोहो की नजरें इस पर टिकी हुई हैं तो वहीं, एरीज से स्थापित जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप से भी इस पर नजर रखी जा रही है। इस धूमकेतु को दुर्लभ माना जा रहा है। आकार में काफी बड़ा होने के कारण उम्मीद जताई जा रही है कि यह जीवित बच निकलेगा और जीवित रहा तो दिन के उजाले में भी देखा जा सजेगा, जबकि रातों को कुछ अलग अंदाज में चमक बिखेरेगा।

गणना है कि यह धूमकेतु सूरज की सतह से लगभग 1.63 लाख किलोमीटर दूर से गुजरने वाला है। इतनी कम दूरी का मतलब सूरज की भयानक तपिश में डूब जाना है। वैज्ञानिकों का कहना है कि सूर्य की तेज गर्मी के साथ सूरज का अत्यधिक गुरुत्वाकर्षण से इसके अंदर के बर्फ और गैस उबलकर फट सकती है। पूर्व में धूमकेतुओं को इस तरह से फटते हुए देखा जा चुका है। जिस कारण इसके सुरक्षित बच निकलने की संभावना कम है। हालांकि, कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि आकार में बड़ा होने के कारण यह बच निकलेगा। जिस कारण यह धूमकेतु वैज्ञानिकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इस धूमकेतु को सीधा देखने की कोशिश कतई नहीं करें। जिससे आंखों के लिए बड़ा खतरा हो सकता है। नासा सोहो अंतरिक्ष दूरबीन से इसका सीधा प्रसारण दिखा रहा है।

इतिहास रचने को तैयार

नैनीताल : आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ खगोल वैज्ञानिक डॉ. शशिभूषण पांडे के अनुसार बहुचर्चित धूमकेतु एमएपीएस बच निकला इतिहास बना जाएगा। सभी को इसके सूर्य के करीब पहुंचने का इंतजार है। अगर यह बच निकला तो सूर्य की तेज रोशनी से बाहर आते ही कुछ दिन बाद चमक बिखेरने लगेगा। बहरहाल अभी इसके भविष्य को लेकर कहना मुश्किल है।

अंतरिक्ष एजेंसी संयुक्त मिशन पर

जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप (जेडब्ल्यूएसटी), नासा, ईएसए और कनाडाई अंतरिक्ष एजेंसी का एक संयुक्त मिशन है। इसके माध्यम से 2021 से अंतरिक्ष के रहस्यों को उजागर किया जा रहा है। नैनीताल स्थित एरीज संस्थान सौर मंडल से बाहर के एक दुर्लभ धूमकेतु (3I/एटलस) के अध्ययन में भी अंतर्राष्ट्रीय खगोलविदों के साथ मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुका है।

शहीद जवान राजकुमार की प्रतिमा का अनावरण

पांचवीं पुण्यतिथि पर आईजी सीआरपीएफ समेत पत्नी, बेटे ने दी श्रद्धांजलि

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार : शहीद सीआरपीएफ के कोबरा कमांडों व अयोध्या के रानोपाली निवासी राजकुमार यादव की पांचवीं पुण्यतिथि पर शुक्रवार को उनके पैतृक गांव में भावुक माहौल रहा। नक्सलियों से हुई मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त हुए शहीद की कांसे से बनी प्रतिमा का अनावरण किया गया। मुख्य अतिथि सीआरपीएफ के आईजी अनिल कुमार समेत शहीद की पत्नी ज्ञानमती, बेटे शिवम व भाई के साथ सीआरपीएफ के जवानों ने शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बलिदान को याद किया।

3 अप्रैल 2021 को नक्सलियों से मुठभेड़ के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए थे रानोपाली निवासी राजकुमार

रानोपाली में लगी शहीद राजकुमार की प्रतिमा।

शहीद की पांचवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते सीआरपीएफ के आईजी अनिल कुमार व अन्य।

सीआरपीएफ अधिकारी, जवान समेत मौजूद सभी लोगों ने प्रतिमा के समक्ष दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सीआरपीएफ के बैंड ने व सशस्त्र बलों ने बंदूक नीचे कर शोक जताया। भावुक पत्नी ने परिवार के किसी सदस्य को नौकरी न मिलने का भी आरोप लगाया। छत्तीसगढ़ के बीजापुर-सुकमा क्षेत्र में 3 अप्रैल 2021 को नक्सलियों के साथ हुई घमासान मुठभेड़ में सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन के मुख्य आरक्षी राजकुमार यादव शहीद हो गए थे। इस हमले में कुल 22 से अधिक सुरक्षाकर्मी वीरगति को प्राप्त हुए थे। राजकुमार 1995 में सीआरपीएफ में भर्ती हुए और सेवा के दौरान ताइक्वांडो के शानदार खिलाड़ी के रूप में भी जाने जाते थे। परिवार में सबसे बड़े सपूत राजकुमार की शहादत ने पूरे अयोध्या को शोक में डुबो दिया था।

वीर सपूतों की शहादत राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव : आईजी

आईजी अनिल कुमार ने शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि जवानों और अधिकारियों का बलिदान हमें देश की रक्षा करने की प्रेरणा देता है। ऐसे वीर सपूतों की शहादत राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव है। नक्सलवाद जैसे आतंक के खिलाफ लड़ाई में उनका योगदान अमर है। कहा कि आज की दिन हमारे लिए बेहद भावुक पल है, इसी दिन हमारे परिवार का एक साथी हमें छोड़कर चला गया था। संसद में गृहमंत्री अमित शाह ने 31 मार्च 2026 को घोषणा की थी कि भारत को नकस्लमुक्त हो गया है। इसमें सीआरपीएफ के जवानों का बड़ा योगदान रहा है। इस संघर्ष में हमारे 2200 जवान व अधिकारियों ने बलिदान दिया, इसे हमेशा पूरा देश याद रखेगा। कहा कि यही बलिदान हमें देश रक्षा की प्रेरणा देता है।

500 कॉलेजों से सीसीटीवी व परीक्षकों का ब्यौरा तलब

अयोध्या। डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्नातक एवं परास्नातक की मुख्य परीक्षा को नकल-मुक्त बनाने के लिए सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों से सीसीटीवी कैमरों और परीक्षकों का विस्तृत ब्यौरा तलब किया है। परीक्षा नियंत्रक कार्यालय ने सभी महाविद्यालयों से सीसीटीवी कैमरों की संख्या, उनकी कार्यक्षमता, रिकॉर्डिंग की व्यवस्था तथा परीक्षा केंद्रों पर लगे कैमरों का पूरा विवरण मांगा है। साथ ही, परीक्षकों (इन्विजिलेटर्स) की सूची, उनकी योग्यता और अनुभव का ब्यौरा भी अनिवार्य रूप से जमा करने को कहा गया है। महाविद्यालयों को निर्देश दिया गया है कि वे परीक्षा से पहले सभी कैमरों की जांच करा लें और बैकअप पॉवर व्यवस्था सुनिश्चित करें। साफ कहा गया है कि बाहरी परीक्षक नहीं बनाए जा सकते। केवल विश्वविद्यालय या सम्बद्ध कॉलेजों के आंतरिक शिक्षक ही परीक्षा कर्तव्य निभा सकेंगे। कुलपति डॉ बिजेन्द्र सिंह ने सभी केंद्राध्यक्षों से अपील की है कि वे नकल-मुक्त परीक्षा को मिशन की तरह लें। कुलसचिव विनय कुमार सिंह ने बताया कि 6 अप्रैल तक ब्यौरा मांगा गया है।

न्यूज ब्रीफ

बच्चों को मिला पुरस्कार

अयोध्या अमृत विचार : बीकापुर ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय भरहुखाता में वार्षिकोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि एआरपी सदाशिव मौर्या ने कहा कि प्रदेश सरकार बेसिक विद्यालयों को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। विशिष्ट अतिथि अनूप द्विवेदी ने कहा कि हमें बच्चों को स्कूल तक लाना ही नहीं बल्कि उनके भीतर नई उम्मीद और उत्साह का संचार करना भी है। अध्यापकों द्वारा नवीन सत्र के लिए आए प्रवेशी बच्चों का स्वागत किया गया और शैक्षिक आधार पर बच्चों को पुरस्कार प्रदान किया गया। इस मौके पर विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक राकेश कुमार, पवन शुक्ला, राकेश कुमार, पवन शुक्ला, इंकलाब हैदर आदि मौजूद रहे।

जमीन पर कब्जे का आरोप, पैमाइश की मांग

गोसाईगंज, अयोध्या। अमृत विचार : गोसाईगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में आबादी की जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद गहराता जा रहा है। एक पक्ष ने दूसरे पर भूमि पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए पैमाइश की मांग की है। आरोप है कि मामले में कई बार थाना और पुलिस अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन स्थायी समाधान नहीं निकला। क्षेत्रीय एसआई कमलेश कुमार ने कहा कि घाटा संख्या 1052 और 1057 की संयुक्त पैमाइश कराना आवश्यक है। बिना पैमाइश के निष्पक्ष निस्तारण संभव नहीं है।

विधायक ने मरीजों को फल बांट मनाया जन्मदिन

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान ने शुक्रवार को अपने जन्मदिन पर सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज में भर्ती मरीजों का हालचाल जाना और फल वितरित कर उन्हें शीघ्र स्वस्थ होने की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने वार्डों का निरीक्षण किया, मरीजों की समस्याएं सुनीं, उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी दिए। इस दौरान अस्पताल के सीएमएस डॉ. रवि पांडे, डॉ. अमित, बिंदेश्वरी सिंह, राकेश प्रताप सिंह, सुरेंद्र प्रताप सिंह, सभासद रवि सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

ब्राह्मण चेतना मंच ने सत्यम का किया सम्मान

सतीचौरा, अयोध्या। अमृत विचार : ब्राह्मण चेतना मंच के प्रदेश संयोजक विश्वेश नाथ मिश्र सुडडू मिश्रा ने साथियों के साथ पीसीएस में चयनित लहरापुर पूरे तिवारी निवासी सत्यम तिवारी को उनके घर पर सम्मानित किया। कहा कि सत्यम ने अपनी से नायब तहसीलदार पद पर चयनित होकर समाज क्षेत्र और जिले का नाम रोशन किया है। इस मौके पर मंच के सहसंयोजक अवधेश तिवारी, संतोष मिश्र गुड्डू, कुबेर दत्त मिश्रा, ग्राम प्रधान शिवाकांत तिवारी आदि मौजूद रहे।

घरेलू गैस की होम डिलीवरी की मांग

अयोध्या, अमृत विचार : घरेलू गैस की किल्लत को देखते हुए अयोध्या नागरिक मंच के संयोजक एसएन बागी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को जिलाधिकारी के नाम सम्बोधित तीन सूत्री ज्ञापन रेजीडेन्ट मजिस्ट्रेट अरविंद कुमार सौंपा। एसएन बागी ने बताया कि चिलचिलाती धूप व भीषण गर्मी से बचाव हेतु गैस एजेंसी व गोदाम पर उपभोक्ताओं की एकत्र होने वाली भीड़ के लिए छाया, शुद्ध शीतल पेयजल व सुरक्षात्मक प्रबंध कराए जाएं। ज्ञापन देने के दौरान आशुतोषानन्द त्रिपाठी, ओंकार नाथ पांडेय, बृजेंद्र कुमार श्रीवास्तव, पवित्र कुमार साहनी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

एसडीएम से लगाई जमीन खाली कराने की गुहार

गोसाईगंज, अयोध्या। अमृत विचार। थाना गोसाईगंज क्षेत्र के रामपुर बुजुर्ग गांव की निवासी उर्मिला पत्नी हृदय राम ने अपनी कृषि भूमि पर कब्जा दिलाने और पुलिस हस्तक्षेप रोकने की मांग एसडीएम सदर राम प्रसाद त्रिपाठी से की है। पीड़िता का कहना है कि उसके नाम पर 26 जनवरी 2024 को दानपत्र के माध्यम से दर्ज हुई भूमि का खारिज दाखिल भी हो चुका है। भूमि खाली पड़ी है, लेकिन जब वह अपने खेत की जोताई-बुआई कराने जाती है तो पुलिस प्रशासन द्वारा उसे रोक दिया जाता है, जबकि किसी प्रकार का न्यायालयीन स्थगन आदेश (स्टे) नहीं है। एसडीएम ने राजस्व व पुलिस विभाग को जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं।

खिलौना पिस्टल दिखा लूटपाट कर प्रेमी के साथ फरार हुई थी प्रेमिका

अयोध्या कार्यालय।

- रुदौली क्षेत्र में सर्राफा दुकान में दिनदहाड़े लूट की वारदात का मामला लूट के माल के साथ दोनों गिरफ्तार

अमृत विचार : खिलौना पिस्टल दिखाकर युवती ने सर्राफा की दुकान पर गुरुवार को लूटपाट की व उसके बाद बाहर खड़े अपने प्रेमी की बाइक पर बैठकर फरार हो गई थी। हिंदू युवती ने अपनी पहचान छुपाने के लिए बुर्का पहन रखा था। कोतवाली रुदौली पुलिस ने घटना के कुछ ही घंटों में दोनों को गिरफ्तार कर उनके पास लूट का शत प्रतिशत माल बरामद हुआ।

एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में बताया कि गुरुवार दोपहर करीब 12:30 बजे रुदौली के कोठी बाजार में स्थित महेश ज्वेलर्स की दुकान पर एक महिला बुर्का पहने हुए आई। उसने करीब 26 ग्राम का सोने का हार व लॉकेट पसंद किया। इसके बाद वह पति के आने की बात कहकर दुकान में टहलने लगी। कुछ ही देर में उसने अपने पास रखे पिट्ठू बैग से एक खिलौना पिस्टल निकाली व हार व लॉकेट लेकर बाहर बाइक लेकर खड़े अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई थी। दुकान मालिक व उसके कर्मचारियों ने पीछा भी किया लेकिन कामयाब नहीं हुए। लूट की यह घटना दुकान व आसपास लगे सीसीटीवी में कैद हो गई थी।

सीसीटीवी में प्रेमी की बाइक का नंबर दर्ज हो गया था। इसके बाद रुदौली कोतवाल संजय मौर्य, निरीक्षक अपराध संतोष यादव, चौकी प्रभारी किला जितेंद्र सिंह व उनकी टीम ने बाइक नंबर व सर्विलांस की मदद से आरोपी की पहचान करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों की पहचान पायल कोरी (21) निवासी अहिवरन का पुरवा मथा नेवादा थाना बाबा बाजार व राहुल कुमार (21) निवासी पूरे प्रान नेवरा थाना मवई के रूप में हुई। उनके पास से लूट के जेवरात के साथ खिलौना पिस्टल, बाइक, बैग व मोबाइल बरामद हुए। जानकारी के अनुसार दोनों पूर्व परिचित थे व आपस में विवाह करना चाहते थे लेकिन पैसे की तंगी सामने आ रही थी। इसलिए उन्होंने लूट की वारदात करने की ठानी। दोनों ने पहले से ही दुकान की रेकी की थी, दोपहर में दुकान व आसपास भीड़ कम होने पर यह समय चुना। वहीं, इस घटना के अनावरण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले रुदौली कोतवाली के आरक्षी प्रसून सिंह मेहता की एसपी ग्रामीण ने पीठ थपथपाई।

पुलिस लाइन में लूट का खुलासा करते एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी।

दूसरे लूटकांड में पुलिस के हाथ खाली

वहीं, उपरोक्त घटना के कुछ देर बाद रुदौली के मलिकजादा मोहल्ले के एक घर में घुसकर अकेली महिला के सिर पर वार कर उसे बेहोश करने के बाद करीब छह लाख के जेवरात लूटने के मामले पुलिस अभी जांच करने का हवाला दे रही है। एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी का कहना है कि प्रथम दृष्टया घटना संदिग्ध लग रही है। जांच की जा रही है।



नायब तहसीलदार बने आनंद स्वरूप यादव का माला पहनाकर स्वागत करते लोग।

नायब तहसीलदार बने आनंद का हुआ सम्मान

मिल्कीपुर, अयोध्या, अमृत विचार। पीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर नायब तहसीलदार बनने वाले मिल्कीपुर की ग्राम पंचायत गोठवारा निवासी आनंद स्वरूप यादव का सम्मान किया गया। उनके पिता पूर्व प्रधान साहबलाल यादव के घर पर आयोजित समारोह में पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव सहित दर्जनों गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी। आनंद ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है, निरंतर प्रयास और लगन से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य उदयराज यादव, हितलाल यादव, अनुराग यादव, सभाजीत यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद से हार्मोन संतुलन

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार : डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के आचार्य नरेंद्र महिला छात्रावास में छात्रावास वार्डन के सौजन्य से मिशन शक्ति-05 कार्यक्रम के अंतर्गत पॉलीसिस्टिक ओवरी रोग की रोकथाम और मासिक धर्म के स्वास्थ्य में जीवन शैली में बदलाव की भूमिका विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता अवध विश्वविद्यालय की प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. दीपशिखा चौधरी ने उद्बोधन में कहा कि पॉलीसिस्टिक ओवरी एक गंभीर लेकिन नियंत्रित की जाने वाली बीमारी है, जो वर्तमान समय में महिलाओं में तेजी से बढ़ने वाली एक सामान्य समस्या बन गई है। यह एक हार्मोनल विकार है। जिसमें महिलाओं के शरीर में हार्मोन असंतुलित हो जाता है। इसी कारण मासिक धर्म अनियमित हो जाता है। इसका मुख्य कारण खराब जीवन शैली, असंतुलित आहार, तनाव और शारीरिक गतिविधियों की कमी है।

सही खान-पान, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद और तनाव को कम करके पी.सी.ओ.डी.को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। इसलिए महिलाओं को अपने जीवन शैली पर ध्यान देना चाहिए और समय-समय पर डॉक्टर से परामर्श लेते रहना चाहिए। संचालन डॉ.प्रतिभा और कार्यक्रम का समापन डॉ. नीलम सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ.शशि सिंह, साधना पाठक, निर्मला मिश्रा बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

विवि के महिला छात्रावास में आयोजित व्याख्यान में डॉ. दीप शिखा चौधरी का स्वागत करतीं शिक्षिका।

ठाकुर जी के साथ संबंध बना लेना परम धर्म : इंद्रेश

अयोध्या, अमृत विचार : रामनगरी में प्रसिद्ध कथा वाचक इंद्रेश महाराज ने रामसेवकपुरम में आयोजित भागवत कथा में कहा कि ठाकुर जी के साथ संबंध बना लेना परम धर्म है। प्रथा श्लोक का व्याख्यान करते हुए कहा कि संसार में रहना धन कमाना बेटा-बेटी का ब्याह करना परिवार की सेवा करना सब धर्म तो है पर, परम धर्म तो श्री कृष्ण ही है। सबको ठाकुर जी से कोई न कोई संबंध बना लेना चाहिए। गोरखपुर के सत्संग समिति द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का दिव्य आयोजन किया जा रहा है। कथा के पूर्व व्यासपीठ की आरती में मोहित भीमसरिया, नीरज मातनहेलिया, नरेंद्र गर्ग, सुमित्रा, आशीष राजगढ़िया, प्रधान यजमान मक्खन गायन व शकुंतला गोयल ने आरती पूजन किया।

सुसाइड नोट में क्या लिखा है बताने से कतरा रही पुलिस

कुमारगंज, अयोध्या।

फालोअप

- बीएससी छात्र की संदिग्ध मौत का मामला गरमाया

अमृत विचार : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अंतर्गत उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय में अध्यनरत बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र अनिल तिवारी (22) की संदिग्ध मौत का मामला गरमाता नजर आ रहा है। सूत्र बताते हैं कि छात्र के कमरे में पुलिस के हाथ एक सुसाइड नोट भी मिला था, उसमें क्या लिखा है, इसका खुलासा पुलिस नहीं कर रही है। वहीं, दूसरी ओर मृत छात्र के पिता ने कुमारगंज पुलिस को तहरीर देकर न्याय दिलाने की गोहार लगाई है।

बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र का शव दो अप्रैल को संदिग्ध परिस्थितियों में अमरावती हॉस्टल के रूम नंबर नौ में छत के पंखे से गमछे के फंदे के सहारे लटका मिला था। पुलिस ने फोरेंसिक टीम बुलाकर छानबीन करवाने के बाद छात्र का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। मौके पर पहुंचे छात्र के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। मृतक छात्र अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। सूत्रों के अनुसार मौके पर पुलिस को छात्र के कमरे से एक सुसाइड नोट भी मिला था। पुलिस का कहना है कि फिंगर प्रिंट टीम सुसाइड नोट को अपने साथ ले गई है। वहीं दूसरी ओर घटना को लेकर तमाम अनसुलझे सवाल लोगों के जेहन में कौंध रहे हैं। जिसमें विवि के दिव्यांग प्रभारी सुरक्षा अधिकारी डॉ. विनोद कुमार सिंह का घटना के दिन विवि से गायब रहना, अमरावती हॉस्टल के वार्डन का जिम्मेदारी को नजरअंदाज करना सहित कई सवाल शामिल हैं। थाना कुमारगंज के प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर मौत के कारण स्पष्ट होंगे। सुसाइड नोट फ्रिंगर एक्सपर्ट की टीम अपने साथ ले गई है। पिता ने तहरीर दी है कि नहीं, मालूम नहीं है। मैं आज अवकाश पर हूं।

टीईटी के विरोध में शिक्षकों का दिल्ली कूच

अयोध्या। टीईटी अनिवार्य किए जाने के विरोध में टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित रैली में शामिल होने के लिए अयोध्या से शुक्रवार को जिले से बड़ी संख्या में शिक्षक बसों, ट्रेनों और निजी वाहनों से दिल्ली रवाना हुए। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय ऑडिटर एवं जिलाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी व जिलामंत्री चक्रवर्ती सिंह की अगुवाई में सभी ब्लॉकों से शिक्षकों का जत्था दिल्ली कूच किया। जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव ने बताया कि तहसील प्रभारी अमरेंद्र कुमार सिंह, मवई से मोहम्मद आरिफ, मया से अनुज सिंह, पूरा से सत्येंद्र कुमार गुप्ता, रूदौली से अविनाश पांडे, अमानीगंज से अजय सिंह, तारून से सिकंदर सिंह, बीकापुर से अनिल सिंह, मिल्कीपुर से मुकेश प्रताप सिंह, हैरिंग्टनगंज से संतोष, मसौधा से महेंद्र यादव, महानगर से अरविंद, सोहावल से शैलेंद्र आदि के नेतृत्व में शिक्षकों ने दिल्ली कूच किया।

एडीजी ने नए कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के दिए निर्देश

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार : एडीजी जोन प्रवीण कुमार लखनऊ शुक्रवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने पुलिस लाइंस स्थित ऑफिसर्स मेस में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले की कानून व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने नए कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश भी दिए।

आफिसर्स मेस में पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करते एडीजी जोन प्रवीण कुमार।

शासन व डीजीपी मुख्यालय से प्राप्त टास्क की प्रगति पर चर्चा हुई और कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों से फीडबैक लिया। एडीजी ने जन समस्याओं के प्रभावी निस्तारण पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिया कि शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने नए कानूनों को सही ढंग से लागू करने के स्पष्ट निर्देश दिए और कहा कि पुलिसकर्मियों को नए प्रावधानों की पूरी जानकारी होनी चाहिए ताकि जनता को न्याय मिल सके। अयोध्या में लगातार बढ़ रही श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था पर विस्तार से मंथन हुआ। एडीजी ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी, एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी, एसपी ट्रैफिक एपी. सिंह, सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

नहीं रहे वरिष्ठ पत्रकार और रंगकर्मी मंजर मेंहदी, शोक

अयोध्या, अमृत विचार : जिले के वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार और रंगकर्मी मंजर मेहंदी(68) नहीं रहे। लखनऊ में शुक्रवार को अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद घर पर ही निधन हो गया। उर्दू सहाफत से अपना सफर शुरू करने वाले मंजर मेहंदी ने "आपकी ताकत" नामक साप्ताहिक अखबार निकाला। गुलदस्ता प्रोडक्शन के बैनर तले उन्होंने अयोध्या की पावन धरती से बार-बार एकता का संदेश दिया। अन्ना हजारे के आंदोलन के बाद आम आदमी पार्टी के शुरुआती दिनों में भी वे जुड़े रहे और हमेशा सकारात्मक बदलाव के पक्ष में खड़े रहे। उनके जनाजे की नमाज़ शनिवार सुबह 10 बजे इमामबाड़ा जवाहर अली खां की जामा मस्जिद में अदा की जाएगी। इसके बाद वजीरगंज के मौलवी बाग कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। उनके निधन पर कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम, कांग्रेस जिला सचिव पंकज सिंह, सपा नेता डॉ. करन त्रिपाठी समेत पत्रकारों व अन्य ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा वे एक सच्चे पत्रकार, साहित्यकार और रंगकर्मी थे। उनकी कमी हमेशा महसूस होती रहेगी।

मंजर मेंहदी (फाइल फोटो)

अग्निकांड: 10 घर जले, तीन मवेशियों की मौत और लाखों का नुकसान

मिल्कीपुर, अयोध्या।

अमृत विचार : मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के कुंभी पूरे डड़िया गांव में शुक्रवार शाम हुए भीषण अग्निकांड में तीन मवेशियों की मौत हो गई, और एक गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे में करीब 10 घरों का सामान जल गया। जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

इनायतनगर थाना क्षेत्र स्थित गांव में शुक्रवार शाम लगभग चार बजे अर्जुन यादव के छप्पर से अचानक आग की लपटें उठती दिखाई दीं। तेज हवा से लपटों विकराल रूप धारण कर आसपास के कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने आग बुझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। अग्निकांड में सालिग राम की एक गाय, एक बछिया और एक बछड़े की झुलसक मौत हो गई, एक भैंस गंभीर रूप से झुलस गई। वहीं अर्जुन यादव, पवन, मनोज, आशीष, सुरेंद्र, लल्लू और कल्लू समेत कई ग्रामीणों के घरों का सामान भी आग की भेंट चढ़ गया। दुर्गा प्रसाद के बेटे की 25 अप्रैल को होने वाली शादी के लिए जुटाया गया पूरा सामान भी जलकर खाक हो गया। सूचना पर पुलिस उपनिरीक्षक अमर बहादुर सिंह, रविंद्र सिंह, अभिषेक कुमार, उत्कर्ष श्रीवास्तव, जोखन यादव और फायर ब्रिगेड की टीम ने ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

ग्रामीणों के अनुसार, पीड़ित सालिग राम मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। हादसे में उसे करीब दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवारों को शीघ्र आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है। थाना प्रभारी रतनसेन शर्मा ने बताया कि घटना की जानकारी राजस्व विभाग को दी गई है।

आयोजन सर्किट हाउस सभागार में चित्रगुप्त भगवान के खूब लगे जयकारे, कलाकारों की स्वर लहरियों ने बांधा समां

श्रद्धा व उल्लास के साथ मना भगवान चित्रगुप्त का प्रकाटोत्सव

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : सर्किट हाउस का सभागार में अयोध्या कायस्थ विकास संस्थान द्वारा चित्रगुप्त भगवान के प्रकटोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान चित्रगुप्त के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन, हनुमान चालीसा, भगवान की स्तुति और आरती के साथ गुरुवार शाम हुई।

इसके बाद भजन और नृत्य के कलाकारों ने ऐसा समां बांधा कि लोग आधी रात तक प्रभु के भजनों में भाव विभोर हो गोते लगाते रहे। गायक बृजेश श्रीवास्तव ने ज्योत से ज्योत जगाते चलो..., आस्था भटनागर ने राम जी से पूछे जनकपुर की नारी..., तनुश्री ने राधा क्यों गोरी मैं क्यों काला... सुनाया तो लोग मंत्र मुक्त हो उठे। अंशिका श्रीवास्तव ने मंच पर अपने कदमों को थिरकाया तो हाल तालियों से गूंज उठा। शुभांगी निगम, समृद्धि और नीलकमल की प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा के महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, रेडियो पुलिस अधिकारी एसपी श्रीवास्तव, राम मंदिर से जुड़े विनोद श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष रवि सोनकर, सचिन सरीन का अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत अभिनंदन किया गया।

प्रकाटोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करती समाज की बिटिया।

चित्रगुप्त प्रकाटोत्सव पर पूजन करते कायस्थ समाज के लोग। अमृत विचार

भगवान के प्राकट्य उत्सव पर रचा इतिहास : अरुण

अध्यक्ष अरुण श्रीवास्तव व प्रवक्ता जेपी श्रीवास्तव ने कहा कि संगठन के साथियों की पांच साल की मेहनत का फल आज मिल गया। प्रकटोत्सव में जिस तरह से समाज के लोगों की भागीदारी रही वह निश्चित रूप से एक नया इतिहास लिखती नजर आई। संचालन राजीव श्रीवास्तव व प्रतीक श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर ज्ञानेश्वर भटनागर, सुनील श्रीवास्तव एडवोकेट, अंशु माली श्रीवास्तव एडवोकेट, मोना श्रीवास्तव, अंजू श्रीवास्तव, मनीषा श्रीवास्तव समेत बड़ी संख्या में कायस्थ समाज के लोग मौजूद रहे।

10 को निकलेगी शोभायात्रा, 11 गरीब कन्याओं का होगा विवाह

प्रेस क्लब में पत्रकारों से बातचीत करते समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

अयोध्या, अमृत विचार : महाराजा निषाद राज जयन्ती समारोह समिति ने शुक्रवार को स्थानीय प्रेस क्लब में पांच अप्रैल रविवार को होने वाले मुख्य कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी मीडिया को दी। अध्यक्ष अरुण निषाद ने बताया कि स्वर्गीय मुन्ना निषाद की स्मृति में शोभा यात्रा सुबह 10 बजे निषाद पहलवान के आवास से प्रारंभ होगी। जो निषाद नगर, रेतिया, नियावां, मछली मण्डी चौक होते हुए बड़ा डाकखाना सिविल लाइंस के पास स्थित निषाद भवन में यात्रा समाप्त होगी। वहां सभा आयोजित की जाएगी। शोभा यात्रा के दौरान घोड़े और कई प्रकार की झांकियों के साथ भव्य प्रदर्शन होगा। उन्होंने बताया सभा में 11 गरीब बेटियों की शादी का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान महामंत्री दुर्गेश निषाद, संरक्षक श्याम लाल निषाद, डॉ. नानक शरन, मोतीराम निषाद, रामचन्द्र निषाद, कुश निषाद आदि मौजूद रहे।

मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त
एम.के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी
बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी
के आशीर्वाद से अभिसिंचित एवम् संचालित
एम.के. बन्धानी हींग
श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर

विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555

पॉवर कॉर्पोरेशन का स्मार्ट प्रीपेड मीटर बना बिजली का दुश्मन

उपभोक्ताओं का फूट रहा आक्रोश, रेतिया इलाके में नाराज उपभोक्ता ने कूच डाला प्रीपेड मीटर ■ लालबाग में लाइन तक उखाड़ दी

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : जिले में आजकल एक ही चर्चा है कि ये प्रीपेड मीटर लगाने का क्या चक्कर है? पॉवर कॉर्पोरेशन की इस योजना ने पूरे जिले में हलचल मचा दी है। सरकारी दावे हैं कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर से चोरी रुकेगी और बिलिंग पारदर्शी होगी, लेकिन आम लोगों को लगता है कि यह उनकी जेब काटने का नया तरीका है।

रामनगर कॉलोनी में शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे एक दुकान पर चाय बेच रहे रामकुमार ने पूछा कि ये स्मार्ट मीटर क्या है। उनके सामने बैठे किसान सुधीर यादव ने चाय का कप पटकते हुए कहा लगाने दो तो देखो, बिजली कट जाएगी तो कोई नहीं बचा पाएगा। ये प्रतिक्रिया स्मार्ट प्री पेड मीटर को लेकर अब सामने आ रही है। उपभोक्ताओं में आक्रोश है तो जिनके यहां लग गए हैं वह माथा पीट रहे हैं। रेतिया क्षेत्र में तो एक उपभोक्ता ने स्मार्ट प्री पेड मीटर ही कूच दिया जबकि लालबाग में एक ने लाइन ही उखाड़ दी।

रामनगर के मोहल्ले में रहने वाली रजिया बेगम ने बताया मेरे पति मजदूर हैं। महीने के आखिर में पैसा खत्म हो जाता है। पहले तो बिल आने पर कटौती कर लेते थे, अब मीटर में पैसे खत्म होते ही बिजली चली जाएगी। बच्चे पढ़ाई कैसे करेंगे? दवा कैसे चलेगी?। शाम सुल्तानपुर रोड पर सैकड़ों लोग जमा हुए। महिलाएं स्लोगन लगा रही थीं प्रीपेड मीटर हटाओ, बिजली वापस लाओ। युवा नेता अखिलेश वर्मा माइक थामे चिल्ला रहे थे, सरकार कहती है विकास। रिचार्ज का नेटवर्क भी नहीं है, गांव में नेटवर्क नहीं आता तो कैसे रिचार्ज करेंगे? बुजुर्ग किसान हरिशंकर ने कहा मेरे खेत में ट्यूबवेल है। पहले बिल 1800 रुपये आता था। अब अगर मीटर में 500 रुपये डाल दिए और पानी की जरूरत पड़ी तो? बीच में पैसे खत्म हो गए तो फसल सूख जाएगी। फिर कौन जिम्मेदार होगा?

दुकानदार संजय गुप्ता ने नाराजगी जताते हुए कहा कि ये स्मार्ट मीटर नहीं, स्मार्ट लूट है। लक्ष्मी देवी ने कहा घर में बर्तन धोने का पानी पंप से आता है। बिजली गई तो नहाने-धोने को पानी नहीं। लोगों ने कहा, "हम बिजली चोरी नहीं करते। फिर क्यों सजा दे रहे हो। पुराना मीटर ठीक चल रहा है। नया लगाने का खर्चा भी हमसे ही वसूल रहे हो। यही नहीं रायबरेली रोड, फैजाबाद हाईवे तक हर गाँव-मोहल्ले में यही गुस्सा है। लोग कहते हैं- बिजली हमारा अधिकार है, सौदा नहीं। पॉवर कॉर्पोरेशन के अधिकारी चुप हैं।

रेतिया इलाके में एक उपभोक्ता द्वारा कूच कर फेका गया स्मार्ट प्रीपेड मीटर।

प्रीपेड मीटर की प्रमुख खामियाँ

- **बिना नोटिस बिजली कटना :** बैलेंस खत्म होते ही मीटर स्वत: काट देता है। कोई चेतावनी या ग्रेस पीरियड नहीं।
- **रिचार्ज की परेशानी :** गाँव-कस्बों में नेटवर्क कमजोर। ऐप क्रैश, ऑनलाइन पेमेंट फेल। रात में या त्योहार पर पैसे खत्म हो जाए तो मुसीबत।
- **गरीबों पर बोझ :** मासिक बिल की बजाय रोज-रोज रिचार्ज। छोटे-छोटे अमाउंट में भी सर्विस चार्ज लगता है। मजदूर और किसान परिवार सबसे ज्यादा प्रभावित।
- **तकनीकी खराबी :** मीटर में गड़बड़ी, रीडिंग गलत, स्वत: कटना। रिपेयर में महीनों लग जाते हैं।
- **अस्पताल-स्कूल में खतरा :** मशीनें, पंखे, लाइटें अचानक बंद। मरीजों और छात्रों की मुसीबत।

पॉवर कॉर्पोरेशन का दावा

जिले के 1.12 लाख घरों में इंस्टॉलेशन पूरा, उपभोक्ता घबराए नहीं

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : जिले में स्मार्ट प्री पेड मीटर लगाने का अभियान तेजी पकड़ चुका है। पॉवर कॉर्पोरेशन के मुख्य अभियंता बृजेश कुमार ने बताया कि अयोध्या जिले में कुल 5.03 लाख उपभोक्ताओं में से अब तक 1.12 लाख घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। जल्द ही सभी पुराने मीटर बदलने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि पूरे मंडल के करीब 20 लाख उपभोक्ताओं को इस नई व्यवस्था से घबराने की जरूरत नहीं है। जिनके पास कनेक्शन नहीं है वह नया लगवा सकते है। पुराने उपभोक्ताओं का मीटर खुद बदल देगा। जिनका पुराना बकाया है वह उसे जमा करके नया मीटर लगवा लें। स्मार्ट मीटर प्रणाली पूरी तरह पारदर्शी और सटीक है। प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं को समय से रिचार्ज कराना होगा, अन्यथा तीन दिन बाद कनेक्शन स्वत: कट जाएगा, जबकि पोस्टपेड में 30 दिन की मोहलत मिलती है। उनका कहना है कि पूरे अयोध्या जोन में 55 हजार 192 उपभोक्ताओं जिनका कुल बकाया लगभग 40 करोड़ था। उसमें से 13 मार्च से 28 मार्च तक अपने कुल बकाया भुगतान 28 करोड़ जमाकर स्मार्ट मीटर लगवा लिया है। बाकी उपभोक्ताओं से भी अपील है कि अपने बकाया विद्युत बिल का भुगतान कर स्मार्ट मीटर लगवा लें इससे उन्हें बाकी सुविधाएं मिलने लगेगी। मीटर तेज चलने की शिकायतों पर कहा कि हमने कुल उपभोक्ताओं के हिसाब से पांच प्रतिशत के यहां जांच मीटर लगवाया। जिसकी जांच में रीडिंग समान पाई गई और बिल सही है। विभाग का दावा है कि स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को सटीक बिलिंग, खपत पर नियंत्रण और बेहतर सुविधा उपलब्ध कराएगा।

- **पारदर्शी बिलिंग और बेहतर निगरानी से उपभोक्ताओं को होगा लाभ : मुख्य अभियंता**



बिजली की दरों में नया बदलाव

घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली बुधवार से सस्ती हो गई है। शहरी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट मुफ्त बिजली खपत करने के बाद रात 11 से सुबह 9 बजे तक 3.87 रुपये, सुबह 9 से शाम 5 बजे तक 2.39 रुपये और शाम 5 से रात 11 बजे तक 4.61 रुपये प्रति यूनिट शुल्क लग रहा है। 31 मार्च तक 125 यूनिट मुफ्त बिजली की खपत के बाद 5.27 रुपये प्रति यूनिट शुल्क देना पड़ रहा था इसी तरह, ग्रामीण उपभोक्ताओं को बुधवार से स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर 25 पैसे प्रति यूनिट की छूट मिलेगी। यह छूट 125 यूनिट मुफ्त बिजली के बाद जो अधिक बिजली खपत होगी, उस पर मिलेगी। अभी बिजली बिल में तीन शुल्क शामिल हैं। पहला ऊर्जा, दूसरा फिक्सड और तीसरा विद्युत शुल्क छह प्रतिशत है। यदि आप स्वीकृत भार से अधिक लोड का उपयोग करते हैं तो अलग से जुर्माना लगता है।

ऑनलाइन-ऑफलाइन बिल का भुगतान नहीं होगा

आज शुक्रवार रात्रि 10 बजे से चार अप्रैल दोपहर 2 बजे तक उपभोक्ता पोर्टल, यूपीपीसीएल कंज्यूमर एप सेवाएं पूरी तरह से ठप रहेंगी। इससे कोई भी उपभोक्ता सेवाएं उपलब्ध नहीं होगी। प्रदेश भर में कोई भी उपभोक्ता ऑनलाइन और ऑफलाइन बिल का भुगतान नहीं कर पाएगा। इस 16 घंटे के दौरान आरएमएस बिलिंग प्रणाली का मेंटेनेंस किया जाएगा।

प्रीपेड मीटर लगवाया तो बिजली का बिल तो कम हो गया, लेकिन हर महीने लाइट-फैन चलते-चलते अचानक बिजली चली जाती है। बीच में बैलेंस खत्म होने का डर हर वक्त सताता रहता है। – **ऋचा अग्रवाल।**

रात को 11 बजे मीटर का बैलेंस खत्म हो गया और पूरे घर में अंधेरा छा गया। बच्चे डर गए, बीवी चिल्लाई। प्रीपेड मीटर ने तो हमारी जिंदगी को नर्क बना दिया है।
-अनीता शुक्ला।

प्रीपेड मीटर में रिचार्ज करवाने के लिए हर बार लाइन लगानी पड़ती है। ऑफिस से आते ही दौड़कर रिचार्ज कराना पड़ता है वरना घर अंधेरा हो जाता है। यह सुविधा है या सजा?
-मनोज मौर्या।

प्रीपेड मीटर लगाने के बाद से बिजली की कटौती तो पहले से ज्यादा हो गई है। एक-एक यूनिट का हिसाब रखना पड़ता है। हम उपभोक्ता हैं या विभाग के गुलाम?
-अमरेंद्र चौहान।

न्यूज ब्रीफ

राशन वितरण 6 से

अयोध्या, अमृत विचार : जिला आपूर्ति अधिकारी बृजेश मिश्रा ने जिले में अन्त्योदय एव पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को माह अप्रैल में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत नियमित खाद्यान्न (गेहूं चावल) का नि:शुल्क वितरण की तिथि जारी कर दी है। जारी सूचना के अनुसार माह अप्रैल में छह से 20 अप्रैल तक वितरण सम्पन्न होगा। उन्होंने बताया कि जिन कार्डधारकों का ई-पॉस मशीन पर अंगूठा नहीं लगता है. वह माह की 20 तारीख को पहचान पत्र (आधार कार्ड) तथा मोबाइल के साथ सम्बन्धित कोटे की दुकान पर जाकर मोबाइल ओटीपी के माध्यम से अपना खाद्यान्न प्राप्त कर सकते हैं।

भजनों से प्रभु श्रीराम की स्तुति

अयोध्या, अमृत विचार : दिल्ली से शुक्रवार को अयोध्या आए प्रसिद्ध गायक महावीर शर्मा ने सात सदस्यीय टोली के साथ श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर की यज्ञशाला में भजन के माध्यम से प्रभु श्रीराम की स्तुति की। तीर्थ क्षेत्र के आयोजन सहयोगी शैलेन्द्र शुक्ल ने बताया कि भजन स्तुति के बाद सभी ने भगवान श्रीराम का दर्शन-पूजन किया।

युवक ने ग्राउंडमैन व उसकी पत्नी को पीटा, केस

अयोध्या, अमृत विचार। अनधिकृत तरीके से स्टेडियम में घूम रहे युवक से जब प्रवेश कार्ड मांगा तो आरोपी ने ग्राउंडमैन व उसकी पत्नी को मारा-पीटा। ग्राम लखोरी पोस्ट सोहावल थाना रौनाही निवासी पीड़ित गोविंद लाल गुप्ता डॉ. भीमराव अम्बेडकर राज्य विद्यालयी क्रीड़ा संस्थान में ग्राउंडमैन है। वहीं सरकारी आवास में रहता है। पुलिस को दी तहरीर में उसने बताया कि दो अप्रैल की रात करीब 8 बजे वो पत्नी नेहा गुप्ता संग ग्राउंड में टहल रहे थे। इस दौरान वहां हाजीपुर बरसेडी थाना रौनाही निवासी शुभांगम त्रिपाठी ग्राउंड में रनिंग के लिए आया। जिससे मैंने कार्ड मांगा तो उसने गाली देते मुझे मारना-पीटना शुरू कर दिया। पत्नी बचाने आई तो उसे भी मारा-पीटा। आरोप लगाया कि धमकी देते हुए कहा कि अगर कही शिकायत की तो तुम दोनों को जान से मार दूंगा। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्जकर विवेचना शुरू कर दी गई है।

नजूल की भूमि के कब्जों पर चला डीएम का बुलडोजर

डीएम के निर्देश पर सुभाषनगर में नजूल भूमि से अवैध कब्जा हटाता बुलडोजर।

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे के निर्देश पर मोहल्ला सुभाषनगर परगना हवेली अवध, तहसील सदर में स्थित नजूल भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया है।

जिला प्रशासन ने जानकारी दी कि चक संख्या-10, फैजाबाद में कुल 23 गाटों की नजूल भूमि, जिसका कुल क्षेत्रफल 7547 वर्ग मीटर है, पूरी तरह राज्य सरकार के स्वामित्व में है। इसमें से 2-8-17-19 क्षेत्रफल की भूमि पूर्व में राधेश्याम अग्रवाल ट्रस्ट को 30 वर्ष के लिए वाटिका व आवासीय पट्टे पर दी गई थी, जो अब पट्टे की अवधि समाप्त होने के बाद पुनः नजूल विभाग/राज्य सरकार के अधिकार में आ गई है। यह भूमि चौक से फतेहगंज मार्ग की पूरब दिशा में 50 मीटर की दूरी पर स्थित है। प्रशासन ने बताया कि कुछ व्यक्तियों द्वारा इस सरकारी भूमि पर अवैध रूप से प्लाटिंग कर क्रय-विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा था। जिलाधिकारी के निर्देश पर उक्त अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कराकर पूरी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करा लिया गया है।

जिला प्रशासन ने लोगों को सूचित किया है कि यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त नजूल भूमि से संबंधित कूटरचित, मनगढ़ंत या मिथ्या दस्तावेजों के आधार पर कोई विलेख (खरीद-बिक्री दस्तावेज) तैयार करता है, तो ऐसा विलेख प्रारंभ से ही शून्य माना जाएगा। साथ ही, फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

- **नगर के सुभाषनगर मोहल्ला में चलाया गया कार्रवाई का हंटर**

समाज में कथाएं भी हुई महंगी : चंपतराय

- **बोले, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव, दो दिवसीय एकल अभियान संस्कार शिक्षा प्रतियोगिता का किया उद्घाटन**

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार: आज समाज में कथाएं महंगी हो गई हैं, धन संपन्न लोग ही इसका आयोजन करा पा रहे हैं। इसलिए विहिप की जो कथाकार निर्मित करने की योजना है, इसी के चलते वनवासी क्षेत्र के समाज तक भी राम नाम का गुणगान कर पा रहे हैं। ये बातें शुक्रवार को एकल अभियान संस्कार शिक्षा की ओर से दो दिवसीय राष्ट्रीय सत्संग प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र के दौरान श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पतराय ने कहीं।

उन्होंने कहा कि भारत का समाज कभी भी राजसत्ता के अधीन नहीं रहा। जो समाज शत-प्रतिशत राजसत्ता पर निर्भर हो जाता है, उस समाज की मृत्यु निश्चित है। हम पराधीन रहे, लेकिन पराधीनता कभी स्वीकार नहीं की, लगातार लड़ते रहे। सरकार अपना काम करती है, लेकिन समाज का भी कुछ कर्तव्य होता है। उन्होंने मंदिर निर्माण की यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि राम मंदिर समाज के योगदान से बना है। इसलिए यहां किसी का नाम नहीं लिखा जाएगा।

ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने कहा कि इस प्रतियोगिता में देश भर के विभिन्न प्रांतों से 22 सत्संग मंडलियां भाग ले रहीं हैं। एक सत्संग मंडली में 10-15 सत्संगी शामिल होंगे। दो दिवसीय राष्ट्रीय सत्संग प्रतियोगिता में 231 सत्संगी प्रतिभागी होंगे जबकि 500 प्रतिनिधि देशभर से भाग लेने अयोध्या पहुंचे है। जिसमें असम, बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल, जम्मू, उत्तराखंड, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, आदि राज्यों समेत नेपाल राष्ट्र की सत्संग मंडलियां शामिल हैं। कार्यक्रम का संचालन दिलेश्वर ने किया।

अयोध्या में कथाकार प्रशिक्षण केंद्र की योजना में अहम भूमिका निभाने वाले संतों व कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। जिसमें श्याम नारायण दुबे, महंत रामशंकर दास रामायणी, महंत रामऔतार दास, महंत कमलादास रामायणी, डॉ. सुनीता शास्त्री शामिल रहे। डॉ.सुनीता शास्त्री ने कहा कि कथाकार प्रशिक्षण केंद्र योजना से श्रीराम की कथा वनवासी क्षेत्रों तक भी पहुंची है। गांव-गांव, घर-घर कथाकार तैयार किए गए जो अब पूरे देश में श्रीरामकथा को प्रसारित कर रहे हैं।इस दौरान नंद किशोर दास, महेश मित्तल, डॉ. निर्मला पेरीवाल, मंजू केडिया, विजय केडिया, महानगर संघ चालक अयोध्या डॉ. विक्रमा प्रसाद पांडेय सहित अन्य मौजूद रहे।

एकल अभियान संस्कार शिक्षा प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए ट्रस्टी चम्पतराय, डॉ. अनिल मिश्रा और अन्य लोग। अमृत विचार

युवक की हत्या में फुफेरे भाई को आजीवन कारावास

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार : आशनाई के चक्कर में मामा के लड़के की चाकू से गोदकर हत्या कर देने और सबूत मिटाने के लिए शव शारदा सहायक नहर में फेंक देने के मामले में कोर्ट ने फुफेरे भाई को दोषी पाते हुए आजीवन कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। उस पर 50 हजार रुपये जुर्माना भी हुआ है। फैसला अपर जिला जज सुरेंद्र मोहन सहाय की अदालत से शुक्रवार को हुआ।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ज्ञानेश चंद्र पांडे, रोहित पांडे तथा वादी के अधिवक्ता सईद खान ने बताया कि घटना 11 सितंबर 2022 की है। थाना कैंट के तोगपुर सआदतगंज निवासी अमित कुमार सिंह लखनऊ फैजाबाद हाईवे स्थित गोयल हाइट अपार्टमेंट से गोरखपुर के लिए अपने परिवार से बता कर निकला थे। उसकी लाश दूसरे दिन में पूरा कलंदर थाना क्षेत्र के ददेरा गांव के शारदा सहायक नहर के पुल से मिली थी। विवेचना में पता चला कि अमित सिंह की पत्नी से अमित के फूफा का लड़का गौरव सिंह बात करता था। इसकी जानकारी अमित सिंह को हुई तो उन्होंने उसका मोबाइल छीन लिया। इसी से नाराज हो गौरव सिंह ने अमित की हत्या की योजना बनाई। ऑनलाइन चाकू का आर्डर दिया। इसके बाद अमित को कार से कपासी गांव के पास नहर की पुलिया पर ले गया। वहां उसकी चाकू से गोद कर हत्या कर दी और लाश शारदा सहायक नहर में फेंक दी। इसकी पुष्टि विवेचना में हुई। इसकी रिपोर्ट मृतक के बड़े भाई रोहित सिंह ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज कराई थी। विवेचना में गौरव सिंह का नाम प्रकाश में आने पर उसे गिरफ्तार किया गया और उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया। सबूत के आधार पर कोर्ट ने दोषी पाते हुए सजा दी।

112.27 लाख से होगा साईं आश्रम खोदेपुर का सौंदर्यीकरण

बारुन, अयोध्या, अमृत विचार। विकास खंड मिल्कीपुर के ग्राम पंचायत मंजनाई स्थित सत्य साईं दाता आश्रम खोदेपुर के सौंदर्यीकरण के लिए पर्यटन विभाग ने 112.27 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। इससे आश्रम में यात्री निवास, सुलभ प्रसाधन, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, बेंच समेत अन्य कार्य कराए जाएंगे। गांव के पूर्व प्रधान पवन यादव ने बताया कि उनकी मांग पर रुदौली विधायक रामचंद्र यादव के विशेष प्रयास से पर्यटन विभाग ने इस परियोजना को मंजूरी दी है। बताया कि मंजनाई गांव स्थित सत्य साईं दाता आश्रम खोदेपुर प्राचीनतम गद्दियों में शामिल है। यहां से ही सत्य साईं दाता पंथ की शुरुआत लगभग 312 वर्ष पूर्व हुई थी। इस पंथ के प्रवर्तक मोहनशाह दाता जो कि गांव के ही निवासी थे।

एक और आरओबी निर्माण की मंजूरी

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार : योगी सरकार ने अयोध्या-रायबरेली मार्ग पर यातायात को सुगम बनाने और रेलवे समपार पर लगने वाले जाम से स्थायी राहत दिलाने की दिशा में एक बड़ी सौगात दी है। अकबरपुर-अयोध्या-बाराबंकी रेल सेक्शन के किमी. 975/20-22 पर स्थित समपार संख्या 125सी पर दो लेन रेल उपरिगामी सेतु (आरओबी) का निर्माण कार्य शुरू होने जा रहा है। इस परियोजना को राज्यपाल ने भी अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है।

परियोजना की कुल अनुमोदित लागत लगभग 96.82 करोड़ रुपये है। इसमें मुख्य सेतु (रेलवे भाग) की लागत 3528.19 लाख रुपये, यूटिलिटी शिफ्टिंग 52.27 लाख रुपये, भूमि अधिग्रहण 1372.85 लाख रुपये और पहुंच मार्ग आदि की लागत 4728.42 लाख रुपये शामिल है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में पहले चरण में 2153.73 लाख रुपये की राशि जारी कर दी गई है। यह परियोजना उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड को सौंपी गई है। परियोजना प्रबंधक रोहित अग्रवाल इसके क्रियान्वयन की जिम्मेदारी संभालेंगे।

सम्पार संख्या 125सी पर वर्तमान में भारी वाहनों और आम यातायात के कारण अक्सर जाम लगता है, जिससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों को काफी परेशानी होती है। नया दो लेन रेल उपरिगामी सेतु बनने से रेल और सड़क यातायात पूरी तरह अलग हो जाएगा। इससे न केवल जाम की समस्या समाप्त होगी, बल्कि अकबरपुर-अयोध्या-बाराबंकी रेल खंड पर ट्रेनों का संचालन भी अधिक सुगम और सुरक्षित हो जाएगा। जानकारी के अनुसार लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता (सेतु) के पत्र के आधार पर राज्यपाल ने इस परियोजना को प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होने की उम्मीद है।

- **अयोध्या-रायबरेली मार्ग पर समपार संख्या 125सी पर होगा 96.82 करोड़ से होगा दो लेन सेतु निर्माण**

मसौधा के शिवदासपुर में किसानों से बातचीत करते जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे।

डीएम ने किया किसानों से संवाद

अयोध्या, अमृत विचार : प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत रबी मौसम 2025-26 में संचालित फसल कटाई प्रयोग के तहत जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे द्वारा तहसील सदर के विकासखंड मसोधा स्थित ग्राम शिवदासपुर में गेहूं की फसल का स्थलीय निरीक्षण किया गया। किसानों से संवाद कर फसल की स्थिति, उत्पादन तथा योजना से संबंधित लाभों की जानकारी भी प्राप्त की। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि फसल कटाई प्रयोग पूरी पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ संपन्न कराए जाएं। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि सभी प्रयोगों का डेटा समयबद्ध तरीके से सीसीई एग्री ऐप के माध्यम से अपलोड किया जाए, जिससे किसानों को योजना का लाभ शीघ्र एवं सटीक रूप से मिल सके।

हाईपॉवर जांच कमेटी ने मेडिकल कॉलेज में डाला डेरा

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार : बिना बिल-वाउचर वाली दवाओं के विवादास्पद मामले में हाईपॉवर जांच कमेटी ने अयोध्या मेडिकल कॉलेज में डेरा डाल दिया है। गोसाईगंज विधायक अभय सिंह की शिकायत पर राज्य मंत्री चिकित्सा शिक्षा मयंकेश्वर शरण सिंह के निर्देश पर गठित दो सदस्यीय टीम शुक्रवार को दोपहर करीब 12 बजे मेडिकल कॉलेज पहुंची और साढ़े पांच घंटे तक लगातार पूछताछ की। टीम ने पहले दिन प्राचार्य डॉ. डीएस मर्तोलिया, सीएमएस डॉ. अरविंद सिंह, मेडिसिन परचेज अधिकारी डॉ. अरविंद कुमार, सह प्रभारी डॉ. लक्ष्मण और मामले की शिकायत करने वाले फार्मासिस्ट योगेश मिश्रा से पूछताछ की।



- **बिना बिल वाउचर दवा मामले में प्राचार्य समेत पांच से हुई पूछताछ**
- **राज्य मंत्री मयंकेश्वर सिंह के निर्देश पर पहुंची टीम ने जुटाए साक्ष्य**

जांच टीम का नेतृत्व मेरठ के लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरसी गुप्ता कर रहे हैं। टीम में कानपुर मेडिकल कॉलेज के एफसी को शामिल किया गया है। प्रमुख सचिव स्वास्थ्य को 15 दिनों के अंदर रिपोर्ट सौंपने व दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। डॉ. आरसी गुप्ता ने बताया कि पहले दिन कुछ महत्वपूर्ण पत्रावलियां खंगाली गईं और कई दस्तावेज कब्जे में ले लिए गए हैं। सभी संबंधित अधिकारियों को लिखित बयान देने के लिए कहा गया है। बताया कि शनिवार दोपहर तक शेष पूछताछ पूरी कर सभी के लिखित बयान ले लिए जाएंगे। इसके बाद टीम अपनी रिपोर्ट तैयार कर प्रमुख सचिव स्वास्थ्य को सौंप देगी। कहा कि जांच पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से की जा रही है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने जांच में पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया है।

Kanak Kids International School
Nursery to Class 5th (English Medium)
Add.: ITI Chauraha Punch Kosi Prikarma Marg Ram Path - Ayodhya U.P.
Gmail ID - kanakkidsayo@gmail.com
Mob.: 7905181449
Admission Open

Dr. Sanjay Tiwari (Chairman)
Saryu International School
Class 1st to 12th (CBSE NEW DELHI, Affiliation No.: 2134121)
Add.: Raghupati Nagar, Manjha Barehta, Bypass Ayodhya U.P.
Gmail ID- internationalsaryu@gmail.com
Mob.: 7905193849

न्यूज ब्रीफ

डॉ. अलका सिंह को मिली पीएचडी

सुलतानपुर, अमृत विचार : शहर के बढैयावीर निवासी डॉ. अलका सिंह को कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में पीएचडी की उपाधि पीके यूनिवर्सिटी, शिवपुरी (मध्य प्रदेश) से प्राप्त हुई है। उन्होंने डॉ. रविंद्र सिंह यादव के निर्देशन में कैंसर रोधी एजेंटों के सगणकीय मॉडल पर शोध किया। केएनआईटी में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सिंह की इस उपलब्धि से जनपद में खुशी है और लोगों ने बधाई दी।

आरोपित को राहत

सुलतानपुर, अमृत विचार : अखंडनगर थाना क्षेत्र के एक गांव से तीन माह पूर्व नाबालिग लड़की के अपहरण व दुष्कर्म के मामले में आरोपी अखंड प्रताप उर्फ सन्नी को पॉक्सो कोर्ट जज नीरज श्रीवास्तव ने जमानत दी है। बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने कहा कि आरोपी पर पेशबंदी में केस दर्ज कराया गया। बीते साल 20 दिसंबर की घटना में आरोपी पर पीड़िता के परिजन ने केस दर्ज कराया था। कोर्ट ने अभियोजन और बचाव पक्ष के तर्क सुनने के बाद आरोपी को सशर्त जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है

10 वाहनों का चालान

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया। प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र विक्रम सिंह के नेतृत्व में कस्बे के पटेल चौक पर बिना हेलमेट बाइक चला रहे लोगों को रोककर सघन जांच की गई। अभियान के दौरान नियमों की अनदेखी करने वालों पर सख्ती दिखाते हुए बिना हेलमेट चल रहे 10 दोपहिया वाहनों का चालान किया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि यातायात नियमों के पालन को लेकर आगे भी इस तरह के अभियान लगातार चलाए जाएंगे।

किशोरी को भगाने का आरोप, केस दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की 17 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि किशोरी बुधवार रात करीब 10 बजे घर से बाहर निकली थी, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटी। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। किशोरी की मां ने आजमगढ़ जिले के अहिरौली थाना क्षेत्र के रजबपुर गांव निवासी अमित कुमार पर बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

भाजपा एमएलसी गोविंद समेत चार आरोपियों ने कोर्ट में किया सरेंडर

एमएलसी समेत सात आरोपियों पर पूर्व खनन मंत्री का पुतला दहन का है आरोप

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः पूर्व खनन मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के पुतला दहन प्रकरण में शुक्रवार को अहम घटनाक्रम सामने आया। मामले के आरोपी भाजपा एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ल, सुधांशु शुक्ल, काशी प्रसाद तिवारी व रश्मि सिंह ने एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट में सरेंडर कर जमानत की अर्जी दाखिल की, जिस पर सुनवाई करते हुए विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत ने चारों आरोपियों की जमानत मंजूर कर रिहा कर दिया। अदालत ने अगली सुनवाई की तिथि 13 अप्रैल निर्धारित की है।

विशेष लोक अभियोजक कालिका प्रसाद मिश्र ने बताया अमेठी में दरोगा आनंद भूषण बेलदार द्वारा 25 फरवरी 2014 को मुकदमा दर्ज कराया गया था। विवेचना के बाद पुलिस ने एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ल सहित सात आरोपियों रश्मि सिंह, काशी प्रसाद, सुधांशु शुक्ल, वेद प्रकाश पाण्डेय, मानवेंद्र सिंह और सदाशिव पाण्डेय के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल की थी।

पूर्व मंत्री पर दर्ज केस में जमानत पर सुनवाई आज

संवाददाता, सुलतानपुर : अखंड नगर थाने में दर्ज जानलेवा हमला व फायरिंग के मामले में जेल में निरुद्ध आरोपित आदित्य प्रताप सिंह व अभिषेक प्रताप सिंह की नियमित जमानत तथा अरुण सिंह व हलचल तिवारी की अग्रिम जमानत अर्जी पर आज सुनवाई होगी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने बताया मामले की सुनवाई जिला जज सुनील कुमार की अदालत में होनी सुनिश्चित हुई है। मामला कल्याणपुर गांव के निवासी जिलाजीत यादव द्वारा लगाए गए आरोपों से जुड़ा है, जिसमें परिवार पर जानलेवा हमला व फायरिंग किए जाने की बात कही गई है। पुलिस पूर्व मंत्री समेत कई आरोपितों को गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेज चुकी है।

जानलेवा हमले में गिरफ्तारी वारंट जारी

संवाददाता, सुलतानपुर : थाना बंधुआ कला क्षेत्र के पूरे शीतल मझना में एक साल पूर्व हुए जानलेवा हमले के मामले में आरोपी मोहित पांडेय के खिलाफ अदालत में पेशी पर गैरहाजिर रहने के कारण जिला जज की अदालत ने गैर-जमानती वारंट जारी करने का आदेश दिया है। डीजीसी क्रिमिनल राम अचल मिश्र के अनुसार 31 जनवरी की शाम दुर्गेश यादव पर हुए हमले के मामले में उसके पिता रामसहाय ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया था। घटना के अगले दिन पुलिस ने आरोपी को कथित तौर पर घटना में प्रयुक्त तलवार के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जो वर्तमान में जमानत पर है तथा विगत पेशियों में हाजिर न होने से कोर्ट ने गैर जमानतीय वारंट जारी करने का आदेश दिया है।

फर्जी वसीयत व मारपीट मामले में कोर्ट में केस दर्ज

संवाददाता, सुलतानपुर : धनपतगंज थानाक्षेत्र के ग्राम तिवारीपुर निवासी दुखभंजन तिवारी द्वारा दायर फर्जी वसीयत, धोखाधड़ी व मारपीट से जुड़े मामले में अपर सिविल जज (अ.ख.) राधिका राज ने परिवाद के रूप में दर्ज कर लिया है। अदालत ने परिवादी दुखभंजन तिवारी के बयान दर्ज करने हेतु आगामी 28 अप्रैल की तिथि नियत की है। परिवादी के अधिवक्ता अशोक शुक्ल के मुताबिक आरोप है कि विपक्षी अनारपती व प्रेमनारायण ने उसके पिता स्व. दयाराम की फर्जी वसीयत तैयार कर संपत्ति हड़पने का प्रयास किया, साथ ही विरोध करने पर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस द्वारा कार्रवाई न होने पर पीड़ित में कोर्ट की शरण ली थी।

पति-पत्नी समेत तीन पर परिवाद दर्ज

करौंदीकला थाना क्षेत्र के खालिसपुर डड़वा में मारपीट, गाली-गलौज व सरिया-सीमेंट चोरी के मामले में अदालत ने पति-पत्नी सहित तीन लोगों के खिलाफ परिवाद दर्ज करने का आदेश दिया है। परिवादी के वकील रामप्रसाद ने बताया अपर सिविल जज प्रतीक आर्या ने संजय कुमार यादव की अर्जी पर सुनवाई करते हुए परमानन्द यादव, सावित्री व ममता यादव को आरोपित बनाया। मामले में 20 अप्रैल को परिवादी की गवाही होगी।

नवजात की हत्या में आरोपी मां की जमानत अर्जी खारिज

थाना गोसाईंगंज क्षेत्र के नवजात शिशु हत्या मामले में सेशन जज सुनील कुमार की अदालत ने आरोपी मां शहनाज बानो की जमानत अर्जी खारिज कर दी। अदालत ने मामले को गंभीर प्रकृति का मानते हुए जमानत देने से इनकार किया। अभियोजन के अनुसार, 14 अक्टूबर 2025 को कूरेभार थानाक्षेत्र के जमोली निवासी शहनाज बानो अपनी नवजात बच्ची के शव को बाबूगंज नहर में फेंकने जा रही थी, तभी लोगों की सूचना पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। बाद में पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में बच्ची की मृत्यु गला दबाने से होना पाया गया। बचाव पक्ष ने जमानत के समर्थन में तर्क दिया कि एफआईआर में विलंब हुआ है और केस डायरी में केवल पुलिसकर्मी ही गवाह हैं। वहीं, शासकीय अधिवक्ता रामअचल मिश्र ने जमानत का विरोध करते हुए इसे गंभीर अपराध बताया। अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट तथा गवाहों के बयानों के आधार पर यह माना कि प्रथम दृष्टया आरोप गंभीर हैं और जमानत के लिए पर्याप्त आधार नहीं है। फलस्वरूप, आरोपी की जमानत याचिका निरस्त कर दी गई।

गोमती नदी में अधेड़ का शव मिलने से मचा हड़कंप

बल्दीराय, अमृत विचारः बल्दीराय थाना क्षेत्र के रामपुर थुआ गांव स्थित गोमती नदी में एक अज्ञात अधेड़ का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।सूचना पर वलीपुर चौकी इंचार्ज भरत सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार शव की पहचान नहीं हो सकी है। मृतक की उम्र लगभग 40 से 45 वर्ष बताई जा रही है। चौकी इंचार्ज ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को शव के संबंध में कोई जानकारी हो तो मोबाइल नंबर 9454404328 व 9415093679 पर सूचना दें। पुलिस पहचान कराने के प्रयास में जुटी है।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

119 एकड़ में बनेगा इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, मिलेगा रोजगार

- सुलतानपुर विधायक के यूपीसीडा को लिखे पत्र पर मिली स्वीकृति

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः जिले के विकास को नई रफ्तार देने के लिए सुलतानपुर विधायक एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह के प्रयासों से अब इंडस्ट्रियल कॉरिडोर स्थापित होगा। यह परियोजना लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर सरैयापूरे विसेन और ऊंचगांव क्षेत्र में लगभग 119 एकड़ भूमि पर विकसित होगी।

इस संबंध में उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विजय किरण आनंद ने पत्र जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। पत्र में जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित कर नोडल अधिकारी नामित करने और भूमि का मूल्य निर्धारण कराने के निर्देश शामिल हैं। गौरतलब कि अमेठी के अलग जिला बनने के बाद सुलतानपुर में औद्योगिक गतिविधियां लगभग समाप्त हो गई थीं। ऐसे में इस कॉरिडोर की स्थापना को क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। विधायक विनोद सिंह ने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। इस परियोजना से क्षेत्र में बिजली, सड़क और पानी जैसी आधारभूत सुविधाओं का विकास होगा, साथ ही नए उद्योग स्थापित होने से स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।

महर्षि विद्या मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा का हुआ पाठ। ● अमृत विचार

हनुमान जयंती पर किए गए हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ से जागृत हुए आध्यात्मिक भाव

सुलतानपुर, अमृत विचार : हनुमान जयंती के अवसर पर देशभर के महर्षि संस्थानों में एक साथ हनुमान चालीसा का सामूहिक सस्वर पाठ किया गया। केंद्रीय आयोजन भोपाल में ब्रह्मचारी गिरीश जी की उपस्थिति में हुआ, जिसमें हजारों वैदिक पंडित, शिक्षक व छात्र-छात्राएं शामिल हुए। ब्रह्मचारी गिरीश जी ने कहा कि 11 बार सामूहिक पाठ से हनुमान जी के गुणों का चेतना में जागरण संभव है। सुल्तानपुर स्थित महर्षि विद्या मंदिर में भी वैदिक विधि से पाठ हुआ, जहां प्रधानाचार्य जगत नारायण उपाध्याय मुख्य यजमान रहे। अंत में आरती, प्रसाद वितरण और भावातीत ध्यान का अभ्यास किया गया।

ऑटो चालक ने अवैध वसूली का विरोध किया तो कर दी पिटाई

सुलतानपुर, अमृत विचारः ऑटो चालक के साथ मारपीट और अवैध वसूली का मामला सामने आया है। सरवर हुसैन ने कोतवाली नगर में तहरीर देकर बताया कि वह करौंदिया पुल ऑटो स्टैंड पर खड़ा था। आरोप है कि अख्तर नामक व्यक्ति ने नगर पालिका से तय शुल्क से अधिक पैसे की मांग की। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों और डंडे से हमला कर दिया। इतना ही नहीं, कपड़े तक फाड़ दिए गए और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। आरोप लगाया कि आरोपी पहले भी अवैध वसूली करता रहा है। नगर कोतवाल ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

सम्मानजनक पारिश्रमिक नहीं मिलने से पीआडी जवान हताश

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : पीआरडी (प्रांतीय रक्षक दल) जवानों की स्थिति बदहाल होती जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था में अहम भूमिका निभाने के बावजूद इन्हें न तो सम्मानजनक पारिश्रमिक मिल रहा है और न ही समय पर भुगतान। नाम न छापने की शर्त पर कई जवानों ने बताया कि उनसे होमगार्ड की तरह ड्यूटी कराई जाती है, लेकिन बदले में मात्र 500 रुपये प्रतिदिन की दिहाड़ी दी जाती है, वह भी समय से नहीं मिल पाती। जवानों का आरोप है कि ऑनलाइन ड्यूटी व्यवस्था के नाम पर उनका शोषण हो रहा है। कई बार 30 से 40 किलोमीटर दूर ड्यूटी लगा दी जाती है, जिससे आने-जाने में ही आधी से ज्यादा दिहाड़ी खर्च हो जाती है। वहीं, विभिन्न विभागों में ड्यूटी करने के बावजूद भुगतान में महीनों की देरी आम बात हो गई है। जनपद में करीब 425 पीआरडी जवान हैं, जिनमें से लगभग 50 जवान बिना ड्यूटी के घर बैठे रहते हैं। जबकि बाकी जवानों की तैनाती पुलिस विभाग, कस्तूरबा गांधी विद्यालय, बीएसएनएल, पराग डेरी सहित अन्य संस्थानों में की जाती है।जवानों ने बताया कि मार्च माह का भुगतान तो मिल गया, लेकिन फरवरी का मानदेय अभी भी लंबित है। कम दिहाड़ी और भुगतान में देरी के कारण उनके सामने रोजमर्रा के खर्च चलाना भी मुश्किल हो रहा है। पीआरडी जवानों ने आरोप लगाया कि विभाग के कुछ जिम्मेदार लोग ही उनका शोषण कर रहे हैं। शासन से मांग की है कि दिहाड़ी बढ़ाई जाए और समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि वे सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर सकें।

450 जरूरतमंदों तक पहुंचा भोजन

संवाददाता, सुलतानपुर

मरीजों के तीमारदारों को बांटा गया भोजन। ● अमृत विचार

- सेवा में जुटा राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ

अमृत विचारः जनसेवा और मानवता का अनुपम उदाहरण पेश करते हुए जिले की अग्रणी सामाजिक संस्था राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ द्वारा संचालित रसोई के साप्ताहिक कार्यक्रम में गुरुवार की रात को एक बार फिर सैकड़ों जरूरतमंदों के चेहरे खिल उठे। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, जिला चिकित्सालय और रेलवे स्टेशन परिसर में कुल 450 मरीजों, तीमारदारों, यात्रियों व असहाय लोगों को निशुल्क भोजन वितरित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में नवागत सीएमएस डॉ. अविनाश गुप्ता द्वारा भोजन वितरण कर किया गया। उन्होंने संस्था के इस निःस्वार्थ सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि वर्षों से भूखे और जरूरतमंद लोगों को भोजन उपलब्ध कराना अत्यंत प्रेरणादायक पहल है। वहीं रेलवे स्टेशन परिसर में वरिष्ठ टिकट निरीक्षक परतेश्वर सिंह ने जरूरतमंदों को भोजन वितरित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। संघ के अध्यक्ष मेराज अहमद खान के नेतृत्व में देर रात तक चले इस सेवा कार्य में बड़ी संख्या में लोगों ने भोजन प्राप्त कर संतोष और आभार व्यक्त किया। संस्था के संस्थापक निजाम खान ने बताया कि यह सेवा जनसहयोग से निरंतर संचालित हो रही है, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों का सक्रिय योगदान मिल रहा है। इस बार के भोजन में अरहर की दाल, मौसमी सब्जी, रोटी और चावल शामिल रहे।

हंसिया व लाठी से हमला कर युवक को किया घायल

सुलतानपुर, अमृत विचार : सोहगौली गांव निवासी शिव कुमार ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि गुरुवार की रात गांव के जितेन्द्र और उसकी पत्नी अमरावती उनके दरवाजे पर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। देखते ही देखते दोनों ने लाठी और हंसिया से हमला कर दिया। उक्त लोगों के हमले से उसके सिर और आंख के पास गंभीर चोटें आई हैं। शोर सुनकर ग्रामीण इकट्ठा हुए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

श्रीमती सुभद्रा तिवारी महाविद्यालय
पारा कूतूपुर अरसठ, अयोध्या (उ0 प्र0)

आवश्यकता

निम्न विषयों में प्रवक्ताओं की आवश्यकता हेतु, विज्ञान संकाय (बीएससी) के अंतर्गत भौतिक विज्ञान–एक पद, रसायन विज्ञान–एक पद, जंतु विज्ञान– एक पद, वनस्पति विज्ञान– एक पद, गणित– एक पद

योग्यता एवं वेतनमान – यूजीसी/ राज्य विश्वविद्यालय व डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या की परिनियमावली के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 07 दिनों के भीतर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें।

प्रबंधक

फसल तैयार, खतरा बरकरार, आग से जूझते किसान

संवाददाता, सुलतानपुर

जिला मुख्यालय स्थित अग्नि शमन केंद्र।

- संसाधनों के अभाव में बेअसर साबित हो रहा फायर सिस्टम

अमृत विचारः गेहूं की फसल पककर तैयार है और किसान कटाई में जुटे हैं, लेकिन आग की घटनाएं उनकी मेहनत पर भारी पड़ रही हैं। बूंदाबांदी के बावजूद जिले के दर्जनभर से अधिक गांवों में आग लगने से फसलें जल चुकी हैं। हालात यह है कि गांवों के तालाब सूख चुके हैं और कुएं पहले ही खत्म हो गए हैं, जिससे आग बुझाना और कठिन हो गया है। अग्निशमन विभाग की स्थिति भी चिंताजनक है। जिले की पांच तहसीलों में से केवल जयसिंहपुर और कादीपुर में ही फायर स्टेशन संचालित हैं। सदर तहसील जिला मुख्यालय के भरोसे जबकि लंभुआ में निर्माण कार्य जारी है। वही बल्दीराय में अभी तक शुरुआत भी नहीं हो सकी। जिला मुख्यालय पर सीमित संसाधनों के साथ एक बड़ी और दो छोटी फायर गाड़ियां ही उपलब्ध हैं, जबकि संकरी गलियों के लिए मात्र दो बाइक हैं।

फायर कर्मियों की संख्या भी कम है, जिससे समय पर मदद पहुंचना मुश्किल हो रहा है। जयसिंहपुर स्थित अग्नि शमन केंद्र पर छोटी बड़ी दो गाड़ियां ही है प्रभार चालक के ऊपर है। जबकि इस अग्नि शमन केंद्र पर जयसिंहपुर, कूरेभार व दोस्तपुर विकास खंड की जिम्मेदारी है। कादीपुर स्थित अग्नि शमन केंद्र पर भी छोटी बड़ी दो ही गाड़ियां है, जिन पर कादीपुर सहित करौंदी कला व अखण्ड नगर विकास खंड की जिम्मेदारी है। बल्दीराय तहसील में अस्थाई रुप बलीपुर पुलिस चौकी पर एक गाड़ी खड़ी की जाती है। वही लंभुआ तहसील क्षेत्र में कोई भी व्यवस्था नहीं है आग लगने पर अन्य तहसीलों से टीम भेजनी पड़ती है। जबकि लंभुआ व कोइरीपुर को नगर पंचायत का दर्जा प्राप्त है।ऐसे में साफ है कि किसानों को फिलहाल अपने संसाधनों के भरोसे ही रहकर आग से जूझना पड़ेगा। अग्नि शमन अधिकारी द्वितीय केतन कुमार ने बताया कि सीमित संसाधनों से ही आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है।

जुर्माने से बचने के लिए नहीं जीवन के लिए पहनें हेलमेट

- जाम की समस्या से निजात के लिए जारी हुआ हेल्पलाइन नंबर

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः पुलिस ने बढ़ते सड़क हादसों को देखते हुए आम जनता से हेलमेट पहनने की विशेष अपील की है। सड़क सुरक्षा सिर्फ नियम नहीं बल्कि जीवन की सुरक्षा से जुड़ा है।

जारी आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2023 में 83, वर्ष 2024 में 96 और वर्ष 2025 में 101 लोगों की मौत सड़क हादसों में हुई है। जिनमें अधिकांश सड़क हादसों में हुई मौत हेलमेट न पहनना बड़ी वजह रहा है। जिसके चलते पुलिस ने दोपहिया वाहन चालकों से अपील की है कि वे स्वयं हेलमेट पहनें और पीछे बैठने वाले को भी हेलमेट अवश्य पहनाएं। साथ ही यातायात नियमों का पालन करने पर भी जोर दिया गया है। पुलिस का कहना है कि एक छोटी सी लापरवाही पूरे परिवार के लिए भारी पड़ सकती है। पुलिस जागरूकता अभियान के चला लोगों को सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रेरित कर रही है, ताकि हादसों में कमी लाई जा सके। एसपी चारू निगम ने शुक्रवार को यातायात समाधान नंबर 8957348200 जारी किया है। एसपी के मुताबिक सड़क जाम से निजात दिलाने के लिए नंबर जारी किया गया है। जारी नंबर पर सूचना मिलते ही डायल 112 के माध्यम से पुलिस को त्वरित कार्रवाई के लिए भेजा जाएगा।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
मैं **प्रदीप कुमार अवस्थी** (सपत्नीक) **पुत्र स्व. करुणा शंकर अवस्थी, निवासी– M.E. 280 मिनी एमआईजी हेमन्त विहार बर्रा–2, कानपुर,** मैं अपने पुत्र अभिषेक दीप अवस्थी एवं पुत्रवधू शिवानी अवस्थी के आचरण एवं गलत व्यवहार के कारण सभी प्रकार से सम्बन्ध/विच्छेद करता हूँ। भविष्य में उनके लेन/देन/किसी कुकृत्य से हमारा कोई सरोकार नहीं होगा।

सूचना
मैने अपना नाम Nida Juned Kamar Sayyad से बदलकर Sayyeda Nida Fatima कर लिया है। मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। Nida Juned Kamar Sayyad W/O Aashiqur Rahman, R/O 655A/2/1536, Adil Nagar, Near Presidency Public School, Vikas Nagar, District - Lucknow, Uttar Pradesh-226022-

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा आधार कार्ड पैन कार्ड सहित हाई स्कूल से लेकर सभी शिक्षण अभिलेखों में मेरा नाम राम मोहन सिंह दर्ज है लेकिन किसी त्रुटिवश पासपोर्ट में मेरा नाम राम मोहन चौहान दर्ज हो गया है। मुझे मेरे सही नाम राम मोहन सिंह के नाम से जाना व पहचाना जाए। **राम मोहन सिंह पुत्र बलराम सिंह चौहान निवासी डी.एस.सी. एल शुगर लोनी आंझी शाहाबाद हरदोई**

सूचना
मेरे पुत्र का नाम भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी संख्या 218505743 में त्रुटिवश श्रेय सोनी व जन्म तिथि 04–09–2008 दर्ज है। जबकि आधारकार्ड व अन्य अभिलेखों में शौर्य सोनी व जन्म तिथि 04–09–2010 दर्ज है, जो सही है। अब मेरे पुत्र को शौर्य सोनी व जन्म तिथि 04–09–2010 के नाम से जाना पहचाना व भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी में दर्ज किया जाए। **सुरेश कुमार सोनी पुत्र देव नारायण निवासी ग्राम व पोस्ट खीरो, थाना खीरो, तहसील लालगंज, जनपद रायबरेली**

सूचना
मैंने अपने पुत्र मीसम अब्बास व पुत्रवधू साईमा जैदी के गलत आचरण व अपराधिक कृत्यों के चलते दोनों को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में दोनों के कृत्यों या लेन देन से मेरा कोई सरोकार नहीं होगा। **अजादार हुसैन जैदी पुत्र अबरार हुसैन जैदी निवासी – मोहल्ला कोट कला कस्बा पिहानी हरदोई**

सूचना
पहले मेरा नाम MOHAMMAD ALTAF था अब मैंने बदलकर अपना नाम MO ALTAF रख लिया है अब भविष्य में मुझे MO ALTAF के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O- BARKAT ALI R/O- 226/84, BAGH MOULVI ANWAR, POST-CHOWK, THANA WAZIRGANJ, LUCKNOW

सूचना
पहले मेरा नाम HINA WAZID था अब मैंने बदलकर अपना नाम HINA WAJID रख लिया है अब भविष्य में मुझे HINA WAJID के नाम से जाना व पहचाना जाये। W/O- WAZID HASAN R/O- E-5/134, AVAS VIKAS COLONY, RAJAJIPURAM, LUCKNOW

सख्ती मार्च में 8 दोषियों को उम्रकैद तो दुष्कर्मी को हुई 20 साल की सजा, कोर्ट की कार्यशैली से अपराधी पस्त

अपराधियों पर शिकंजा, मार्च में फैसलों की बौछार

अशोक शुक्ल, सुलतानपुर

अमृत विचारः जनपद की जिला एवं अधीनस्थ अदालतों ने मार्च 2026 में कई चर्चित आपराधिक मामलों में कड़ा रुख अपनाते हुए दोषियों को सख्त सजा सुनाई। आंकड़ों के अनुसार, केवल चार प्रमुख मुकदमों में 8 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा दी गई, जबकि दुष्कर्म के एक मामले में आरोपी को 20 वर्ष का कठोर कारावास सुनाया गया।

सबसे प्रमुख मामलों में जयसिंहपुर थाना क्षेत्र के हत्या व हत्या के प्रयास से जुड़े केस में बृजेश वर्मा व शैलेन्द्र सिंह को अदालत ने आजीवन कारावास के साथ 85-85 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया। वहीं कोतवाली नगर के चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड के मामले में अजय नारायण को उम्रकैद व 1.20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसी क्रम में हत्याकांड में दीपक सिंह को भी आजीवन कारावास व 1.20 लाख रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया। कोतवाली नगर के ही चर्चित मामले में बदूद, वसीम व आफताब को अदालत ने आजीवन कारावास के साथ 2.12 लाख रुपये का अर्थदंड सुनाया।

डीजीसी क्रिमिनल राम अचल मिश्र।

लम्भुआ थाना क्षेत्र के दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट से जुड़े मामले में सूरज कोरी को 20 वर्ष के कठोर कारावास व 28,500 रुपये के जुर्माने से दंडित किया गया। वहीं गोसाईंगंज क्षेत्र के आत्महत्या के दुष्प्रेरण के एक मामले में पंचबहादुर को 5 वर्ष के कठोर कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। इन मामलों में चिकित्सक हत्याकांड, शादाब हत्याकांड तथा पीएसी जवान व उसके पुत्र की हत्या जैसे चर्चित प्रकरण शामिल रहे, जिन पर न्यायालय ने प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई की। जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) राम अचल मिश्र ने बताया कि सनसनीखेज मामलों को विशेष निगरानी में रखते हुए पुलिस व अभियोजन के बेहतर समन्वय से शीघ्र निस्तारण संभव हो सका। उन्होंने बताया कि इन मामलों में शासकीय अधिवक्ताओं की प्रभावी पैरवी के चलते 5 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा सुनिश्चित हुई। मार्च माह के इन फैसलों से यह स्पष्ट संकेत गया है कि गंभीर अपराधों में दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

शॉर्ट सर्किट से लगी आग में गेहूं की फसल राख

सुलतानपुर, अमृत विचारः कादीपुर तहसील क्षेत्र के गौरा-बरामऊ गांव में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने से एक किसान की पकी हुई गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इस घटना में किसान को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। ग्रामीणों के त्वरित प्रयास से आग को अन्य खेतों में फैलने से रोक लिया गया। घटना पूरे बरवन गांव निवासी राकेश यादव के खेत में हुई। खेत के ऊपर से गुजर रही 11000 वोल्ट की बिजली लाइन के ढीले तार आपस में टकरा गए। ग्रामीणों ने बताया कि एक कौवा तार पर बैठा, जिससे चिंगारी निकली और खेत में खड़ी गेहूं की फसल ने आग पकड़ ली। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और लगभग एक बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। सूचना मिलते ही राजस्व टीम से लेखपाल अमित यादव मौके पर पहुंचे और नुकसान का आकलन कर रहे हैं। ग्रामीण शिव कुमार मिश्रा का कहना है कि बिजली लाइन के तार और खंभे काफी समय से जर्जर हालत में हैं, जिससे आए दिन ऐसी घटनाएं होती रहती हैं।

न्यूज ब्रीफ

युवती को भगा ले गया युवक, तीन पर केस

कटरा बाजार, गोंडा : थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती को एक युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पिता की तहरीर पर तीन लोगों पर केस दर्ज किया गया है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि 31 मार्च को इमरान नाम के व्यक्ति ने उसकी बेटी (19) को बहला-फुसला कर अपने साथ कहीं ले गया। उसके साथ इस कार्य में उसके माता-पिता भी शामिल हैं। प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि युवती के पिता की तहरीर पर तीन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

बाबा श्याम के गुणगान से झूमते रहे श्रद्धालु

करनैलगंज, गोंडा : क्षेत्र के ग्राम हरसहाय पुरवा में बाबा खाटू श्याम महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बृहस्पतिवार की रात जागरण, संकीर्तन और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों में हजारों श्रद्धालु पूरी रात भक्ति में लीन रहे। कार्यक्रम का आयोजन श्री श्याम सेवा समिति हरसहाय पुरवा द्वारा किया गया। इसमें दूर-दराज क्षेत्रों से आए श्याम भक्तों के साथ स्थानीय महिलाओं की भी बड़ी भागीदारी रही। इस अवसर पर अभिषेक अवस्थी, राम लखन अवस्थी, रामानुज मिश्र, आशीष अवस्थी, राजन मिश्र, श्यामू सिंह, राजू वर्मा, शिवम मिश्र, मोहित अवस्थी, विपिन मिश्र, विक्रम वीर, राम अवस्थी, सूबेदार मिश्र, अरुण कुमार, बैजनाथ, पुत्तू मिश्र, रामजी अवस्थी, कुलदीप मिश्र, शिवम सिंह, अशोक कुमार सिंघानिया, आशीष कुमार शुक्ल सहित हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

बच्चों के साथ नदी में कूदी महिला, बालिका की मौत

राहगीरों ने मां और बेटे को बचाया, बैजपुर गांव में छाया मातम

हादसा

संवाददाता गोंडा

अमृत विचार: थाना खोड़ारे क्षेत्र के ग्राम बैजपुर से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। पारिवारिक कलह से आहत एक महिला अपने दो मासूम बच्चों समेत कुआनों नदी में कूद गयी। हालांकि मौके पर मौजूद दो युवकों ने बहादुरी दिखाते हुए नदी में छलांग लगाकर मां और बेटे को बचा लिया, लेकिन मासूम बच्ची की जान नहीं बच सकी। इस घटना से पूरे गांव में मातम पसरा है। सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी है।

ग्राम बैजपुर निवासी सोनम (30 वर्ष) पत्नी मदनलाल बुधवार को अपने दो बच्चों आयुष (4 वर्ष) और अंशी (डेढ़ वर्ष) को साथ लेकर कुआनों नदी के राजाघाट पुल पहुंची। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पुल पर पहुंचते ही उसने पहले अपनी मासूम बेटी अंशी को नदी में फेंक दिया और फिर बेटे आयुष को गोद में लेकर खुद भी कुआनो नदी में कूद गई। यह मंजर देखकर वहां मौजूद लोग सन्न रह गए और कुछ क्षण के लिए अफरा-तफरी मच गई।

घटना के बाद सुरक्षित बचाई गयी मां और बेटा। अमृत विचार

घटना के दौरान मौके पर मौजूद दो युवकों ने साहस का परिचय देते हुए बिना समय गंवाए दोनों युवक नदी में कूद पड़े और काफी मशक्कत के बाद महिला सोनम और उसके चार वर्षीय बेटे आयुष को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। गंभीर हालत में दोनों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि राहगीरों ने तत्परता न दिखाई होती, तो मां-बेटे को बचाना मुश्किल हो सकता था। वहीं, नदी में फेंकी गई डेढ़ वर्षीय मासूम अंशी की देर रात तक तलाश की गई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। पूरी रात परिजन और ग्रामीणों की आंखें नम रहीं। हर कोई यही दुआ करता रहा कि बच्ची सकुशल मिल जाए, लेकिन सुबह होते-होते यह उम्मीद भी टूट गई। शुक्रवार की सुबह घटनास्थल से करीब तीन किलोमीटर दूर खलगवा गांव के पास नदी में बच्ची का शव उतराता हुआ मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मासूम अंशी का शव मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। गांव में मातम पसरा है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। फिलहाल महिला के इस कदम के पीछे की असली वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस पारिवारिक विवाद, मानसिक तनाव और अन्य पहलुओं को ध्यान में रखकर छानबीन कर रही है।

समय पूर्व एईएस की आहट, स्वास्थ्य महकमा अलर्ट

संवाददाता, गोंडा

अमृत विचार: जिले में एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) की समय से पहले दस्तक ने स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ा दी है। आमतौर पर सितंबर से नवंबर के बीच सक्रिय रहने वाली यह गंभीर बीमारी इस बार मार्च में ही सामने आने से स्वास्थ्य अधिकारियों की सतर्कता बढ़ गई है। पखवाड़े भर पहले दो किशोरियों में एईएस की पुष्टि होने के बाद पूरे जनपद में निगरानी तेज कर दी गई है। मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विशेषज्ञों की निगरानी में दोनों किशोरियों का उपचार किया गया। स्वास्थ्य लाभ के बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। हालांकि, मार्च में ही एईएस के मामले सामने आने को स्वास्थ्य विभाग गंभीरता से ले रहा है। सीएमओ के निर्देश पर जिले के 16 सीएचसी अधीक्षकों को निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। बिना ठोस कारण मरीजों को रेफर करने की शिकायत मिलने पर संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

कारण और बचाव: एईएस मस्तिष्क में वायरस या बैक्टीरिया के संक्रमण के कारण होने वाली गंभीर बीमारी है। इसका प्रसार मुख्य रूप से मच्छरों के जरिए माना जाता है। इससे बचाव के लिए साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देना, समय-समय पर हाथ धोना, संक्रमित व्यक्तियों के संपर्क से बचना और मच्छरजनित जोखिम को कम करना जरूरी है। मेडिकल कॉलेज के डॉ. सईद ने बताया कि बच्चों में सिर में सूजन, लगातार उल्टी, शरीर में अकड़न, अत्यधिक रोना, भूख न लगे तो तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लें।

एईएस के प्रमुख लक्षण

एईएस के लक्षणों में तेज बुखार, उल्टी, सिरदर्द, प्रकाश के प्रति संवेदनशीलता, भ्रम, गर्दन व पीठ में अकड़न, मतली, व्यवहार में बदलाव, बोलने-सुनने में कठिनाई, मतिभ्रम, स्मृति हानि और अत्यधिक उनींदापन शामिल हैं। गंभीर स्थिति में मरीज को दौरे पड़ सकते हैं, पक्षाघात हो सकता है या वह कोमा में भी जा सकता है। चिकित्सकों ने अभिभावकों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी है। बच्चों को खाली पेट न सुलाने, सुबह उनकी स्थिति पर नजर रखने और तेज धूप से बचाने को कहा गया है। तेज बुखार या चमकी जैसे लक्षण दिखते ही अस्पताल पहुंचें।

> जिले में एईएस के दो मामले सामने आए थे जिनका इलाज किया गया है। सभी सीएचसी को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सफाई के साथ-साथ सतर्कता बरतने को निर्देश दिए गए हैं।
> -डॉ. सीके वर्मा, एसीएमओ

गौशालाओं का किया निरीक्षण

परसपुर गोंडा

अमृत विचार: परसपुर अंतर्गत संचालित विभिन्न ग्राम पंचायतों की गोशालाओं का नोडल अधिकारी डॉ. अजय कुमार यादव ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने नरायनपुर मर्दन, चंगेरी और डेहरास सहित कई गोशालाओं का निरीक्षण किया और वहां मौजूद व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी ने गोशालाओं के अभिलेखों की जांच करते हुए पशुओं के रख-रखाव, चारे-पानी की उपलब्धता और साफ-सफाई की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि पशुओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए डॉ. यादव ने विशेष रूप से लू से बचाव के लिए समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने गोशालाओं में पानी के टैंकों की नियमित सफाई कराने, पर्याप्त छाया की व्यवस्था करने तथा पशुओं को स्वच्छ और ठंडा पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। नोडल अधिकारी ने स्पष्ट किया कि गोशालाओं की व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

आग से लाखों रुपये के उपकरण स्वाहा

आग लगने के बाद जलता कंटेनर। अमृत विचार

खरगूपुर, गोंडा : खाना बनाते समय आग लगने से कंटेनर के साथ ही लाखों रुपये के उपकरण जल गए। खरगूपुर श्रावस्ती मार्ग पर देवरियाखाम गांव के बकलोल तिराहा के निकट सड़क किनारे खड़े कंटेनर के अंदर बीएसएनएल केबल डालने वाले मजदूर भोजन बना रहे थे। अचानक गैस सिलिंडर से लपट निकली और आग लग गई। आग को बढ़ते देख अंदर से सभी मजदूर बाहर भाग निकले। लोग जब तक कुछ समझ पाते तब तक आग ट्रक को कब्जे में लेकर तेज लपटों के साथ जलने लगा। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक पंकज कुमार, उपनिरीक्षक डी एल गंगवार व फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों के एक घंटे के कड़ी मसक्क़त के बाद आग पर काबू पाया जा सका। ठेकेदार विजय सिंह ने बताया कि अचानक आग लगने से लगभग दो लाख रुपयों के सामान जल गया।

रुपये लेकर जमीन की पैमाइश का आरोप

इटियाथोक, गोंडा : गलत पैमाइश को निरस्त कर लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग डीएम से की गई है। ग्राम सेखुई के सत्य प्रकाश, प्रेम प्रकाश व ओमप्रकाश ने डीएम को पत्र देकर कहा है कि बरडीहा गांव की गाटा संख्या 360 की तीन बिस्वा नवीन परती भूमि का लेखपाल सूर्य नारायण मिश्र ने ढाई साल पहले महेश कुमार को पट्टा देकर मकान बनवा दिया था।। 26 नवंबर को हल्का लेखपाल अजय कुमार ने बिना सक्षम अधिकारी की उपस्थिति में उक्त गाटा संख्या की ग़लत तरीके से पैमाइश कर मेरे खेत में मिला दिया। आरोप है कि हल्का लेखपाल ने 25 हजार रूपये लेकर गलत पैमाइश कर दी है। डीएम से शिकायत कर लेखपाल के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई है।

बिहार में विधि अधिकारी बने कृपाशंकर



विधि अधिकारी बनने पर कृपाशंकर पांडेय को बधाई देते लोग। अमृत विचार

रुपईडीह, गोंडा : क्षेत्र के तुर्कपुरवा गांव निवासी कृपा शंकर पांडेय बिहार लोक सेवा परीक्षा उत्तीर्ण कर विधि अधिकारी के पद पर चयनित हुएं हैं। उनके इस उपलब्धि पर शुक्रवार को पार्वती देवी इंटर कॉलेज के प्रबंधक व शिक्षकों ने घर जाकर उनका सम्मान किया। कृपाशंकर ने हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा पार्वती देवी इंटर कॉलेज आर्यनगर से ही उत्तीर्ण किया था। इसके बाद उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से स्नातक एवं एलएलबी तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से एलएलएम की उपाधि प्राप्त की। प्रबंधक वीरेंद्र कुमार राव व प्रधानाचार्य सुशील तिवारी ने फूल माला पहनाकर स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात है। वह अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन कर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लायेंगे। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य राजीव रंजन मिश्र, सतीश शुक्ल, रामचरित्र पांडेय आदि लोग रहे।

अधर्म बढ़ने पर भगवान लेते हैं अवतार

नवाबगंज, गोंडा : नवाबगंज गिर्द के मजहनपुरवा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर कथावाचक पं. हनुमान शरण तिवारी ने श्रीकृष्ण के जन्म व बाल लीलाओं की कथा का वर्णन किया। उन्होंने बताया जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान विभिन्न रूपों में अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। कथावाचक ने बताया मथुरा के कारागार में आधी रात को श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। गोकुल में श्रीकृष्ण ने बाल रूप में अनेक लीलाएं कीं। भगवान की बाल लीलाएं केवल चमत्कार नहीं बल्कि जीवन के गहरे संदेश भी देती हैं। महिलाओं ने पारंपरिक बधाई गीत गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मुख्य यजमान बाबूराम तिवारी ने पत्नी शिवकुमारी देवी के साथ व्यास पीठ का विधिवत पूजन-अर्चन कर आरती उतारी। इस अवसर पर जनार्दन तिवारी, बाबूलाल शास्त्री, सूर्यलाल दूबे, महंथ तिवारी, सुनील तिवारी, प्रद्युम्न नारायण तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी, रितिक, हरिओम सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

सचिव ने किया वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण

वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण करतीं अंकिता सिंह। अमृत विचार

गोंडा, अमृत विचार : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अंकिता सिंह ने शुक्रवार को स्टेशन रोड स्थित वन स्टाप सेंटर व पोर्टरगंज स्थित बालगृह (बालिका) का निरीक्षण किया। वन स्टाप सेंटर पर सचिव ने प्रबंधक चेतना सिंह को प्रपत्रों को व्यवस्थित रूप से रखने व सफाई व्यवस्था को और बेहतर करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सचिव ने कहा कि जिन महिलाओं एवं बच्चियों को विधिक सहायता की आवश्यकता है, उनके मामलों को चिन्हित कर अविलंब जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय को भेजा जाय। निरीक्षण के दौरान प्रबंधक चेतना सिंह ने बताया कि वर्तमान में 13 पीड़िताओं को वन स्टाप सेंटर में रखा गया है। इसके बाद सचिव ने पोर्टरगंज स्थित बालगृह (बालिका) का निरीक्षण किया। वहां मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि कुल 36 बालिकाएं वर्तमान में बालगृह में रह रही हैं। सभी को शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। निरीक्षण के दौरान चेतना सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के डिफेंस काउंसिल बृज लाल तिवारी व काउंसलर दीपशिखा सहित अन्य मौजूद रहे।

स्कूल चलो रैली निकालते बच्चे और शिक्षक। अमृत विचार

वार्षिकोत्सव समारोह में मेधावी बच्चों को मिला सम्मान

मनकापुर, गोंडा : प्रावि अमवा में वार्षिकोत्सव, विदाई समारोह तथा स्कूल चलो अभियान का आयोजन किया गया। बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों, जागरूकता रैली और सम्मान समारोह ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल चलो अभियान रैली से हुई, जिसे एआरपी शैलेंद्र कुमार सिंह एवं इंदु प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली आसपास के गांवों का भ्रमण करते हुए गगनभेदी नारों के साथ विद्यालय परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। इसके बाद नवारंभ उत्सव का शुभारंभ एआरपी फिरोज अहमद खान ने किया। समारोह का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी हर्षित पाण्डेय एवं ग्राम प्रधान रक्षाराम वर्मा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर किया। एआरपी मयंक मिश्रा ने प्राथमिक विद्यालयों में दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी। छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, स्कूल चलो अभियान पर आधारित अभिनय गीत, नाटक तथा देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों की खूब तालियां बटोरीं। कक्षा 5 उत्तीर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं को अधिगम सहायक किट, अंकपत्र एवं टीसी प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान मेधावी बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। संचालन गिरीश कुमार पाण्डेय 'विद्यार्थी' ने किया। समारोह में अमरेंद्र प्रताप सिंह, आलोक श्रीवास्तव, त्रिपुरेश त्रिपाठी, प्रेम चंद्र तिवारी, विनय मिश्रा, ओम प्रकाश त्रिपाठी आदि रहे।

शीला हत्याकांड: सिर पर वार कर उतारा था मौत के घाट

अमृत विचार Follow UP

संवाददाता, गोंडा

अमृत विचार: देहात कोतवाली क्षेत्र के भीटी भदवल गांव की रहने वाली शीला की मौत सिर में गंभीर चोट लगने से हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवती की हत्या किए जाने की पुष्टि हुई है। उसके सिर पर लगी चोट बेहद गंभीर मिली है।

शीला (फाइल फोटो)

माना जा रहा है कि हत्या से पहले उसकी पिटाई की गयी। मृत रा के शरीर को अलग अलग हिस्सों में चोट के चार निशान मिले हैं। माना जा रहा है कि हत्यारों ने वारदात को अंजाम देने के बाद शव को ठिकाने लगाने की कोशिश की और उसे गन्ने के खेत में फेंक कर फरार हो गए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है। घटना के खुलासे के लिए चार टीमें लगाई गयी हैं। भीटी भदवल गांव की रहने वाली शीला की शव बृहस्पतिवार को उसके गांव के बाहर गन्ने के खेत में पड़ा मिला था। उसके हाथ रस्सी से बांध दिए गए थे और उसका दुपट्टा शव पर पड़ा हुआ था। मौके पर मौजूद परिजनों व ग्रामीणों ने हत्या से पहले दुष्कर्म की भी आशंका जताई थी हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि न होने से पुलिस ने राहत की सांस ली है। परिजनों के मुताबिक शीला 29 मार्च को घर से लापता थी। थाने में उसकी गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज थी और परिजन उसकी तलाश में जुटे थे। बृहस्पतिवार को उसका शव गन्ने के खेत में पड़ा मिला था। इसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया था। मामले में परिजनों ने पहले ही प्रेम प्रसंग में हत्या किए जाने की आशंका जताई थी। पुलिस अब इसी बिंदु समेत अन्य पहलुओं पर भी गंभीरता से जांच कर रही है।पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ, मोबाइल कॉल डिटेल, पारिवारिक और सामाजिक संबंधों की भी पड़ताल कर रही है।

देहात कोतवाल शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई है। रिपोर्ट में सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर चार चोटों के निशान मिले हैं। सिर में गंभीर चोट लगने से शॉक के कारण युवती की मौत हुई है। उन्होंने बताया कि हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। इस हत्याकांड से गांव और आसपास के इलाकों में दहशत है जबकि परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर पूरे मामले का पर्दाफाश किया जाएगा।

न्यायालय के आदेश पर छेड़छाड़ और लूट के मामले में मुकदमा दर्ज

मनकापुर, गोंडा : न्यायालय के आदेश पर छेड़छाड़, लूट व जानलेवा हमले के मामले में कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया गया है। क्षेत्र के एक गांव निवासी 32 वर्षीय महिला ने न्यायालय में दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया था कि बीते बर्ष 21 अक्टूबर की शाम करीब 5 :30 बजे गांव का ही पंचम वर्मा उसके घर में जबरन घुस आया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। आरोप है कि उसने महिला के गले से सोने की चेन छीन ली और अश्लील हरकतें कीं। विरोध करने पर आरोपी ने महिला को कमरे में घसीटते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया।शोर मचाने पर महिला की नाबालिग बेटी बचाने पहुंची, जिस पर आरोपी ने लोहे की रॉड से महिला के सिर पर जानलेवा हमला कर दिया और मारपीट की। बीच-बचाव में आई बेटी के साथ भी मारपीट की गई। शोर सुनकर पहुंचे परिजनों व ग्रामीणों को देखकर आरोपी मौके से फरार हो गया।पीड़िता का आरोप है कि स्थानीय पुलिस ने न तो एफआईआर दर्ज की और न ही मेडिकल परीक्षण कराया, बल्कि सुलह कराने का दबाव बनाया। न्याय न मिलने पर पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश के बाद कोतवाली में संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

गैस सिलेंडर वितरण में अव्यवस्था का विरोध, धरने की दी चेतावनी

गोंडा कार्यालय : जनपद में घरेलू गैस सिलेंडर वितरण में अव्यवस्था को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व जिला मीडिया प्रभारी शिव कुमार दुबे ने आरोप लगाया कि सरकार जनसरोकार से जुड़ी आवश्यक सेवाओं को सुचारू रूप से संचालित करने में विफल साबित हो रही है, जिससे आम जनता को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को एक सिलेंडर पाने के लिए घंटों गैस एजेंसियों पर लाइन में खड़ा रहना पड़ता है। कभी केवाईसी तो कभी पर्ची के नाम पर उपभोक्ताओं को बार-बार बुलाया जाता है। पर्ची मिलने के बाद भी उन्हें निर्धारित स्थल पर 3 से 5 घंटे तक धूप में खड़े रहकर सिलेंडर का इंतजार करना पड़ता है। कई बार स्टॉक खत्म होने का हवाला देकर उपभोक्ताओं को अगले दिन आने के लिए लौटा दिया जाता है। एक ओर सरकार गैस की कोई कमी न होने का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर उपभोक्ताओं को लाइन में खड़ा होना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि पूर्व की भांति होम डिलीवरी व्यवस्था बहाल कर एजेंसियों की मनमानी पर रोक लगाई जाए।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जिला प्रशासन और पूर्ति विभाग ने शीघ्र समाधान नहीं किया तो कांग्रेस पार्टी जिला मुख्यालय पर विशाल धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होगी।

धानेपुर थाने में तैनात एसएसआई का देवरिया में हार्टअटैक से निधन

गोंडा, अमृत विचार : जनपद के धानेपुर थाने में तैनात वरिष्ठ उपनिरीक्षक सत्येंद्र कुमार यादव शुक्रवार को उनके पैतृक गांव जनपद देवरिया के करमुआ में हार्ट अटैक से निधन हो गया। वह दो दिन पहले छुट्टी लेकर गांव गए थे जहां शुक्रवार की सुबह यह घटना हो गई। एसएसआई को निधन की खबर से पुलिस महकमें में शोक की लहर दौड़ गयी है। बताया जाता है कि सत्येंद्र कुमार यादव वर्ष 2015 में उपनिरीक्षक पद पर नियुक्त हुए थे। वर्तमान में वह जिले के धानेपुर थाने में वरिष्ठ उपनिरीक्षक के पद पर तैनात थे। सत्येंद्र कुमार यादव 1 अप्रैल को घरेलू कार्य के चलते पांच दिन की छुट्टी लेकर अपने पैतृक गांव करमुआ, थाना भाटपाररानी, जनपद देवरिया गए हुए थे। शुक्रवार को वह टहल रहे थे तभी उन्हें दिल का दौरा पड़ गया।

नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते लोग। अमृत विचार

दो निर्धन कन्याओं का हुआ विवाह

करनैलगंज, गोंडा : नगर के बालकृष्ण ग्राउंड में हनुमान जयंती के अवसर पर आयोजित श्रीबालाजी महोत्सव में भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान दो निर्धन परिवारों की कन्याओं का विधिवत विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुंदरकांड पाठ से हुई, इसके बाद बालाजी सरकार का भव्य दरबार, महाआरती और छप्पन भोग प्रसाद का आयोजन किया गया। इसी क्रम में दोनों कन्याओं का वैदिक रीति-रिवाज से परिग्रहण संस्कार कराया गया। विवाह समारोह में रेखा गुप्ता (टेंडवा अल्पी, बहराइच) का विवाह संदीप (तिलका, चांदी कटरा बाजार) के साथ तथा सपना (कचनापुर) का विवाह जितेंद्र कुमार (कैसरगंज, बहराइच) के साथ संपन्न कराया गया। मेहंदीपुर बालाजी से आए पंडित द्वारिका प्रसाद शास्त्री ने सभी वैदिक अनुष्ठानों को विधिवत संपन्न कराया। अंत में भंडारे का आयोजन किया गया। सभी ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया।

आस्था

जगह-जगह हुआ भजन संध्या का आयोजन, सुंदरकांड के पाठ में झूमे श्रद्धालु

जिले में श्रद्धा और उल्लास से मनाया गया श्री हनुमान जन्मोत्सव

संवाददाता गोंडा

अमृत विचार: श्री हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। विभिन्न स्थानों पर भजन-कीर्तन, सुंदरकांड पाठ, केक काटकर जन्मोत्सव और भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। धानेपुर के जोतिया गांव में श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां बसंतपुर निवासी सुरेश कुमार दूबे ने अपनी टीम के साथ श्रीराम व हनुमान जी के भजन सुनाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान बालक राम तिवारी, पारसनाथ तिवारी, दिनेश तिवारी, डा महेश्वरी प्रसाद तिवारी, हरि प्रसाद तिवारी, आचार्य अंकित शास्त्री, चंद्रभान तिवारी, दशरथ लाल शुक्ल, जनार्दन प्रसाद तिवारी कोटेदार, परमात्मादीन तिवारी समेत सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

श्री हनुमान जन्मोत्सव पर केक काटते श्रद्धालु। अमृत विचार

रानी बाजार स्थित पुरानी गल्ला मंडी में श्री बालाजी सेवक परिवार द्वारा द्वितीय वर्ष भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान भजन गायक विशाल श्रीवास्तव, बंटी राज सहित अन्य कलाकारों ने बालाजी के भजनों से माहौल भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम स्थल पर बालाजी के दरबार के समक्ष भक्तों ने केक काटकर जन्मोत्सव मनाया। इसके पश्चात छप्पन भोग अर्पित कर प्रसाद वितरण किया गया तथा भंडारे का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में आरएसएस के विभाग प्रचारक, जिला प्रचारक एवं नगर प्रचारक के साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष विशाल अग्रवाल, पंकज अग्रवाल एडवोकेट, अमित सोमानी, विजय सोमानी, दिवाकर सोमानी, रोहित सोमानी, प्रवीण सिंघल, श्याम गोयल, अमित बंसल सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

मालवीय नगर स्थित श्री हनुमान गढ़ी मंदिर में श्री मेहंदीपुर बालाजी परिवार द्वारा सायंकाल 6 बजे केक काटकर जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान गर्वित रस्तोगी और शिवांश कसौधन ने बाल रूप में हनुमान जी का स्वरूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में आयोजक सुनील कुमार रस्तोगी, शानू कसौधन, अजय कसौधन, गौरव रस्तोगी, प्रतीक टंडन, गौरव गुप्ता, सोमनाथ रस्तोगी, अनुराग शर्मा, शुभम कसौधन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। बहराइच रोड स्थित नवीन गल्ला मंडी के हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ के उपरांत भव्य भंडारा हुआ। इस दौरान श्याम केडिया, विनय अग्रवाल, अमित गर्ग, आशू सिंघल, आशीष शर्मा, गोकुल चंद शर्मा, परमानंद शर्मा, दौलत शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

ददुआ बाजार स्थित श्री श्याम मंदिर में भी सुंदरकांड पाठ के साथ बालाजी का जन्मोत्सव मनाया गया और प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान सुरेश भावसिंहका, सुशील पचेरिया, गोविंद जालूका, मीना अग्रवाल सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे। गोनार्द लॉन में श्री मेहंदीपुर बालाजी सेवक परिवार समिति, दयानंद द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें भजन गायक रोहित शर्मा दीपक, गितेश प्रकाश और सौरभ त्रिपाठी ने भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में प्रेम गोयल, अमरनाथ मोदनवाल, रजत गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

आवेदन कर अपने गांव का करें विकास

बलरामपुर, अमृत विचार : पंचायती राज विभाग में संचालित मातृ भूमि योजना के तहत लोग आवेदन कर अपने गांव का विकास कर सकते हैं। योजना के तहत विकास के खर्च का 40 प्रतिशत लागत विभाग दे रहा है। डीपीआरओ श्रेया उपाध्याय ने बताया कि गांव के हित के लिए योजना संचालित है लेकिन अभी तक आवेदन प्राप्त नहीं हो सके हैं।

गोशाला निर्माण के लिए दिया पत्र

हरैया सतघरवा, बलरामपुर : ग्राम पंचायत उदईपुर खैरहनिया में गोआश्रय केंद्र निर्माण के लिए ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी को पत्र लिखा है। ग्रामीण रमेश कुमार, हृदय राम ने बताया कि बेसहारा पशुओं की संख्या अधिक है। जो झुंड में आकर खेतों में लगी फसलों का नुकसान कर रहे हैं। पत्र देकर गांव में गोशाला निर्माण की मांग की गई है।

आग से चार बीघा गेहूं की फसल जली

गौरा चौकी, गोंडा : छपिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा बुक्कनपुर में शुक्रवार अज्ञात कारणों से गेहूं के खेत में आग लग जाने से रामजस मिश्रा का दो बीघा राम शब्द मिश्रा का डेढ़ बीघा, तथा शिव प्रकाश मौर्य का दो बीघा गेहूं जलकर राख हो गया। गांव के किसानों की तत्परता से बोरिंग इंजन स्टार्ट करके समय रहते आग पर काबू पा लिया गया नहीं तो सैकड़ो बीघा गेहूं जल जाता। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि मोटरसाइकिल सवार दो लोगों ने सिगरेट पीकर सड़क किनारे फेंका था जिस कारण से आग लग गई। ग्राम प्रधान कन्हैया बक्श सिंह ने बताया कि लेखपाल को सूचना दे दी गई है।

सांस्कृतिक रंगों में रंग उठा बलरामपुर महोत्सव

जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक समेत अन्य अधिकारियों ने लोगों को दीं शुभकामनाएं, छात्राओं की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

संवाददाता, बलरामपुर 1 2

अमृत विचार: शुक्रवार को बलरामपुर महोत्सव 2026 का आगाज बहुत ही बेहतर ढंग से किया गया। महोत्सव की प्रातः बेला में नगर के वीर विनय चौक पर डीएम विपिन कुमार जैन, एसपी विकास कुमार सहित सभी अधिकारियों और नगर पालिका अध्यक्ष डॉक्टर धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने जुंबा एक्सरसाइज कर लोगों को बलरामपुर महोत्सव के शुभारंभ की शुभकामनाएं दी। बलरामपुर महोत्सव के प्रथम दिवस पर जिले के विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं एवं स्थानीय कलाकारों ने अपनी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम स्थल को उत्सवमय बना दिया। नृत्य, गीत और विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्राओं की प्रस्तुतियों में जहां एक ओर पारंपरिक लोक संस्कृति की झलक देखने को मिली, वहीं दूसरी ओर आधुनिकता का सुंदर समन्वय भी दिखाई दिया। सीमित संसाधनों के बावजूद बच्चों की ऊर्जा, आत्मविश्वास और मंच पर उनकी प्रस्तुति ने यह साबित कर दिया कि अवसर मिलने पर ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों के बच्चे भी किसी से कम नहीं हैं। महोत्सव के अंतर्गत आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में भी छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता का उत्कृष्ट परिचय दिया। रंग-बिरंगी आकर्षक आकृतियों के माध्यम से उन्होंने सामाजिक संदेशों और सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया, जिसकी उपस्थित जनों ने खुलकर सराहना की। इस अवसर पर डीएम डॉ. विपिन कुमार जैन तथा सीडीओ हिमांशु गुप्ता ने प्रतिभागियों को सम्मानित किया। अधिकारियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल प्रतिभा को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि उनके आत्मविश्वास और सर्वांगीण विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

बलरामपुर महोत्सव में बच्चों को पुरस्कृत करते डीएम और अन्य। अमृत विचार

बलरामपुर महोत्सव में भगवान विष्णु का किरदार निभाते कलाकार। अमृत विचार

लापता बालक को परिजनों से मिलाया

उतरौला, बलरामपुर : थाना कोतवाली उतरौला पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महज 24 घंटे के भीतर गुमशुदा 2 .5 वर्षीय बालक को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 2 अप्रैल की रात बालक अपने साथियों के साथ कस्बे में आयोजित श्री बालाजी महा विशाल भंडारा एवं रात्रि जागरण कार्यक्रम में गया था, जहां भीड़ में वह बिछड़कर लापता हो गया। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मिशन शक्ति टीम को सक्रिय किया। पुलिस टीम ने सोशल मीडिया और स्थानीय स्तर पर खोजबीन करते हुए बच्चे को कस्बे के बाहर एक चौराहे के पास से सुरक्षित बरामद कर लिया। पहचान की पुष्टि के बाद बच्चे को उसकी मां उर्मिला और पिता बब्लू को सौंप दिया गया। बच्चे को सुरक्षित पाकर परिजनों ने पुलिस की कार्रवाई की सराहना की।

कार्यक्रम में सदर विधायक पल्टूराम को सम्मानित करते भाजपा पदाधिकारी। अमृत विचार

कार्यकर्ताओं को मिला संबल, संगठन की मजबूती पर जोर

बलरामपुर, अमृत विचार : पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन शुक्रवार को जिला पंचायत सभागार में हुआ। शिविर में कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत बनाने का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि सदर विधायक पलटू राम ने कहा कि किसी भी संगठन की मजबूती का आधार प्रशिक्षण होता है। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय सिद्धांत को मार्गदर्शक बताते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने पर जोर दिया। पूर्व जिला अध्यक्ष एवं मुख्य वक्ता चंद्र प्रकाश सिंह 'गुड्डू' ने कहा कि इस अभियान से कार्यकर्ता वैचारिक रूप से सशक्त होंगे और विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाएंगे। विधानसभा संयोजक डॉ. प्रांजल त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अंत्योदय का सपना साकार हो रहा है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रसव के दौरान शिशु की मौत, लापरवाही का आरोप

संवाददाता, इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार: डिलीवरी के दौरान शिशु की मौत हो गई। पति ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली देहात के सिसऊर अंदूपुर के श्यामसुंदर गुप्ता ने बताया कि वह अपनी पत्नी रजनी को प्रसव के लिए हर्रेया झूमन के मेट्रो हॉस्पिटल में गुरुवार को भर्ती कराया था। चिकित्सक ने नार्मल डिलीवरी का भरोसा दिलाकर तीन अप्रैल को भर्ती किया था। मगर देर रात करीब 9 बजे ऑपरेशन से एक बच्ची पैदा हुई।मगर उसे देखने नहीं दिया गया। सुबह बताया कि बच्ची की मौत हो गई है। श्याम सुंदर गुप्ता ने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है। वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेंद्र कनौजिया ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्यवाही की जाएगी।

छात्राओं को नारी सुरक्षा के प्रति जागरूक

संवाददाता, बलरामपुर

अमृत विचार: मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण अंतर्गत गुरुवार को कोतवाली नगर क्षेत्र के पीपल तिराहा स्थित पिंक बूथ पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। पुलिस ने सिटी मॉन्टेसरी इंटर कॉलेज सिविल लाइन की छात्राओं को नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया। उप निरीक्षक आकांक्षा तिवारी, महिला आरक्षी विद्यावती, सारिका तथा एंटी रोमियो टीम ने छात्राओं को बाल विवाह, पोक्सो एक्ट, साइबर अपराध और यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को बताया कि किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर वे तुरंत हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग कर सकती हैं। छात्राओं को 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वूमेन पावर लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 108 एंबुलेंस और 102 स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही मिशन शक्ति केंद्र, महिला हेल्प डेस्क तथा सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा और विधवा पेंशन के बारे में भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को पंपलेट वितरित किए गए और उनकी समस्याएं पूछी गयीं।

छात्राओं को सुरक्षा कानून के प्रति जागरूक करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

बिना कनेक्शन जलकर वसूली पर बवाल

तुलसीपुर, बलरामपुर

अमृत विचार: आदर्श नगर पंचायत तुलसीपुर के वार्ड संख्या 14 भावनियापुर स्थित पाटेश्वरी पुरम कॉलोनी में इन दिनों जलकर वसूली को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। करीब दो हजार घरों को जलकर के बिल जारी किए जाने से स्थानीय निवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। लोगों का आरोप है कि बिना पानी का कनेक्शन उपलब्ध कराए ही नगर पंचायत प्रशासन जबरन कर वसूली कर रहा है, जो पूरी तरह अनुचित है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, कॉलोनी में अब तक केवल पाइपलाइन बिछाई गई है, लेकिन अधिकांश घरों तक जलापूर्ति कनेक्शन नहीं पहुंचा है। इसके बावजूद नगर पंचायत द्वारा जलकर के बिल थमा दिए गए हैं। जब इस संबंध में बिल वितरण करने पहुंचे कर्मियों से जानकारी ली गई तो उन्होंने घरों में लगे निजी जल स्रोतों जैसे समरसेबल, नल और एक्वागार्ड के उपयोग को आधार बताते हुए बिल बनाए जाने की बात कही। वार्ड वासियों ने नगर पंचायत प्रशासन पर भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप भी लगाया है। उनका कहना है कि क्षेत्र में सड़क, जल निकासी और सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। सरजू नहर कॉलोनी के पीछे और भगवती प्रसाद महाशय कॉलोनी के आसपास रहने वाले लोग जलभराव और गंदगी से सर्वाधिक प्रभावित हैं। लोग पीने के लिए शुद्ध पेयजल मोबाइल टैंकर से खरीदते हैं। बरसात में स्थिति और खराब हो जाती है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बना रहता है। निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि कथित फर्जी बिलों को जल्द निरस्त नहीं किया गया तो वे जिलाधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री के जनता दर्शन तक अपनी शिकायत दर्ज कराएंगे और जरूरत पड़ी तो आंदोलन भी करेंगे। अध्यक्ष प्रतिनिधि अदनान फिरोज ने बताया जलकर व गृहकर वसूली शासन की गाइडलाइंस के अनुरूप की जा रही है। नगरीय सीमा में शामिल होने के पांच वर्ष पूर्ण होने के बाद कर देना अनिवार्य है और सर्वे के आधार पर ही बिल जारी किए गए हैं।

मोबाइल टैंकर से पानी लेते वार्ड के लोग।

आरटीआई कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पद पर आशा मिश्रा मनोनीत

गोंडा कार्यालय: कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के अनुमोदन पर आरटीआई कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव ने जिला अध्यक्ष पद पर आशा मिश्रा को मनोनीत किया है। आशा मिश्रा पोर्टरगंज पथवालिया की निवासी हैं तथा राम सुंदर मिश्रा की पुत्री हैं।उनकी नियुक्ति की घोषणा होते ही क्षेत्र एवं जनपद में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।मनोनीत होने पर आशा मिश्रा ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्याओं को उठाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। बधाई देने वालों में राम प्रताप सिंह, शाहिद कुरैशी, प्रद्युम्न शुक्ल, बेबी मिश्रा, कुतुबुद्दीन खान डायमंड, जैनुल आबिदीन खान, अजय कुमार रस्तोगी, सगीर खान, राजू सेवादल, हरिराम वर्मा, कौशल किशोर पाण्डेय, यावर अब्बास एडवोकेट, सैय्यद महबूब अहमद, आरिफ रजा, नीरज सिंह, नील ठाकुर आदि रहे।

चीनी मिल में बवाल, अधिवक्ता से मारपीट के बाद जमकर हंगामा

बलरामपुर, अमृत विचार: चीनी मिल परिसर में मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया जब एक अधिवक्ता से कथित मारपीट के बाद आक्रोशित वकीलों ने मिल में हंगामा और तोड़फोड़ की। घटना में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, अधिवक्ता आशीष कुमार सिंह उर्फ लक्की सिंह गन्ना तौल कराने के बाद प्रेसमैड लेने मिल पहुंचे थे। आरोप है किसानों को प्रेसमैड देने के बजाय बड़े डंपरों में लोड किया जा रहा था। विरोध करने पर मिल कर्मचारियों ने उनसे मारपीट की और बंधक बना लिया। घटना की सूचना मिलते ही दर्जनों वकील पहुंच गए और अपने साथी को छुड़ाया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट और तोड़फोड़ हुई, जिसमें करीब आधा दर्जन अधिवक्ता घायल हो गए। महामंत्री कलेक्ट बारसंघ कमलेश्वर सिंह ने बताया कि चीनी मिल कर्मचारियों ने मेरे साथी अधिवक्ता आशीष कुमार सिंह उर्फ लकी सिंह को बंधक बना लिया था हम लोगों ने वहां पहुंचकर उसको मुक्त कराया चीनी मिल प्रशासन दबंगई कर रहा है। मजदूर नेता सुधांशु प्रताप सिंह और कमलेश शुक्ला ने भी चीनी मिल प्रबंधन पर किसानों के उत्पीड़न का आरोप लगाया है। वहीं मिल के डीजीएम (एचआर) डीके ठाकुर ने अधिवक्ता पर कर्मचारियों से अभद्रता , कंप्यूटर रूम व सीसीटीवी को नुकसान पहुंचाने का भी आरोप लगाया। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है। नगर कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

एकीकृत मतदाता सूची से मजबूत होगा लोकतंत्रः सांसद राम शिरोमणि

संवाददाता बलरामपुर

अमृत विचार: लोकतंत्र को और अधिक सशक्त, पारदर्शी एवं भरोसेमंद बनाने की दिशा में संसद में चुनाव सुधार को लेकर हुई चर्चा में श्रावस्ती के सांसद राम शिरोमणि वर्मा ने महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई। सदन में लोकसभा, विधानसभा और ग्राम पंचायत चुनावों के लिए एकीकृत मतदाता सूची तैयार करने तथा उसे आधार से लिंक करने के प्रस्ताव पर अपने विचार रखते हुए सांसद ने इसे समय की जरूरत बताया। सांसद ने कहा कि वर्तमान में अलग-अलग चुनावों के लिए अलग मतदाता सूचियां होने के कारण कई बार गड़बड़ियां सामने आती हैं, जिससे आम मतदाता को परेशानी होती है।

एकीकृत मतदाता सूची लागू होने से इन विसंगतियों को दूर किया जा सकेगा और मतदाता सूची अधिक सटीक एवं अद्यतन बनेगी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आधार से लिंकिंग की व्यवस्था लागू होने पर फर्जी मतदान पर प्रभावी रोक लगेगी और हर मतदाता की पहचान सुनिश्चित हो सकेगी। इससे चुनाव प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनेगी। हालांकि, सांसद ने यह भी स्पष्ट किया कि डेटा सुरक्षा और नागरिकों की निजता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए मजबूत कानूनी प्रावधान और सुरक्षित तकनीकी व्यवस्था सुनिश्चित करना अनिवार्य है। सांसद ने कहा कि यदि इस व्यवस्था को सही ढंग से लागू किया जाता है, तो यह देश के लोकतंत्र को नई मजबूती प्रदान करेगी। साथ ही उन्होंने लोगों से जागरूक रहने और इस प्रक्रिया में सहयोग करने की अपील भी की। एकीकृत मतदाता सूची और आधार लिंकिंग से चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी, फर्जी मतदान पर रोक लगेगी और लोकतंत्र और अधिक मजबूत होगा।

300 कार्यकर्ताओं की ट्रेनिंग आज से

गोंडा, अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत मैहनौन विधानसभा के मुजेहना एवं बहलोलपुर मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 4 और 5 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण शिविर धानेपुर स्थित एसके मैरिज हाल में संपन्न होगा। भाजपा के पूर्व जिलामंत्री एवं वर्ग प्रमुख चन्द्र प्रकाश शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों मंडलों के करीब 300 कार्यकर्ताओं को इस प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र चार अप्रैल को शाम चार बजे आयोजित होगा।

रात्रि जागरण में खूब झूमे श्रद्धालु

संवाददाता, खरगूपुर, गोंडा: हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर नगर पंचायत के पुरानी बाजार में बृहस्पतिवार को 11 वां हवनोत्सव के उपरांत भण्डारा व रात जागरण का आयोजन हुआ। भंडारा हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ, हवनोत्सव व पूजन-अर्चन के उपरांत क्षेत्रीय विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने शुरु कराया। आयोजक अजय कसौंधन ने बताया कि आज का दिन बजरंग बली के भक्तों के लिए सबसे बड़ा दिन है। लोग घरों में हुनमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम बड़ी धूम-धाम से मनाते हैं। बाहर से आये कलाकारों द्वारा श्री गणेश, सिंदूरी हनुमान, भोलेनाथ आदि झांकियां लोगों के आकर्षक का केंद्र रहीं।

समाचार पत्र पंजीयन (केन्द्रीय), कानून 1956 आठवें नियम के अन्तर्गत अपेक्षित 'अमृत विचार' बरेली नामक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र से संबंधित स्वामित्व और अन्य बातों का ब्यौरा

प्रपत्र-4

1.	प्रकाशक का स्थान	: लखनऊ
2.	प्रकाशन की अवधि	: दैनिक
3.	मुद्रक का नाम	: त्रिनाथ शुक्ला
	क्या भारत के नागरिक हैं	: हां
	पता	: 364, शक्तिनगर, इन्दिरा नगर, कन्वेंशन सेंटर, लखनऊ (उ.प्र.)
4.	प्रकाशक का नाम	: त्रिनाथ शुक्ला
	क्या भारत के नागरिक हैं	: हां
	पता	: 364, शक्तिनगर, इन्दिरा नगर, कन्वेंशन सेंटर, लखनऊ (उ.प्र.)
5.	सम्पादक का नाम	: राजेश श्रीनेत
	क्या भारत के नागरिक हैं	: हां
	पता	: 3/332, विश्वास खंड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.) - 226010
6.	उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों।	: 1. डॉ. वरूण अग्रवाल 2. डॉ. अर्जुन अग्रवाल रोहिलखंड इन्टरप्राइजेज, बरेली

मैं त्रिनाथ शुक्ला एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार दिए गए विवरण सत्य है।

तारीख : 4 अप्रैल 2026

हस्ताक्षर
त्रिनाथ शुक्ला
मुद्रक / प्रकाशक

दो माह बाद दर्ज हुई डंपर चालक के विरुद्ध रिपोर्ट

कटरा बाजार, गोंडा: थाना क्षेत्र के करनैलगंज-कटरा मार्ग पर दो माह पूर्व हुए सड़क हादसे में युवक की मौत के मामले में पुलिस ने अब अज्ञात वाहन और चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कलवारी निवासी भगवान प्रसाद ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनका बेटा मोहित गोस्वामी 15 जनवरी को गांव के ही विशाल के साथ बाइक से अपने रिश्तेदार अजय गोस्वामी को छोड़ने गोंडा रेलवे स्टेशन गया था। दोनों युवक रेलवे स्टेशन से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान करनैलगंज-कटरा मार्ग पर परसौनी पुरवा गांव के पास उनकी बाइक को एक अज्ञात डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे में मोहित गोस्वामी और विशाल गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। विशाल की हालत नाजुक होने पर उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया, जहां अगले दिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं मोहित गोस्वामी का इलाज चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर पर अज्ञात डंपर और उसके चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है।

कार्यालय ग्राम पंचायत मलिकपुर बखरा मोतिगरपुर, सुलतानपुर।

पत्रांक 005/अ0गो0आ0स्थ0/भूसा/निविदा/2026-27 दिनांक- 02/04/2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

अस्थाई निराश्रित गोवंश आश्रय स्थल ग्राम पंचायत मलिकपुर बखरा में गोवंश के भरण पोषण हेतु भूसा, हरा चारा, सन्तुलित पशु आहार, साइलेज की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसमें इच्छुक फर्म दिनांक 03.04.2026 से दिनांक 09.04.2026 तक समय 05:00 बजे तक अपनी निविदा डाल सकते है। निविदा दिनांक 09.04.2026 को अपरान्ह 05:00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत मलिकपुर बखरा विकास खण्ड मोतिगरपुर में खोला जायेगा। सामाग्री का विवरण निम्नानुसार है:-

सामाग्री	भूसा	हरा चारा	पशु आहार	साइलेज
दर	08.00 रूपये/ किग्रा0	03.00 रूपये/ किग्रा0	22.00 रूपये/ किग्रा0	08.00 रूपये/ किग्रा0

1- फर्म रजिस्टर्ड हो आयकर एवं व्यापार कर नियमित जमा कर रही हो।
2- निविदा प्रपत्र दिनांक 03.04.2026 से दिनांक 09.04.2026 तक समय 05:00 बजे तक डाली जा सकती है।
3- समय व तिथि के बाद कोई निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
4- अधोहस्ताक्षरी को यह अधिकार होगा कि बिना कोई कारण बताए निविदा निरस्त कर सकता है।
5- निविदा जमा करते समय 02 प्रतिशत मार्जिन मनी जमा करना होगा अन्यथा निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा।
6- भूसा की आपूर्ति गोवंश आश्रय स्थल पर उपलब्ध पशुओं के संख्या के आधार पर मांग पत्र के अनुसार वित्तीय वर्ष के समाप्ति तक करना होगा।
7- भूसा अनिवार्यतः गेहूं का और उच्चतम गुणवत्ता का होना चाहिए।
8- भूसा सड़ा गला तथा भीगा आपूर्ति किये जाने पर प्राप्त नहीं किया जायेगा तथा किसी प्रकार का भुगतान नहीं किया जायेगा और न ही किसी प्रकार का किराया देय होगा।
9- भूसे की दर कुन्तल में देना होगा तथा आपूर्ति करते समय तौल करने के उपरान्त ही प्राप्त किया जायेगा।
10- भुगतान शासन के द्वारा निर्धारित नियमों एवं प्रकिया के अनुसार किया जायेगा।
11- निविदा स्वीकृति के उपरान्त 10 प्रतिशत जमानत की धनराशि फिक्स डिपाजिट धनराशि अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से बंधक किया जायेगा तथा आपूर्ति समय से न दिए जाने पर जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगा।

सचिव - ग्राम पंचायत मलिकपुर बखरा

पूर्व सभासद के निधन से शोक

करनैलगंज, गोंडा : करनैलगंज नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी, नगर पालिका के पूर्व सभासद एवं कार्यवाहक अध्यक्ष रहे हरिकृष्ण वैश्य उर्फ सुरेंद्र नेता (78) का शुक्रवार को निधन हो गया। उनके निधन की खबर से नगर में शोक की लहर दौड़ गई। सुरेंद्र नेता सकरौरा वार्ड से दो बार सभासद चुने गए थे। वर्ष 2002 में तत्कालीन नगर पालिका चेयरमैन शमीम अहमद अच्छन के हज यात्रा पर जाने के दौरान उन्हें करीब डेढ़ माह तक अध्यक्ष का कार्यभार भी सौंपा गया था। वे सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहते थे और सराफा व्यापारी के रूप में भी उनकी पहचान थी। उन्हें लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां शुक्रवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। दोपहर बाद उनका अंतिम संस्कार सरयू तट स्थित कटरा घाट श्मशान में किया गया। उनके निधन पर सांसद करण भूषण शरण सिंह, विधायक अजय सिंह, पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि रामजीलाल मोदनवाल, पूर्व चेयरमैन शमीम अच्छन, अरुण कुमार वैश्य, मोहित पाण्डेय, कन्हैया लाल वर्मा, मुकेश खेतान, कृष्णगोपाल वैश्य, डॉ. गिरधर गोपाल वैश्य, डॉ. रवि वैश्य सहित अनेक लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण आज से

रुपईडीह, गोंडा : पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत भाजपा मंडल कौड़िया व रुपईडीह के कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण चार अप्रैल से आर्यावर्त महाविद्यालय पठानाजोत में शुरू होगा। भाजपा के जिला कार्य समिति सदस्य डॉ दयानंद शुक्ल व महेश कुमार शुक्ल ने बताया कि इस प्रशिक्षण में सभी लोगों को पार्टी द्वारा दिए गए निर्देशों को विस्तार से अवगत कराया जाएगा।

भवन निर्माण में लगा रहे मानक विहीन सामग्री

गैंसड़ी, बलरामपुर : ब्लाक के ग्राम पंचायत बघेल खंड में अन्नपूर्णा भवन के निर्माण में मानक विहीन सामग्री का उपयोग कर कराया जा रहा है। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी से की। ग्रामीण बुधराम, प्रमोद, अजय, रामकरन ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व अन्नपूर्णा भवन निर्माण की शिकायत की गई है लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है।

कलियुग महात्म्य कथा सुन भक्त भाव-विभोर

परसपुर, गोंडा : नगर के अंजही मोहल्ला स्थित प्राचीन श्री दुग्धेश्वर नाथ मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथाव्यास पं. सूरज जी महाराज ने कलियुग महात्म्य की कथा का रसपान कराया। कथाव्यास ने अपने प्रवचन में बताया कि कलियुग यद्यपि दोषों से भरा हुआ है, फिर भी इसमें भगवान के नाम का स्मरण मात्र ही मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करता है। कार्यक्रम के अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य उपस्थित रहे।

पत्नी से विवाद पर साले ने फोड़ा सिर

नवाबगंज, गोंडा : थाना क्षेत्र के माझा राठ गांव निवासी मुन्नालाल पुत्र राम मिलन ने थाने में दी गई तहरीर में मारपीट और जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार शुक्रवार दोपहर वह अपनी पत्नी ज्योति की दवा कराने के लिए नवाबगंज बाजार जा रहा था। इसी दौरान दवा खरीदने के लिए पैसे कम पड़ जाने पर पति-पत्नी के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि गुस्से में पत्नी ने अपने भाई अखिलेश निवासी मुमताज नगर अयोध्या को फोन कर मौके पर बुला लिया। मौके पर पहुंचे अखिलेश ने आते ही मुन्नालाल के साथ लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी और ईंट से सिर पर वार कर दिया जिससे वह घायल हो गया।

न्यूज ब्रीफ

चोरी को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

बहराइच : रानीपुर थाना क्षेत्र में कटघरा में हर वर्ष महायज्ञ का आयोजन होता है । इस वर्ष भी यहां पर अनुष्ठान का कार्यक्रम हो रहा है , इसी दौरान बीते 30 मार्च को कार्यक्रम में लगे साउंड सिस्टम की चोरी ही गई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने चोरी करने वाले युवकों की पहचान कर स्थानीय थाने पर सूचना दी थी लेकिन उसके बाद भी कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। शुक्रवार को कांग्रेस जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह व कार्यक्रम के आयोजन कर्ताओं के नेतृत्व में ग्रामीणों ने चोरी गए सामान की बरामदगी न होने से नाराज होकर सड़क जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया । सूचना पर थाना प्रभारी संतोष अवस्थी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे उन्होंने 24 घंटे में आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही कर चोरी गए सामान को बरामद करने का आश्वासन दिया जिसके बाद लोग शांत हुए।

विवाद से क्षुब्ध युवक ने खाया विषाक्त पदार्थ

श्रावस्ती : गिलौला थाना क्षेत्र के तिलकपुर गांव निवासी टंडन मिश्रा (28) पुत्र श्याम सुंदर के घर में शुक्रवार सुबह विवाद हुआ था। इससे क्षुब्ध होकर टंडन ने विषाक्त खा लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों की ओर से गंभीर हालत में युवक को सीएचसी गिलौला में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बहराइच रेफर कर दिया है।

दुकान में लगी आग से लाखों का नुकसान

बहराइच : जिले के देहात कोतवाली इलाके में स्थित चिलवरिया बाजार में गुरुवार की देर रात दुकान में आग लग गई। आस पास के लोगों इसकी सूचना दुकान मालिक को दी , लोग जब तक मौके पर पहुंचते आग ने विकराल रूप ले लिया , जिसके चलते उसमें रखा लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। स्थानीय लोगों में करीब दो घंटे की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। इलाके में रहने वाले गौरव गुप्ता की चिलवरिया रेलवे स्टेशन के पास बजरंग मिष्ठान भंडार के नाम से दुकान है। गुरुवार की देर रात करीब एक बजे उनकी दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। दुकान के मालिक गौरव ने बताया कि अग्निकांड में दुकान में रखे दो बड़े फ्रीजर इनवर्टर समेत करीब तीन लाख की संपति जलकर खाक हो गई।

आग से कई किसानों की गेहूं की फसल राख

मल्हीपुर (श्रावस्ती) : जमुनहा तहसील क्षेत्र के ग्राम बनकटवा महोली में शुक्रवार दोपहर में अज्ञात कारणों से खेत में आग लग गई। तेज हवा चलने की वजह से आधा दर्जन किसानों की गेहूं की फसल आग की चपेट में आ गई। इससे करीब दो एकड़ गेहूं की फसल चलकर राख हो गई। बताया जाता है कि इश्तियाक अली, किस्मत अली, शाहिद अली, जहूर अली, मुस्लिम सहित छह किसानों की करीब दो एकड़ फसल राख हो गई। ग्रामीणों की ओर से कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया गया। सूचना पर मौके पर पहुंची राजस्व टीम ने क्षति आंकलन कर रिपोर्ट तैयार किया।

स्मैक के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

नानपारा/बहराइच। शुक्रवार को नानपारा पुलिस ने 50 ग्राम स्मैक के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। बरामद स्मैक की कीमत इंटरनेशनल मार्केट में लगभग पचास लाख आंकी जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों में अफजाल पुत्र इकबाल निवासी चांदपुरा थाना कोतवाली बहराइच तथा गुड्डू उर्फ काले पुत्र इकबाल निवासी चांदपुरा थाना कोतवाली बहराइच शामिल हैं।

थारू समाज की बेटियों ने सीखी सुरक्षा की बारीकियां

खाकी का मानवीय चेहरा: आईजी अमित पाठक बने प्रोफेसर, छात्राओं को पढ़ाया मिशन शक्ति का पाठ

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार। नेपाल सीमा से सटे तराई के दुर्गम इलाकों से निकलकर जब थारू समाज की बेटियां पुलिस महानिदेशक के दफ्तर पहुंचीं, तो नजारा बेहद आत्मीय था। सामाजिक संस्था 'सद्भावना' के बैनर तले बहराइच के विभिन्न इलाकों की छात्राओं ने गुरुवार को पुलिस महानिदेशक देवीपाटन परिक्षेत्र अमित पाठक से मुलाकात की। इस दौरान खाकी का एक अलग ही संवेदनशील और शैक्षणिक रूप देखने को मिला।

नेपाल सीमा से सटे थारू बाहुल्य गांव फकीर पुरी, भैंसाही और बसथनवा की ज्वाला चौधरी, मा लती चौधरी, आयशा, प्रयांशु, गु ड़िया और गिलौला की प्रिया पासवान सहित वैष्णवी, जया, पूजा, आकृति और शिवांशी ने पुलिस की कार्यप्रणाली को करीब से समझा।

मुलाकात के दौरान आईजी अमित पाठक एक कड़क अफसर के बजाय एक 'प्रोफेसर' की भूमिका में नजर आए। उन्होंने छात्राओं को पुलिस की ओर से चलाये जा रहे मिशन शक्ति कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को संकट के समय पुलिस से तुरंत संपर्क करने के तरीके और हेल्पलाइन नंबर्स व सुरक्षा को लेकर सजग रहने के कानूनी अधिकार भी बताये। छात्राओं की उत्कंठा और पुलिसिंग को लेकर उनके सवालों से आई अमित पाठक काफी प्रभावित दिखे। उन्होंने न केवल उनके हर संशय को दूर किया, बल्कि सभी छात्राओं को अपनी ओर से विशेष उपहार और प्रोत्साहन सामग्री देकर विदा किया।

वहीं सद्भावना संस्था के प्रमुख योगेंद्रमणि त्रिपाठी के नेतृत्व में आयोजित इस भ्रमण से छात्राएं गदगद दिखीं। छात्राओं का कहना था कि इस मुलाकात से पुलिस के प्रति उनका डर खत्म हुआ है और आत्मविश्वास बढ़ा है। अब वे अपने गाँवों में जाकर अन्य महिलाओं को भी उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करेंगी।

पुलिस महानिदेशक अमित पाठक से मुलाकात करतीं थारू समाज की छात्राएं। अमृत विचार

> तराई के इन सुदूर क्षेत्रों की बेटियों में सीखने की जो ललक दिखी, वह काबिले तारीफ है। पुलिस विभाग हमेशा उनके साथ खड़ा है।
>
> –अमित पाठक, आईजी, देवीपाटन परिक्षेत्र।

हर फरियादी की शिकायत को प्रमुखता से सुनें

पयागपुर (बहराइच) अमृत विचार। कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार को थाना पयागपुर एवं विशेश्वरगंज का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान थानों की व्यवस्थाओं, अभिलेखों एवं जनसुनवाई की स्थिति का गहन निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पयागपुर थाने का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने महिला हेल्पडेस्क पर लंबित प्रार्थना पत्रों की समीक्षा करते हुए नाराजगी जताई और निर्देशित किया कि सभी शिकायतों को रजिस्टर में विधिवत दर्ज कर उनका समयबद्ध एवं विधिसम्मत निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रत्येक प्रकरण में थाना प्रभारी स्वयं फरियादियों से फीडबैक लें, ताकि शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता बनी रहे। साथ ही निर्देश दिए कि हर फरियादी की शिकायत को प्रमुखता से सुनें। एसपी ने थानों पर आने वाले फरियादियों के साथ शिष्ट एवं संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही बैठने की समुचित व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने और शौचालयों की नियमित साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। मालखाने के निरीक्षण के दौरान माल के सुरक्षित व व्यवस्थित रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। अभिलेखों को अद्यतन रखने और वर्षवार क्रम में संधारित करने के निर्देश भी दिए गए। मेस का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई बनाए रखने एवं निर्धारित मेन्यू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने की बात कही गई। वहीं थाना परिसर, हवालात, बैरक और शौचालयों की व्यवस्था का जायजा लेते हुए एसपी ने साफ-सफाई, पेयजल और संसाधनों के उचित रख-रखाव पर विशेष जोर दिया। साथ ही सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता और उनकी सही दिशा सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

खड्ड में गिरी बाइक, एक युवक की मौत, साथी गंभीर

कानीबोझी (श्रावस्ती)

अमृत विचार। रेवलिया से रसोई गैस सिलेंडर बुक कराकर गुरुवार देर शाम वापस अपने घर गौहनिया लौट रहा बाइक सवार तिलकपुर मोड़ के निकट बाइक से नियंत्रण खो बैठा। इससे बाइक मार्ग किनारे खड्ड पलट गई। गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को जिला अस्पताल लाया गया। यहां चिकित्सक ने एक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे को बहराइच रेफर कर दिया।

भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गौहनिया निवासी गया प्रसाद (30) पुत्र स्वामी दयाल गुरुवार को गैस सिलेंडर बुक कराने बाइक से रेवालिया गैस एजेंसी गया था। इस दौरान बाइक पर उसके साथ गांव का ही शिवकुमार (25) पुत्र रामदास भी था। देर शाम लौटते समय जैसे ही वह बाइक लेकर तिलकपुर बनघुसरा मार्ग स्थित तिलकपुर मोड़ के निकट पहुंचा। तभी बाइक अनियंत्रित हो मार्ग किनारे खड्ड में पलट गई। हादसे में बाइक सवार दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे भंगहा चौकी प्रभारी एसआई जयवेन्द्र कुमार उत्तम ने एंबुलेंस से दोनों घायलों को जिला अस्पताल भिनगा पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने गया प्रसाद को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल शिवकुमार को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज बहराइच रेफर कर दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

बाइक की टक्कर में बालिका की मौत

इकौना (श्रावस्ती)। नवीन मॉडर्न थाना क्षेत्र कटरा क्षेत्र के बरईपुरवा निवासी आस्था (7) पुत्री देशराज के बाबा शुक्रवार को भैंस नहलाने गए थे। इस दौरान आस्था भी पीछे पीछे चली आई थी। इस दौरान कटरा से इकौना की तरफ जा रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दिया। घटना के बाद सवार बाइक सहित मौके से भाग गया। गम्भीर रूप से घायल आस्था को परिजनो ने निजी वाहन से सीएचसी इकौना में पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही बालिका के मौत की सूचना परिवार में कोहराम मच गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भराकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया है।

हनुमान जयंती पर बालाजी महाराज की निकली शोभायात्रा

कैसरगंज कस्बे में निकाली गई शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

कैसरगंज (बहराइच)

अमृत विचार। स्थानीय रामलीला मैदान से बालाजी महाराज की भव्य एवं विशाल शोभायात्रा श्रद्धा, उल्लास और भक्तिभाव के साथ निकाली गई।बालाजी महाराज की यह शोभायात्रा रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर कैसरगंज मण्डी होते हुए हनुमान मंदिर तक पहुंची।

यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर बालाजी महाराज का भव्य स्वागत किया गया। वातावरण "जय श्री राम" और "जय बजरंगबली" के जयघोष से गुंजायमान हो उठा, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया।शोभायात्रा के शुभारंभ से पूर्व विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी गौरव वर्मा जी ने विधिवत पूजा-अर्चना कर बालाजी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया और यात्रा का शुभारंभ किया।इस अवसर पर बालाजी महाराज की भक्ति में डूबे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख संदीप सिंह विसेन, नीरज श्रीवास्तव एडवोकेट,पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवसहाय सिंह, मंडल अध्यक्ष शिवानंद सिंह,संजय सोनी, रीतेश श्रीवास्तव, हीरालाल मौर्य, पूर्व प्रधान बड़कऊ सिंह, अनिल सोनी, सत्यम सोनी, हिमांशु सिंह, डॉ. अरविन्द सिंह, गजेन्द्र सिंह, संदीप सोनी, विनोद जैन, राजू मिश्रा, हरि गुप्ता सहित क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे।

जय बजरंगबली के उद्घोष से गूंजा पयागपुर

पयागपुर (बहराइच)

अमृत विचार। जनपद के पयागपुर क्षेत्र में आस्था और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। श्री श्याम प्रभु रानी सती मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित श्री बालाजी सरकार (घाटा मेहंदीपुर वाले) के वार्षिकोत्सव और हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम ने पूरे क्षेत्र को 'जय बजरंगबली' के उद्घोष से गुंजायमान कर दिया। भूपगंज बाजार स्थित महाजनान धर्मशाला प्रांगण में आयोजित इस भव्य समागम में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सीताराम अखंड पाठ से हुई। इसके पश्चात सवामणी हवन का विशेष आयोजन किया गया, जो आकर्षण का केंद्र रहा।

लगभग आठ घंटे तक चले इस महाय ज्ञ में सवा क्विंटल हवन सामग्री की आहुतियां दी गईं। अग्नि देव के माध्यम से बालाजी सरकार को दी गई इन आहुतियों से पूरा परिसर दिव्य सुगंध और सकारात्मक ऊर्जा से भर गया। भक्तों ने पंक्तिबद्ध होकर आहुतियां डालीं और लोक कल्याण की कामना की भजन संध्या में बाहर से पधारे सुप्रसिद्ध भजन गायकों ने अपनी मधुर आवाज से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जब कलाकारों ने "दुनिया में देव हजारों हैं, बजरंगबली तेरा क्या कहना" और अन्य भक्तिपूर्ण भजन प्रस्तुत किए, तो पांडाल में उपस्थित श्रद्धालु अपनी सुध-बुध खोकर झूमने लगे। वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक आनंद में सराबोर नजर आया कार्यक्रम का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा परम पूज्य श्री गोंडा महाराज जी का पावन सानिध्य रहा। महाराज जी के विशेष दरबार में भारी भीड़ देखने को मिली। दूर-दराज के जनपदों से आए पीड़ित और दुखी व्यक्तियों ने अपनी व्यक्तिगत और आध्यात्मिक समस्याएं महाराज जी के समक्ष रखीं। अपनी सौम्य वाणी और दिव्य दृष्टि से महाराज जी ने भक्तों की समस्याओं का निराकरण कर उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया भगवान को 'छप्पन भोग' का भव्य नैवेद्य अर्पण करने के पश्चात विशाल भंडारे का शुभारंभ हुआ। देर रात तक चले इस भंडारे में हजारों की संख्या में नर-नारियों और बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस वृहद आयोजन को सफल बनाने में मुख्य आयोजक अनूप अग्रवाल, श्याम सुंदर नौसारिया, रितेश अग्रवाल, सुशील निगम, अम्बू अग्रवाल, हरेंद्र सिंह, बिट्टन सिंह, विष्णु वैश्य और पंकज शुक्ल ने सहयोग दिया।

भूपगंज बाजार में बाला जी के दरबार में आयोजित महायतज्ञ आहुति डालते श्रद्धालु।

- **बालाजी सरकार के दरबार में उमड़ा जनसैलाब**

अंतिम चरण में पहुंचा पीपा पुल का निर्माण कार्य

जरवल रोड (बहराइच), अमृत विचार। बाराबंकी-बहराइच मार्ग पर जरवल रोड के पास घाघरा नदी पर बन रहा पीपा पुल अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है, जिससे जल्द ही इस मार्ग पर आवागमन सुचारु हो सकेगा। पुल के पश्चिमी छोर पर बाराबंकी जनपद के रामनगर की ओर अप्रोच मार्ग को काली सड़क तक खड़ंजा लगाकर पूरी तरह तैयार कर दिया गया है। वहीं पूर्वी छोर पर घाघरा घाट पुलिस चौकी के सामने एप्रोच मार्ग तक जाने के लिए रास्ते का चौड़ीकरणतथा खडंजा लगाने का कार्य तेजी से जारी है। यहां मिट्टी पटाई कर मार्ग को चौड़ा किया जा रहा है, ताकि वाहनों की आवाजाही सुगम हो सके। इसके बाद इस हिस्से में भी खड़ंजा बिछाने का कार्य किया जाएगा। निर्माण कार्य अंतिम चरण में होने के कारण क्षेत्रीय लोगों में जल्द पुल चालू होने की उम्मीद जगी है। पुल के बन जाने से बहराइच और बाराबंकी के बीच आवागमन आसान और सुगम हो जाएगा, जिससे स्थानीय लोगों को काफी राहत मिलेगी।

नायब तहसीलदार पद पर चयनित शुभम का हुआ स्वागत

खुटेहना/पयागपुर बहराइच। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (पीसीएस-2024) में नायब तहसीलदार पद पर चयनित शुभम प्रताप सिंह के गृह क्षेत्र खुटेहना चौराहा में आगमन पर स्वागत कार्यक्रमों का सिलसिला देखने को मिला। स्थानीय लोगों के अनुसार पूरे दिन क्षेत्र में लोगों की भीड़ जुटी रही और बधाई देने वालों का आना-जाना लगा रहा। ग्रामीणों के मुताबिक शुभम के पहुंचते ही उन्हें फूल-मालाओं से सम्मानित किया गया। इस दौरान योगेन्द्र सिंह, अजीत सिंह, रामपाल सिंह, रंजीत सिंह, झीनकन सिंह, आनंद प्रताप सिंह, रामनारायण सिंह और सौरभ प्रताप सिंह समेत कई लोगों ने उनका अभिनंदन किया। वहीं इससे पहले बनवारी देवी इंटर कॉलेज, अशोक नगर खुटेहना में भी उनका सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकगण व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। शुभम ने अपनी सफलता का श्रेय अपने स्व . बाबा दुबर सिंह और पिता दिनेश प्रताप सिंह की प्रेरणा के साथ परिवार के सहयोग को दिया है।

फूलमालाओं से किया गया शुभम का स्वागत।।

परिवार की अनमोल धरोहर हैं बुजुर्ग: धर्मेंद्र

आयोजन

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार तथा समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश के मार्गदर्शन में भारतीय ग्रामोत्थान सेवा विकास संस्थान द्वारा विकासखंड महसी के ग्राम पंचायत भवन लधौनी में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा महसी के मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर सत्र का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि किसी भी परिवार की अनमोल धरोहर बुजुर्ग होते हैं, जिनके अनुभव की छाया में नई पीढ़ी फलती-फूलती है।

मंडल मंत्री नीरज आर्य और पूर्व मंडल अध्यक्ष ब्रह्मदत्त वाजपेई ने भी बुजुर्गों के मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा की। संस्था के प्रबंधक संजय अवस्थी ने केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान प्राचार्य शिव पूजन, साहिबान खान, छन्नू लाल विश्वकर्मा, कृष्ण कुमार बाजपेई और सुरेश मणि मिश्रा रहे।

आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते संस्था के सदस्य। अमृत विचार

अयोध्या में सरयू नदी में डूबे युवक का तीसरे दिन मिला शव

बहराइच (पयागपुर)

अमृत विचार। पयागपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम इमलियागंज कृष्णानगर कॉलोनी निवासी एक युवक की अयोध्या में सरयू नदी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद से लापता युवक का शव तीसरे दिन बरामद होने पर परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार राहुल ओझा (19 वर्ष) पुत्र अशोक कुमार ओझा, निवासी इमलियागंज कृष्णानगर कॉलोनी, अयोध्या में सरयू नदी में स्नान करने गए थे। इसी दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चले गए, जिससे वह नदी में डूब गए। घटना के तुरंत बाद स्थानीय प्रशासन और गोताखोरों द्वारा युवक की तलाश शुरू कर दी गई थी, लेकिन काफी प्रयासों के बाद भी पहले दो दिन कोई सफलता नहीं मिल सकी। लगातार खोजबीन के बाद तीसरे दिन राहुल ओझा का शव सरयू नदी से बरामद किया गया। शव मिलने की सूचना जैसे ही परिवार तक पहुंची, घर में चीख-पुकार मच गई। युवक की मौत से माता-पिता और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव और कॉलोनी में भी मातम पसरा हुआ है।

सम्मान के साथ गूंजा स्कूल चलो का नारा

पयागपुर (बहराइच), अमृत विचार। विकासखंड के पी.एम. श्री विद्यालय झाला तरहर में शुक्रवार को शिक्षा सत्र 2025-26 के बच्चों का विदाई समारोह और नए सत्र (2026-27) का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष पयागपुर दीपक सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। उन्होंने बच्चों को लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करने की प्रेरणा दी साथ ही सत्र 2025-26 की वार्षिक परीक्षा में कक्षा 1 से 8 तक के प्रत्येक वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉप-5 बच्चों को मुख्य अतिथि सिंह द्वारा मेडल, अंक पत्र और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही मीना मंच, इको क्लब और बाल संसद में सक्रिय भूमिका निभाने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इसके बाद थानाध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर 'स्कूल चलो अभियान' रैली को रवाना किया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि पी.एम. श्री योजना के तहत विद्यालय अब स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, डिजिटल लाइब्रेरी और आधुनिक प्रयोगशाला जैसी सुविधाओं से लैस हो चुका है।

मेधावियों को सम्मानित करते थानाध्यक्ष दीपक सिंह।

84 कोसी परिक्रमा बस यात्रा का हुआ अभिनंदन

जरवल रोड (बहराइच)। विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में आयोजित अवध धाम (हनुमान मंडल) 84 कोसी परिक्रमा बस यात्रा के अंतर्गत श्रद्धालुओं का दल आज अयोध्या धाम से प्रस्थान कर विभिन्न पावन स्थलों के दर्शन करते हुए जरवल रोड पहुंचा। यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं ने मखौड़ा, रामरेखा, हनुमान बाग, श्रीगिरिधारी आश्रम, महादेवाघाट (गोसाईंगंज), सूरज कुंड (रामपुर भगन) एवं सीताकुंड (दरबगंज) जैसे धार्मिक स्थलों पर दर्शन-पूजन किया। जरवल रोड स्थित शिव मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए दोपहर में भोजन एवं स्वागत की व्यवस्था की गई। यह आयोजन पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा के सहयोग से, ब्लॉक प्रमुख जरवल विपेन्द्र वर्मा एवं मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार जायसवाल के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रदेश परिषद सदस्य पवन वर्मा, मंडल महामंत्री ऋषि राजपूत सहित समस्त कार्यकर्ताओं ने महिला व पुरुष श्रद्धालुओं का स्वागत कर सेवा-सत्कार किया। श्रद्धालुओं ने इस व्यवस्था की सराहना करते हुए आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान शुरू

इकौना (श्रावस्ती)। जिले में भाजपा का दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान गुरुवार देर शाम राम बिहारी बुद्ध इंटर कॉलेज कटरा में प्रारंभ हुआ। इसमें श्रावस्ती व इकौना मण्डल के कार्यकर्ताओं सहित भाजपा जिलाध्यक्ष, विधायक श्रावस्ती व एमएलसी ने अपना पंजीकरण करवाकर प्रशिक्षण में भाग लिया। मण्डल प्रशिक्षण अभियान में पूर्व से निर्धारित विभिन्न विषयों भाजपा का इतिहास एवं विकास, कार्य पद्धिति, वैचारिक अधिष्ठान, कार्य विस्तार में हमारी दृष्टि, बूथ प्रबंधन, मन की बात सहित सोशल मीडिया, आईटी एवं एआई के बारे अलग अलग सत्रों में विषय प्रवर्तकों ने बताया। उद्घघाटन सत्र में जिलाध्यक्ष मिश्रीलाल वर्मा, विधायक रामफेरन पाण्डेय, दिवाकर शुक्ला, रमन सिंह सहित मंडल अध्यक्ष सत्यराम विश्वकर्मा व मनोज दुबे मौजूद रहे। पहले दिन विषय प्रवर्तक के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष संजय कैराती पटेल, शंकर दयाल पाण्डेय, अजय मिश्रा, पूजा पाण्डेय ने कार्यकर्ताओं को विभिन्न विषयों की जानकारी दी। इस दौरान एमएलसी साकेत मिश्रा, राम सुहावन व अरुण पाण्डेय रहे।

आयोजन | मिशन शक्ति फेज-5 के चलाए जा रहे पुलिस के जागरूकता अभियान का दिखने लगा असर

सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन की ओर बढ़ रहीं महिलाएं व युवतियां

संवाददाता, श्रावस्ती

अमृत विचार। मिशन शक्ति अभियान के तहत एसपी राहुल भाटी के निर्देश पर मिशन शक्ति टीमों की ओर से चलाए जा रहे अभियान का असर दिखने लगा है। अभियान के कारण महिलाएं, युवतियां व बालिकाएं सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन की ओर बढ़ रही है।

जिले में मिशन शक्ति फेज-5 (द्वितीय चरण) चलाया जा रहा हैं इसके तहत महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन एवं साइबर के बारे में जागरूक किया जा रहा है। ताकि महिलाओं में आत्मविश्वास, जागरूकता एवं सुरक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण का निर्माण हो। इसी के तहत शुक्रवार को भिनगा, सिरसिया, मल्हीपुर, हरदत्तनगर गिरंट, सोनवा, गिलौला, इकौना, नवीन मॉडर्न, महिला थाना एवं शक्ति मोबाइल टीमों ने ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों सहित सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों एवं सरकारी सहायता सेवाओं के प्रति जागरूक किया। साथ ही चौपाल व संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से उनकी समस्याओं को सुनकर त्वरित समाधान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्हें साइबर सुरक्षा, सोशल मीडिया फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक, फर्जी प्रोफाइल एवं डिजिटल अरेस्ट जैसे अपराधों से बचाव के उपाय बताए। साथ ही ओटीपी साझा न करने, मजबूत पासवर्ड का प्रयोग करने, अनजान लिंक पर क्लिक न करने के लिए जागरूक किया। साथ ही उन्हें सीसीटीएनएस प्रणाली, यूपीकॉप ऐप के माध्यम से मिलने वाली ऑनलाइन सेवाओं जैसे ई-एफआईआर, शिकायत पंजीकरण, शिकायत की स्थिति की जानकारी, चरित्र प्रमाण पत्र के लिए आवेदन आदि के बारे बताते हुए इन सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

महिलाओं को जागरूक करती पुलिस। अमृत विचार

स्कूल चलो अभियान की रही गूंज

सिरसिया(श्रावस्ती), अमृत विचार। नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत के साथ ही स्कूल चलो अभियान की जोरदार गूंज सुनाई दे रही है। गांव-गांव और स्कूल-स्कूल में रैलियों, वार्षिकोत्सव और जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए शिक्षा का संदेश फैलाया जा रहा है। इसी के क्रम में शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय रानियापुर में प्रभारी प्रधानाध्यापक राम करतार राना के नेतृत्व स्कूल चलो अभियान रैली निकली गई। इस दौरान छात्र आधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरूर जाएंगे जैसे नारों के साथ लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर सेवानिवृत्त पूर्व प्रधान अध्यापक रामदीन राना ने शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम बताया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगो का मन मोह लिया, जिन्हें पुरस्कार सम्मानित किया गया। इस मौके पर जनार्दन प्रसाद यादव, दिवाकर विश्वकर्मा, रत्नेश कनौजिया एवं मनीषा राना आदि मौजूद रहीं।

स्कूल चलो अभियान रैली निकालते बच्चे।

अमृत विचार
अयोध्या, शनिवार, 4 अप्रैल 2026 अंबेडकरनगर

नामित सभासदों को दिलाई शपथ

टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। टांडा तहसील सभागार में नगर पालिका परिषद टांडा के शासन द्वारा नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। एडीएम की मौजूदगी में उपजिलाधिकारी टांडा डॉ. शशिशेखर ने नामित सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। बता दें कि कुल पांच नामित सभासदों में से तीन संदीप मांझी, गौतम उपाध्याय और रिदम खन्ना को शपथ दिलाई गई। वहीं दो नामित सभासदों संजीव जायसवाल के पिता के नाम तथा अंशु बग्गा के स्वयं के नाम में त्रुटि पाए जाने के कारण उन्हें शपथ नहीं दिलाई जा सकी। उपजिलाधिकारी डॉ. शशिशेखर ने तीनों सभासदों को ईश्वर के नाम पर पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष तेजस्वी जायसवाल, शंकर गुप्ता, घिसियावन मौर्य, रमेश गुप्ता, प्रभारी अधिशासी अधिकारी नीरज गौतम, दीपक केडिया सहित पालिका के अन्य सभासद और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

नपा परिषद टांडा के शासन द्वारा नामित सभासदों को शपथ दिलाते उपजिलाधिकारी टांडा डॉ. शशिशेखर।

मंडलीय समता सम्मेलन 5 को

अंबेडकरनगर। अमृत विचार। अपना दल कमेरावादी द्वारा आगामी 05 अप्रैल को जनपद में मंडलीय समता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से जयश्री मैरिज लॉन पहितीपुर रोड शहजादपुर में आयोजित होगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय सचिव आनंद हीराराम पटेल ने बताया कि सम्मेलन में सिराथू विधायक डॉ. पल्लवी पटेल, पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पटेल सहित अन्य वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। सम्मेलन को अपरान्ह 03 बजे डॉ. पल्लवी पटेल संबोधित करेंगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम स्थल के मीटिंग हॉल में दोपहर 12 बजे प्रेस वार्ता का भी आयोजन किया गया है।

उपजिलाधिकारी से कारवाई की मांग

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। तहसील क्षेत्र जलालपुर के ग्राम भियांव में खेल के मैदान पर अवैध रूप से संचालित श्री हर्षेश्वर संस्कृत महाविद्यालय को हटाए जाने की मांग उप जिलाधिकारी से करते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग किया है। शिकायती प्रार्थना पत्र में राम आसरे यादव ने कहा कि हर्षेश्वर संस्कृत महाविद्यालय संचालित है जो ग्राम सभा का खेल मैदान है। इसके संबंध में उप जिलाधिकारी जलालपुर के यहां मुकदमा चल रहा था, जिसमें 34 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है, लेकिन प्रबंधन द्वारा अवैध अतिक्रमण न तो हटाया गया और न तो अधिकारियों ने कोई कार्यवाही किया। प्रबंधक के ऊपर मुकदमा भी दर्ज हुआ है। शिकायतकर्ता का कहना है कि उच्च न्यायालय के आदेश भी है कि कोई सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जा किया है तो उसे हटा कर उस पर हर्जाना लगाया जाए। उप जिलाधिकारी ने स्थित की गंभीरता को देखते हुए जांच कर उचित कार्यवाही करने का निर्देश दिया है।

लंबित आवेदनों का शीघ्र करें निस्तारण

अंबेडकरनगर। अमृत विचार। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के निर्देशानुसार मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बैंक शाखावार स्वयं सहायता समूह एसएसजी खातों के लंबित आवेदनों की गहन समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने समीक्षा के दौरान पाया कि विभिन्न बैंक शाखाओं में एसएसजी अकाउंट ओपनिंग के कई आवेदन लंबित हैं। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित आवेदनों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बीएमएम एवं एडीओ आईएसबी को निर्देश दिए कि वह बैंक सखी और संबंधित शाखा प्रबंधकों के साथ समन्वय स्थापित कर सभी लंबित आवेदनों में पाई गई कमियों को तत्काल दूर कराएं। साथ ही अभियान चलाकर आगामी तीन दिवस के भीतर सभी लंबित आवेदनों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया कि इस योजना को शीर्ष प्राथमिकता पर रखते हुए गंभीरता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करें।

गोवंश आश्रय स्थलों पर सभी व्यवस्थाएं करें बेहतर

जिलाधिकारी ने रुकुनुद्दीनपुर गोवंश आश्रय स्थल का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला द्वारा अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल रुकुनुद्दीनपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गोवंशों के स्वास्थ्य परीक्षण पंजिका का अवलोकन करते हुए आश्रय स्थल पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया। इस दौरान हरे चारे, भूसे, स्वच्छ पेयजल तथा बढ़ती गर्मी और लू से बचाव के लिए की गई व्यवस्थाओं की विशेष रूप से समीक्षा किया।

निरीक्षण के दौरान आश्रय स्थल में कुल 146 गोवंश संरक्षित पाए गए तथा सभी चार केयर टेकर उपस्थित मिले। जिलाधिकारी ने व्यवस्थाओं को नियमित बेहतर बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि गोवंशों की देखभाल में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए गोवंशों को लू से बचाने के लिए जिला पूर्ति अधिकारी से समन्वय स्थापित कर सभी आश्रय स्थलों में शेड के किनारों पर जूट के बोरे लगाए जाएं, जिससे तापमान नियंत्रित रहे। इस अवसर पर उपस्थित उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए गए कि सभी गोवंशों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित किया जाए तथा बीमार गोवंशों को अलग रखते हुए उनकी विशेष देखभाल की जाए। जिलाधिकारी ने सभी निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाए जाने के निर्देश भी दिए, जिससे रात्रि के समय बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित रहे और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनी रहे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि गोवंशों के संरक्षण और उनकी समुचित देखभाल प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है, जिसके लिए सभी संबंधित विभाग समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें।

रुकुनुद्दीनपुर गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण करते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला।

जनपद में विकास खंडवार मनाया गया गो सेवा एवं गो संवर्धन दिवस

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। मुख्य विकास अधिकारी आनन्द कुमार शुक्ला के निर्देश पर जनपद के समस्त गो आश्रय स्थलों में गो सेवा एवं गो संवर्धन दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अरविंद सिंह की देखरेख में विकास खंडवार संपन्न हुआ। इस अवसर पर गोवंश के संरक्षण, संवर्धन एवं बेहतर देखभाल को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों ने गो आश्रय स्थलों का निरीक्षण कर पशुओं के स्वास्थ्य, साफ-सफाई, चारे-पानी की व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अरविंद सिंह ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप गोवंश की सुरक्षा और उनके समुचित पालन-पोषण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि गो आश्रय स्थलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और पशुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। कार्यक्रम के दौरान पशु चिकित्सकों द्वारा गोवंश का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया तथा आवश्यकतानुसार दवाइयों का वितरण किया गया। साथ ही स्थानीय लोगों को गो सेवा के प्रति जागरूक करने का भी प्रयास किया गया। जनपद प्रशासन द्वारा इस पहल को गो संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

डीएम ने परखा गेहूं का उत्पादन

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने तहसील अकबरपुर अन्तर्गत राजस्व ग्राम चांदपुर भटपुरा में रवी सीजन की फसल गेहूं की क्रॉप कटिंग ग्रोस एप के माध्यम से किया तथा उत्पादकता का भी निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने किसान के खेत में पक कर तैयार गेहूं को हसिया से कटाई किया। इस दौरान मौके पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा रैंडमली ऑनलाइन चयनित ग्राम चांदपुर भटपुरा के गाटा संख्या 708 पलटू पुत्र अलगू के खेत में 10 मीटर भुजा वाले समबाहु त्रिभुज क्षेत्र के अन्तर्गत रबी फसल गेंहू की कटाई एवं मड़ाई कर उससे प्राप्त गेहूं का वजन भी कराया। निर्धारित क्षेत्रफल 43.30 वर्ग मीटर में 20.210 किग्रा गेहूं की फसल प्राप्त हुई, जिसके अनुसार प्रति हेक्टेयर उत्पादकता 46.6 कुंतल होती है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को उपज के सही आंकड़े शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए।

अकबरपुर के राजस्व ग्राम चांदपुर भटपुरा में गेहूं की कटाई करते डीएम अनुपम शुक्ला।

क्रॉप कटिंग से निकाली जाती है फसल की पैदावार

क्रॉप कटिंग या फसल कटाई के प्रयोग द्वारा क्षेत्र में फसल की औसत पैदावार निकाली जाती है। क्रॉप कटिंग के आधार पर ही जनपद के कृषि उत्पादन के आंकड़े तैयार कर शासन को भेजे जाते है और इसी आधार पर फसल बीमा धारकों को नुकसान का मुआवजा भी दिया जाता है।

सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। जनपद के सम्मनपुर थाना क्षेत्र के सुलतानगढ़ गांव में सड़क हादसे में 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से परिवार में मातम छा गया। बता दें कि सुलतानगढ़ निवासी दयाशंकर कसौधन 60 वर्ष सब्जी खरीदने के लिए सम्मनपुर बाजार जा रहे थे। जैसे ही वह मुख्य सड़क पर पहुंचे, सामने से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दयाशंकर कसौधन सड़क पर गिर पड़े और उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। हादसे के बाद आसपास के लोग तुरंत मौके पर जमा हो गए और परिजनों को घटना की सूचना दी। स्थानीय लोगों के मुताबिक टक्कर मारने के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि जिस स्थान पर यह दुर्घटना हुई है, वहां अक्सर तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही रहती है।

ईसा मसीह को कूरस पर चढ़ाकर प्रताड़ना देने का चित्रण करते लोग।

गुड फ्राइडे पर संत पीटर चर्च में हुआ भावपूर्ण नाट्य मंचन

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। गुड फ्राइ डे ईसाई धर्म का एक अत्यंत महत्वपूर्ण दिवस माना जाता है। इसी दिन प्रभु यीशु मसीह को सूली पर चढ़ाया गया था, जिसे उनके जीवन का सबसे बड़ा बलिदान माना जाता है। यह दिन प्रेम, त्याग, करुणा और क्षमा का संदेश देता है। ईसाई समुदाय का मानना है कि यीशु मसीह ने मानव जाति के पापों के प्रायश्चित के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। इस अवसर पर श्रद्धालु उपवास रखते हैं, प्रार्थना सभाओं में भाग लेते हैं तथा चर्चों में विशेष आराधना की जाती है। इसी क्रम में अकबरपुर स्थित संत पीटर चर्च में गुड फ्राइडे के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यालय :ग्राम पंचायत गढ़वल , वि.खं.बिलरियागंज –आजमगढ़

पत्रांक : मेमो/निविदा सूचना/2026–27 दिनांक : 02.04.2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026–27 में ग्राम पंचायत गढ़वल वि.ख. बिलरियागंज द्वारा केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/वीबी जीरामजी/एस.एल.डब्ल्यू.एम./एस.बी.एम/ स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/आर.जी.एस.ए./शासन द्वारा संचालित अन्य समस्त योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से आर.आर.सी. सेन्टर निर्माण, अन्नपूर्णा भवन निर्माण, सामुदायिक शौचालय, अन्त्येष्टि गृह, अतिरिक्त कक्ष, सी0एस0सी0 निर्माण, एएनएम सेन्टर, पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण/मरम्मत, गौशाला निर्माण, बारात घर निर्माण, स्टेडियम, मिनी स्टेडियम, विद्यालय का कायाकल्प, बाउण्ड्री वाल निर्माण व मरम्मत सोलर लाइट स्थापना/मरम्मत, स्ट्रीट लाइट स्थापना/मरम्मत, हाईमास्ट लाईट स्थापना/मरम्मत, सेमी हाईमास्ट लाईट स्थापना/मरम्मत इत्यादि सम्बन्धित कार्यो पर सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 04.04.2026 से दिनांक 09..04..2026 को शाम 04.00 बजे तक सीलबन्द निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा की जा सकती है। जो दिनांक 10.04.2026 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर सुबह 11:30 बजे से खोली जायेगी।

क्र.सं.	सामग्री का नाम	मात्रा	दर
1	ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी, ईट एसओबी	प्रति हजार	
2	सीमेन्ट	प्रति बैग	
3	डाला गिट्टी, ईट गिट्टी, स्टोन ब्लास्ट	प्रति घन मी.	
4	मोरंग बालू/ सफेद बालू,/गंगा बालू/मोटा बालू	प्रति घन मी.	
5	साइन बोर्ड	प्रति नग	
6	कम्पयूटर, इन्वर्टर, आलमारी, कुर्सी/ स्टेशनरी सामान, विद्युत सामग्री	प्रति नग	
7	पेन्ट पुट्टी, चूना ब्लीचिंग, प्राइमर	प्रति ली.	
8	सरिया विभिन्न साइज	प्रति कुन्तल	
9	करकट/एस्बेस्टर सीट	प्रति नग	
10	सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, हाईमास्ट लाईट, सेमी हाईमास्ट लाईट	प्रति नग	
11	पत्थर , टाइल्स, खिड़की, दरवाजा विभिन्न साइज		
12	ह्यूम पाइप (विभिन्न साईज) 350,450,600,900	प्रति मी.	
13	हैंडपंप रिबोर/मरम्मत हेतु सामग्री		
14	सीमेंटेड ईट/इण्टरलाकिंग ईट/ पटिया/ पत्थर बेंच	प्रति हजार	
15	सफाई किट/कोविड–19 किट,		
16	समरसेबुल टंकी/एस्बेस्टस सीट, आर0ओ0 प्लान्ट	प्रति नग	
17	कायाकल्प सामाग्री, खेल कूद सामाग्री		
18	चुन्नी, चोकर, भूसा, हरा चारा		
19	डस्टबिन, कूड़ा गाड़ी, ई–रिक्शा, साईकिल रिक्शा, भस्मक/इन्सीनेटर	प्रति नग	
20	इत्यादि		

शर्ते – विस्तृत जानकारी/नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में निविदा प्रपत्र के साथ ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 2. ग्राम पंचायत में निविदा निरस्त करने एवं संशोधन करने का अधिकार रहेगा।
ग्राम प्रधान – शैलेश यादव सचिव – राहुल यादव
ग्राम पंचायत – गढ़वल, विकासखंड – बिलरियागंज, आजमगढ

कार्यालय :ग्राम पंचायत अशरफपुर, वि.खं. बिलरियागंज –आजमगढ़

पत्रांक : मेमो/निविदा सूचना/2026–27 दिनांक : 02.04.2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026–27 में ग्राम पंचायत अशरफपुर वि.ख. बिलरियागंज द्वारा केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/वीबी जीरामजी/एस.एल.डब्ल्यू.एम./एस.बी.एम/ स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/आर.जी.एस.ए./शासन द्वारा संचालित अन्य समस्त योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से आर.आर.सी. सेन्टर निर्माण, अन्नपूर्णा भवन निर्माण, सामुदायिक शौचालय, अन्त्येष्टि गृह, अतिरिक्त कक्ष, सी0एस0सी0 निर्माण, एएनएम सेन्टर, पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण/मरम्मत, गौशाला निर्माण, बारात घर निर्माण, स्टेडियम, मिनी स्टेडियम, विद्यालय का कायाकल्प, बाउण्ड्री वाल निर्माण व मरम्मत सोलर लाइट स्थापना/मरम्मत, स्ट्रीट लाइट स्थापना/मरम्मत, हाईमास्ट लाईट स्थापना/मरम्मत, सेमी हाईमास्ट लाईट स्थापना/मरम्मत इत्यादि सम्बन्धित कार्यो पर सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 04.04.2026 से दिनांक 09..04..2026 को शाम 04.00 बजे तक सीलबन्द निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा की जा सकती है। जो दिनांक 10.04.2026 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर सुबह 11:30 बजे से खोली जायेगी।

क्र.सं.	सामग्री का नाम	मात्रा	दर
1	ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी, ईट एसओबी	प्रति हजार	
2	सीमेन्ट	प्रति बैग	
3	डाला गिट्टी, ईट गिट्टी, स्टोन ब्लास्ट	प्रति घन मी.	
4	मोरंग बालू/ सफेद बालू,/गंगा बालू/मोटा बालू	प्रति घन मी.	
5	साइन बोर्ड	प्रति नग	
6	कम्पयूटर, इन्वर्टर, आलमारी, कुर्सी/ स्टेशनरी सामान, विद्युत सामग्री	प्रति नग	
7	पेन्ट पुट्टी, चूना ब्लीचिंग, प्राइमर	प्रति ली.	
8	सरिया विभिन्न साइज	प्रति कुन्तल	
9	करकट/एस्बेस्टर सीट	प्रति नग	
भारत ऐतिहासिक रूप से ईरानी तेल का बड़ा खरीदार रहा है। रिफाइनरियों की अनुकूलता और बेहतर व्यावसायिक शर्तों के कारण भारत ईरान लाइट और ईरान हैवी श्रेणी का तेल बड़ी मात्रा में आयात करता था। उस समय भारत के कुल आयात में ईरानी तेल की हिस्सेदारी करीब 11.5 प्रतिशत तक पहुंच गई थी। भारत ने 2018 में प्रतिदिन लगभग 5.18 लाख बैरल ईरानी तेल खरीदा था, जो जनवरी-मई 2019 के दौरान घटकर 2.68 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया। अमेरिकी प्रतिबंध 2018 में कड़े होने के बाद मई 2019 से भारत ने ईरानी तेल का पूरी तरह आयात बंद कर दिया और इसकी जगह पश्चिम एशिया, अमेरिका तथा अन्य स्रोतों से तेल खरीदने लगा। पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद अमेरिका ने पिछले महीने ईरानी तेल की समुद्र में मौजूद खेप की खरीद पर 30 दिन की अस्थायी छूट दी थी जो 19 अप्रैल को समाप्त होगी।

- अनुमान है कि समुद्र में मौजूद जहाजों पर करीब 9.5 करोड़ बैरल ईरानी तेल है जिसमें से करीब 5.1 करोड़ बैरल तेल भारत को बेचा जा सकता है। वहीं बाकी चीन और दक्षिण-पूर्व एशिया के खरीदारों के लिए अधिक उपयुक्त होगा।

छोटे अपराधों से जुड़े अदालती मामलों को वापस लेने पर विचार करें विभाग

- जनविश्वास विधेयक पारित होने के बाद वाणिज्य मंत्रालय ने जारी किए निर्देश

नई दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंशा जताई है कि सभी सरकारी विभाग छोटे अपराधों से जुड़े अदालती मामलों को वापस लेने पर विचार करें, ताकि जन विश्वास संशोधन विधेयक के अनुरूप न्यायपालिका पर बोझ कम हो और जीवन की सुगमता को बढ़ाया जा सके।

संसद ने कारोबारी माहौल को बेहतर बनाने और कारोबारियों के उत्पीड़न को रोकने के लिए 79 केंद्रीय कानूनों के 784 प्रावधानों में संशोधन करने और लगभग 1,000 छोटे अपराधों को फौजदारी की श्रेणी से बाहर करने के लिए बृहस्पतिवार को जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक, 2026 पारित किया था।

उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने कहा, कानून में बदलावों के कारण इन सभी प्रावधानों की समीक्षा की जा सकती है। हम कानून मंत्रालय के साथ इस मुद्दे पर तय करेंगे कि संबंधित विभागों को इस बारे में किस तरह अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि अदालतों पर बोझ कम करने के अभियान के तहत, सरकार ने सभी विभागों को लंबित मामलों की समीक्षा करने और जहां संभव हो वहां मुकदमा वापस लेने की सलाह दी है।

विदेशी मुद्रा भंडार में साप्ताहिक 10.29 अरब डॉलर की गिरावट

मुंबई। देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 27 मार्च को समाप्त सप्ताह में साप्ताहिक आधार पर करीब 10.29 अरब डॉलर घट कर 688.06 अरब डॉलर के स्तर पर रहा। पिछले साल इसी समय की तुलना में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 22.66 अरब डॉलर ऊंचा है। भारतीय रिजर्व बैंक के साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार 27 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश के कुल विदेशी मुद्रा भंडार में विदेशी परिसम्पत्तियां उससे एक साल पहले की तुलना में 6.62 अरब डॉलर घट कर 551.07 अरब डॉलर के स्तर पर रहीं। इस सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 3.66 अरब डॉलर घट कर 113.52 अरब डॉलर के बराबर रहा।

बौद्ध कॉन्क्लेव में 3,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कुशीनगर बना वैश्विक केंद्र, 2300 से अधिक प्रतिनिधियों की भागीदारी
- यूपी में होटल, टाउनशिप और इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश की बड़ी संभावनाएं

अमृत विचार: कुशीनगर में आयोजित इंटरनेशनल बौद्ध कॉन्क्लेव-2026 ने उत्तर प्रदेश को वैश्विक बौद्ध पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाया है। तीन दिवसीय इस आयोजन में करीब तीन हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव सामने आए, जिससे पर्यटन और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में तेजी आने की उम्मीद है।

कॉन्क्लेव में 2300 से अधिक बौद्ध श्रद्धालुओं और विशेषज्ञों ने भाग लिया, जिनमें दो हजार से अधिक भिक्षु, विद्वान और नीति-निर्माता शामिल थे। वहीं थाइलैंड, जापान, म्यांमार, भूटान और नेपाल से 300 से अधिक विदेशी मेहमान पहुंचे। इस दौरान होटल-रिजॉर्ट, रियल एस्टेट, बायो-सीएनजी और फूड प्रोसेसिंग जैसे क्षेत्रों में निवेशकों ने रुचि दिखाई। साथ ही कुशीनगर में दो नए टाउनशिप विकसित करने की योजना पर भी चर्चा हुई।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह आयोजन प्रदेश को वैश्विक बौद्ध पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने में सफल रहा है। उन्होंने बताया कि निवेश प्रस्तावों से होटल, परिवहन और पर्यटन क्षेत्र में तेजी आएगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। कॉन्क्लेव में यह भी जोर दिया गया कि बौद्ध पर्यटन को केवल तीर्थयात्रा तक सीमित न रखकर इसे सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सतत विकास से जोड़ा जाए।

कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की बेहतर कनेक्टिविटी को भी निवेश आकर्षित करने में अहम बताया गया। अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात ने कहा कि उत्तर प्रदेश का बौद्ध सर्किट तेजी से मजबूत हो रहा है। वर्ष 2025 में प्रदेश के छह प्रमुख बौद्ध स्थलों पर 82 लाख से अधिक पर्यटक पहुंचे, जो इसकी बढ़ती वैश्विक लोकप्रियता का प्रमाण है।

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम

न्यायिक अधिकारियों के घेराव के लिए एआईएमआईएम व आईएसएफ दोषी

हरिरामपुर, एजेंसी

ममता बनर्जी ने लगाया आरोप, कहा- भाजपा और कांग्रेस ने उपद्रवियों को उकसाया, मुख्य आरोपी को भाजपा लाई थी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मालदा जिले में न्यायिक अधिकारियों का घेराव करने के लिए शुक्रवार को एआईएमआईएम और आईएसएफ को दोषी ठहराया, साथ ही आरोप लगाया कि भाजपा और कांग्रेस ने उपद्रवियों को उकसाया।

दक्षिण दिनाजपुर जिले के हरिरामपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा ने मुख्य आरोपी को एआईएमआईएम से लिया और हैदराबाद से यहां लेकर आई। इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) उन लोगों के साथ है। भाजपा के साथ कांग्रेस ने भी उकसाने का काम किया है। सीआईडी ने मुख्य आरोपी और अधिवक्ता मोफक्करुल इस्लाम को बागडोगरा हवाई अड्डे से उस समय गिरफ्तार किया जब वह भागने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने कहा, मालदा के मोथाबाड़ी में हिंसा की साजिश इन्हीं लोगों ने रची थी। पश्चिम बंगाल में अशांति फैलाने के लिए बाहर से गुंडों को लाने का आरोप लगाते हुए ममता बनर्जी ने कहा, उन्होंने न्यायिक अधिकारियों को भी नहीं बख्शा।

दक्षिण दिनाजपुर में चुनावी सभा में पहुंची ममता।

> मोथाबाड़ी में कई घंटों तक न्यायिक अधिकारियों को घेरे रखने की साजिश रचने वाले मुख्य आरोपी को राज्य के आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने गिरफ्तार किया है। यह विभाग अब तक निर्वाचन आयोग के बजाय मेरे नियंत्रण में है। - **ममता बनर्जी**

ममता ने एआईएमआईएम पर आरोप लगाया कि उसने बिहार चुनाव में मतों को विभाजित करके भाजपा को चुनाव जीतने में मदद की। राज्य में जारी एसआईआर के दौरान मतदाताओं के नाम हटाए जाने पर सहानुभति जताते हुए ममता ने कहा कि उन्होंने मतदाता सूची में उनके नाम शामिल किए जाने के लिए लड़ाई लड़ी है। उन्होंने सवाल उठाया कि विधानसभा चुनाव उसी सूची के आधार पर क्यों नहीं कराए जा सकते, जिसका इस्तेमाल 2024 के आम चुनाव में किया गया था। कहा, अगर मतदाता सूची में घुसपैठियों के नाम थे तो इससे पहले मोदी भी उनके वोट से चुनाव जीत चुके हैं इसलिए उन्हें तो सबसे पहले इस्तीफा देना चाहिए।

तमिलनाडु के डिप्टी सीएम उदयनिधि स्टालिन ने चेन्नई में चुनाव प्रचार किया।

तमिलनाडु: भाजपा ने 27 उम्मीदवारों की सूची जारी की

नई दिल्ली/चेन्नई। भाजपा ने तमिलनाडु के लिए शुक्रवार को 27 उम्मीदवारों की सूची जारी की। पार्टी ने केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन को अवनाशी जबकि तेलंगाना की पूर्व राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन को मायलापुर सीट से मैदान में उतारा है। अटकलें थीं कि पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई भी चुनाव में किस्मत आजमाएंगे। हालांकि, अन्नामलाई ने पिता के स्वास्थ्य का हवाला देते हुए पार्टी से चुनाव प्रबंधक की जिम्मेदारी से मुक्त करने का अनुरोध किया था।

बंगाल और तमिलनाडु के चुनाव नतीजों को प्रभावित करने को बुलाया विशेष सत्र

नई दिल्ली। कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि सरकार ने पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव के नतीजों को प्रभावित करने तथा चुनावी लाभ हासिल करने के लिए इस महीने संसद का विशेष सत्र बुलाया है, जो चुनाव आचार संहिता का घोर उल्लंघन है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने इस बात पर जोर दिया कि परिसीमन की प्रक्रिया में जल्दबाजी के खतरनाक नतीजे होंगे तथा हम राज्य स्तर पर लोकसभा सीटों की संख्या के तुलनात्मक अंतर में बदलाव नहीं चाहते। उन्होंने कहा, यह जानकारी भी मिली है कि लोकसभा की सीटों की संख्या में 50 प्रतिशत की समानुपातिक वृद्धि की जाएगी और अगर ऐसा होता है तो दक्षिण, पश्चिम और पूर्वोत्तर भारत के छोटे राज्यों को नुकसान होगा। रमेश ने दावा भी किया कि महिला आरक्षण के विषय पर सरकार 30 महीने बाद जागी है तथा प्रधानमंत्री मोदी महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन करके दोबारा श्रेय लेना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन के साथ परिसीमन का भी एकतरफा फैसला किया और विपक्ष के साथ कोई बातचीत नहीं की। महिला आरक्षण विधेयक पारित करने के लिए संसद का वर्तमान बजट सत्र बढ़ा दिया गया और अब लोकसभा तथा राज्यसभा की अगली बैठक 16 अप्रैल को होगी। पहले से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, संसद का वर्तमान बजट सत्र बृहस्पतिवार, दो अप्रैल को ही संपन्न होना था।

- कांग्रेस ने लगाया आरोप कहा- ये चुनाव आचार संहिता का घोर उल्लंघन

मोदी-हिमंत ने आदिवासियों के विकास के लिए रोडमैप बनाया : अमित शाह

दुधनोई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने आदिवासियों के विकास के लिए एक रोडमैप तैयार किया है। उन्होंने इस रोडमैप को लागू करने के लिए राज्य में भाजपा की सत्ता में वापसी सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

ग्वालपाड़ा जिले के दुधनोई में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस ने कभी किसी आदिवासी महिला को राष्ट्रपति नहीं बनाया, लेकिन मोदी ने इस चलन को बदल दिया और द्रौपदी मुर्मू भारत की राष्ट्रपति बनीं। उन्होंने कहा, केंद्र में प्रधानमंत्री और यहां असम में मुख्यमंत्री के पास राज्य में आदिवासियों के विकास के लिए एक रोडमैप है। लोग भाजपा को लगातार तीसरी बार जनादेश देते हैं, तो इसे आगे बढ़ाया जाएगा। शाह ने कांग्रेस पर पलाशबाड़ी में आईआईएम की स्थापना के लिए लाए गए विधेयक को रोकने की कोशिश का भी आरोप लगाया।

- केंद्रीय गृहमंत्री ने चुनावी जनसभा में की राज्य में भाजपा की सत्ता में वापसी कराने की अपील

तमिलनाडु: कांग्रेस ने जारी की 27 नामों की सूची

नई दिल्ली। कांग्रेस ने तमिलनाडु विधानसभा के लिए शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष के सेल्वपेरुठनो सहित 27 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए। कांग्रेस ने 234 सदस्यों वाली तमिलनाडु विधानसभा के लिए जिन उम्मीदवारों की सूची जारी की है उसमें पूर्व विधायक के सेल्वापेरुन्थगई तथा एएम मुनिरत्नम भी शामिल हैं। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ने इन उम्मीदवारों के नाम का चयन किया है। कांग्रेस का विधानसभा चुनाव के लिए सत्तारुढ़ द्रमुक के साथ गठबंधन है।

बंगाल : शिक्षक भर्ती प्रक्रिया रुकी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के बीच 2022 प्राथमिक शिक्षक अहर्ता परीक्षा (टीईटी) में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की साक्षात्कार प्रक्रिया स्थगित कर दी गई है। लिखित परीक्षा 11 दिसंबर 2022 को हुई थी और इसके परिणाम 10 फरवरी 2023 को घोषित किए गए थे। पश्चिम बंगाल शिक्षा बोर्ड ने इस साल 12 मार्च को अधिसूचना जारी कर साक्षात्कार कार्यक्रम घोषित किया था।

बंगाल में चुनाव के लिए अतिरिक्त सीएपीएफ बलों की तैनाती की

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अतिरिक्त केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती के आदेश जारी किए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल में चुनाव के दौरान और चुनाव के बाद भी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की 500 कंपनियां मतगणना पूरी होने के बाद भी राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात रहेंगी।

वर्ल्ड ब्रीफ

रूसी सुखोई-30 हुआ विमान क्रीमिया में क्रैश

मॉस्को। एक सुखोई-30 लड़ाकू विमान शुक्रवार को क्रीमिया में सामान्य प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मीडिया में आईं खबरों में बताया गया है कि दोनों पायलट सुरक्षित रूप से विमान से बाहर कूद गए। आरबीसी बिजनेस पोर्टल ने रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति का हवाला देते हुए बताया कि चालक दल के सदस्य सुरक्षित रूप से विमान से कूद गए और उन्हें जमीनी तलाश एवं बचाव दल ने बचा लिया। पायलट खतरे से बाहर हैं। अत्यंत शक्तिशाली लड़ाकू विमान माना जाने वाला सुखोई-30 प्रशिक्षण उड़ान पर था। रक्षा मंत्रालय ने हालांकि दुर्घटना के संभावित कारण या अन्य परिस्थितियों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। इससे पहले 31 मार्च की शाम को क्रीमिया में एक एएन-26 सैन्य परिवहन विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

पूर्वी कांगो में विद्रोहियों के हमले में 43 की मौत

गोमा। आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट से जुड़े विद्रोहियों ने पूर्वी कांगो में कम से कम 43 लोगों की हत्या कर दी। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेज' (एडीएफ) के लड़ाकों ने बुधवार रात बाफवाकोआ गांव में नागरिकों को निशाना बनाया। युगांडा में इस्लामिक स्टेट से जुड़ा यह विद्रोही समूह खुली सीमा के दोनों ओर सक्रिय है। नागरिक समाज से जुड़े एक संगठन के सदस्य सैमुअल बनापिया ने फोन पर बताया कि उन्होंने गांव में घरों को आग लगा दी। कांगो की सेना ने कहा कि 43 लोग मारे गए हैं, जबकि स्थानीय अधिकारियों के अनुसार मृतकों की संख्या कम से कम 56 है। कई लोग लापता हैं और कम से कम दो लोगों को बंधक बनाया गया है। कांगो की सेना एडीएफ सहित पूर्वी क्षेत्र में कई अन्य विद्रोही समूहों से जूझ रही है।

सूडान में अस्पताल पर ड्रोन हमले में 10 की मौत

काहिरा। सूडान के अर्धसैनिक बलों द्वारा बृहस्पतिवार को देश के दक्षिण-मध्य भाग में स्थित एक अस्पताल पर ड्रोन से किये गए हमले में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स नामक समूह ने बताया कि सूडानी अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज ने व्हाइट नाइल प्रांत के अल-जबलैन अस्पताल पर ड्रोन से दो हमले किए। इस हमले में एक ऑपरेशन थिएटर और एक प्रसूति वार्ड को निशाना बनाया गया। समूह ने बताया कि सेना और आरएसएफ के बीच गृहयुद्ध जारी है और इन ड्रोन हमलों में सात चिकित्सा कर्मियों सहित 10 लोग मारे गए

सीबीएसई कक्षा 6 से तीन भाषा प्रणाली लागू करेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

- नये फार्मूले में कक्षा 9 के लिए गणित, विज्ञान के दो स्तर होंगे

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने अपना नया शैक्षिक कार्यक्रम लागू कर दिया है, जिसके तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 से कक्षा 9 के लिए गणित और विज्ञान की दो-स्तरीय प्रणाली तथा कक्षा 6 से तीन-भाषा फॉर्मूले का चरणबद्ध कार्यान्वयन शुरू किया जाएगा।

सीबीएसई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि 2026 से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत अनिवार्य तीन-भाषा फार्मूला कक्षा 6 के लिए लागू किया जाएगा, जबकि कक्षा 9 के लिए गणित और विज्ञान में अनिवार्य मानक एवं वैकल्पिक उन्नत पाठ्यक्रमों की दो-स्तरीय प्रणाली शुरू की जाएगी। अधिकारी ने कहा कि भाषाओं को तीन चरणों-आर1, आर2 और आर3-में एक सुव्यवस्थित तीन-भाषा ढांचे के तहत व्यवस्थित किया गया है।

नए राष्ट्रीय पाठ्यक्रम ढांचे की सिफारिशों के अनुसार, इन तीन भाषाओं में से दो भारत की मूल भाषाएं होनी चाहिए। कहा कि बहुभाषी शिक्षा के चरणबद्ध कार्यान्वयन के बोर्ड के प्रयासों को जारी रखते हुए शैक्षणिक सत्र 2026-27 से कक्षा 6 से तीसरी भाषा को अनिवार्य कर दिया जाएगा।

दुनिया के अस्तित्व पर गहराता संकट

21वीं सदी में दुनिया एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है जहां कूटनीति की भाषा धीरे-धीरे परमाणु निवारण की गूंज में दबती जा रही है। अमेरिका और ईरान के बीच दशकों से चला आ रहा तनाव वैश्विक परमाणु सुरक्षा के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन चुका है। अमेरिका का स्पष्ट रुख है कि वह ईरान को परमाणु शक्ति संपन्न देश नहीं बनने देगा, जबकि ईरान का तर्क है कि उसका परमाणु कार्यक्रम ऊर्जा और शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है। इस रस्साकशी के बीच, दुनिया के कई अन्य देश भी गोपनीय तरीके से अपनी परमाणु क्षमताओं को बढ़ाने में लगे हैं, जिससे एक नई और खतरनाक हथियारों की दौड़ शुरू हो गई है। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी इस आग को बुझाने की कोशिश में जुटी है, लेकिन महाशक्तियों के बीच बंटी दुनिया और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की गुटबाजी ने इस संकट को और गहरा कर दिया है।

बढ़ता परमाणु खतरा

खतरे के केंद्र में एशिया महाद्वीप

- एशिया, जो दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला महाद्वीप है, इस खतरे के केंद्र में है। ईरान का मुद्दा सीधे तौर पर पश्चिम और दक्षिण एशिया की सुरक्षा और अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता है। यदि यह तनाव युद्ध में बदलता है, तो इसके परिणाम केवल क्षेत्रीय नहीं बल्कि प्रलयंकारी होंगे। भारत जैसे देशों के लिए यह स्थिति ऊर्जा सुरक्षा और रणनीतिक संतुलन बनाए रखने की एक कठिन परीक्षा है। अगले कुछ वर्षों में वैश्विक नेतृत्व का कौशल इस बात पर निर्भर करेगा कि वे परमाणु प्रसार को रोकने और दुनिया को एक और महाविनाश से बचाने में कितने सफल होते हैं।

आईएईए की भूमिका

- परमाणु प्रहरी : आईएईए दुनिया की परमाणु प्रहरी है। इसका मुख्य कार्य यह सुनिश्चित करना है कि परमाणु ऊर्जा का उपयोग केवल शांतिपूर्ण कार्यों के लिए हो।
- निगरानी और निरीक्षण : आईएईए के निरीक्षक संदिग्ध परमाणु केंद्रों का दौरा करते हैं और सीसीटीवी कैमरों व सील के जरिए यूरेनियम की मात्रा पर नजर रखते हैं।
- तकनीकी रिपोर्टिंग : एजेंसी संयुक्त राष्ट्र को नियमित रिपोर्ट देती है कि क्या कोई देश परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के नियमों का उल्लंघन कर रहा है।

हालिया रिपोर्ट

- चिंताजनक : आईएईए की हालिया रिपोर्टों में चिंता जताई गई है कि ईरान ने 60% शुद्धता तक यूरेनियम का भंडार बढ़ा लिया है। 60 से 90% (हथियार ग्रेड) तक पहुँचना तकनीकी रूप से बहुत आसान और कम समय लेने वाला काम है।
- निरीक्षण में बाधा : ईरान ने कई मौकों पर आईएईए निरीक्षकों के प्रवेश पर रोक लगाई है, जिससे गोपनीय परमाणु कार्यक्रम की आशंका और प्रबल हो गई है।

संरा सुरक्षा परिषद का रुख

- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने ईरान पर कई आर्थिक और सैन्य प्रतिबंध लगाए हैं ताकि उसे परमाणु कार्यक्रम रोकने पर मजबूर किया जा सके। • जहाँ अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस ईरान पर सख्त कार्रवाई चाहते हैं, वहीं रूस और चीन सॉफ्ट रुख अपनाते हैं।

भारत और एशिया के समक्ष चुनौती

- ऊर्जा सुरक्षा : भारत अपनी तेल जरूरतों के लिए पश्चिम एशिया पर निर्भर है। युद्ध होने पर तेल की कीमतें आसमान छूएँगी, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था चरमरा सकती है।
- सामरिक संतुलन : यदि ईरान परमाणु बम बनाता है, तो सऊदी अरब और तुर्की जैसे देश भी परमाणु हथियार की दौड़ में शामिल हो सकते हैं, जिससे एशिया एक परमाणु बारूद घर बन जाएगा।
- चाबहार और कनेक्टिविटी : भारत का ईरान में चाबहार बंदरगाह प्रोजेक्ट और मध्य एशिया तक पहुँचने का रास्ता खतरे में पड़ सकता है।

वाणिज्यिक पोतों, तेल टैंकरों की सुरक्षा में नौसेना की भूमिका महत्वपूर्ण : राजनाथ

आईएनएस तारागिरी नौसेना में औपचारिक रूप से शामिल, विशाखापत्तनम में जलावतरण

विशाखापत्तनम, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि ऊर्जा आपूर्ति समेत देश का 95 प्रतिशत व्यापार समुद्री मार्ग से होता है और ऐसे में उभरते समुद्री खतरों के बीच वाणिज्यिक जहाजों और तेल टैंकरों की सुरक्षा में भारतीय नौसेना की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहां आईएनएस तारागिरी के जलावतरण समारोह को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि भारतीय नौसेना हिंद महासागर में लगातार अपनी उपस्थिति बनाए रखती है, चाहे वह फारस की खाड़ी हो या मलक्का जलडमरूमध्य।

रक्षा मंत्री ने कहा कि जब भी कोई संकट आता है, चाहे वह लोगों को निकालने का अभियान हो या मानवीय सहायता पहुंचाना, हमारी नौसेना हमेशा सबसे आगे रहती है। मुझे लगता है कि हमारी नौसेना भारत के मूल्यों और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। मेरा मानना है कि आईएनएस तारागिरी के सेवा में शामिल होने से हमारी नौसेना की शक्ति, मूल्यों एवं प्रति बद्धता में और भी वृद्धि होगी।

पश्चिम एशिया में मौजूदा परिस्थितियों के कारण तेल आपूर्ति में बाधा और टैंकरों को रोके जाने की स्थिति के बीच रक्षामंत्री की ये टिप्पणियां महत्वपूर्ण मानी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि एक मजबूत और सक्षम नौसेना देश के लिए विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि समुद्र में कई संवेदनशील क्षेत्र हैं, जहां हमारी नौसेना लगातार सक्रिय उपस्थिति बनाए रखती है ताकि वस्तुओं की आपूर्ति सुचारु बनी रहे। जब भी वहां तनाव की स्थिति उत्पन्न होती है, भारतीय नौसेना हमारे वाणिज्यिक जहाजों और तेल टैंकरों की सुरक्षा सुनिश्चित करती है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय नौसेना ने यह साबित किया है कि वह न केवल देश के हितों की रक्षा करने में सक्षम है, बल्कि जरूरत पड़ने पर दुनिया भर में अपने नागरिकों और व्यापारिक मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर कदम उठा सकती है। उन्होंने कहा कि यह क्षमता भारत को एक ज़िम्मेदार समुद्री शक्ति बनाती है।

दुश्मन की गतिविधियों पर हर पल होगी भारत की नजर

रक्षा मंत्री के अनुसार, आईएनएस तारागिरी ऐसी प्रणाली से लैस है जिसे दुश्मन की गतिविधियों पर नज़र रखने, अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने और ज़रूरत पड़ने पर तुरंत जवाबी कार्रवाई करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। सिंह ने कहा कि इसमें आधुनिक रडार, सोनार और मिसाइल प्रणालियां शामिल हैं जैसे कि ब्रह्मोस और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, जो इसकी अभियानगत क्षमता को और बढ़ाती हैं। उन्होंने कहा कि तीव्र युद्ध से लेकर समुद्री सुरक्षा, समुद्री दस्यु-रोधी अभियानों, तटीय निगरानी और मानवीय मिशन तक-यह हर भूमिका में पूरी तरह से उपयुक्त बैठता है, जो इसे एक अद्वितीय नौसैन्य मंच बनाता है। प्रोजेक्ट 17ए के तहत चौथे प्लेटफॉर्म के रूप में, तारागिरी 6,670 टन वजनी युद्धपोत है, जिसे मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड द्वारा निर्मित किया गया है। यह उन्नत डिज़ाइन और इंजीनियरिंग उत्कृष्टता का बेजोड़ उदाहरण है। यह जटिल समुद्री वातावरण में गुप्त अभियान चलाने और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने में सक्षम है।

परमाणु चालित पनडुब्बी अरिदमन सेवा में शामिल

नई दिल्ली। भारत ने स्वदेशी रूप से निर्मित अपनी नई परमाणु-चालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी आईएनएस अरिदमन को शुक्रवार को सेवा में शामिल कर लिया, जिससे देश के परमाणु त्रय के नौसैन्य घटक को और मजबूती मिली है। भारत का परमाणु-चालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी (एसएसबीएन) कार्यक्रम एक अत्यंत गोपनीय परियोजना है। आईएनएस अरिहंत एसएसबीएन परियोजना के तहत पहली पनडुब्बी थी, जिसके बाद दूसरी पनडुब्बी आईएनएस अरिघात आई। भारत उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल है, जिनके पास परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बियां हैं। जिन देशों के पास ऐसी क्षमताएं हैं, उनमें अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस और चीन शामिल हैं।

म्यांमार की संसद ने मौजूदा जनरल मिन आंग ह्लाइंग को चुना राष्ट्रपति

बैंकॉक, एजेंसी

म्यांमार की संसद ने शुक्रवार को मिन आंग ह्लाइंग को देश का नया राष्ट्रपति चुन लिया जो सेना के जनरल रह चुके हैं। ह्लाइंग ने 2021 में आंग सान सू ची की असैन्य सरकार को सत्ता से बेदखल कर दिया था और पिछले पांच वर्षों से सत्ता पर अपना कड़ा नियंत्रण बनाए रखा। यह कदम औपचारिक रूप से निर्वाचित सरकार की वापसी को दर्शाता है।

हालांकि व्यापक रूप से इसे सेना द्वारा आयोजित चुनाव के बाद सत्ता में बने रहने के उसके प्रयास के रूप में देखा जा रहा है क्योंकि विरोधियों और स्वतंत्र पर्यवेक्षकों ने इस चुनाव को न तो स्वतंत्र और न ही निष्पक्ष माना है। निर्वाचित सरकार की स्थापना होने से, देश में सैन्य तख्तापलट के बाद दक्षिण-पूर्वी एशिया के कुछ पड़ोसी देशों के साथ बिगड़े संबंधों के सुधरने की उम्मीद है। चीन और रूस ने सैन्य प्रशासन का समर्थन किया है, जबकि पश्चिमी देशों ने प्रतिबंध लगाए हैं। मिन आंग ह्लाइंग राष्ट्रपति पद के लिए तीन नामांकित व्यक्तियों में से एक थे, लेकिन सैन्य समर्थित दलों के सांसदों और सेना द्वारा नियुक्त सदस्यों का संसद में भारी बहुमत होने के कारण उनकी नियुक्ति लगभग तय मानी जा रही थी।

- ह्लाइंग ने ही किया था आंग सू की सरकार को सत्ता से बेदखल

मतदान राजधानी नेपीताव में नवनिर्मित संसद भवन में हुआ, जो पिछले साल आए भूकंप में क्षतिग्रस्त हो गया था। संसद के संयुक्त ऊपरी और निचले सदन के अध्यक्ष आंग लिन ड्वे ने घोषणा की कि मिन आंग ह्लाइंग ने 584 में से 429 वोट हासिल किए हैं। दूसरे स्थान पर रहे दोनों उम्मीदवार उपराष्ट्रपति बने हैं। पूर्व जनरल न्यो सॉ, जो मिन आंग ह्लाइंग के सलाहकार रह चुके हैं और सैन्य समर्थक यूनियन सॉलिडैरिटी एंड डेवलपमेंट पार्टी की करेन जातीय समूह की नेता नान नी नी ऐ देश की पहली महिला उपराष्ट्रपति होंगी।

आर्टेमिस-2 के अंतरिक्ष यात्री चांद की ओर रवाना

केप केनवरल। नासा के आर्टेमिस-2 मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों ने बृहस्पतिवार रात अपने इंजन चालू किए और चंद्रमा की ओर प्रस्थान किया, जिससे दशकों तक पृथ्वी की कक्षा तक सीमित रहे मानव कदम अब चांद की ओर बढ़ गए हैं। प्रक्षेपण के 25 घंटे तक पृथ्वी के करीब रहने के बाद हुआ यह 'ट्रांसलूनर इग्निशन' तीन अमेरिकी और एक कनाडाई अंतरिक्ष यात्री को अगले सप्ताह की शुरुआत में चंद्रमा के पास से गुजरने की दिशा में ले जाएगा। उनका ओरियन कैप्सूल पृथ्वी की कक्षा से निकलकर लगभग चार लाख किलोमीटर दूर चंद्रमा की ओर बढ़ गया है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की अधिकारी लोरी ग्लेज ने कहा कि मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि 1972 में अपोलो-17 के बाद पहली बार इंसान पृथ्वी की कक्षा से बाहर गए हैं। उन्होंने बताया कि इंजन का संचालन पूरी तरह सफल रहा। कनाडाई अंतरिक्ष यात्री जेरेमी हैनसेन ने कहा कि वह और उनके साथी खिड़कियों से पृथ्वी को दूर जाते हुए देख रहे थे और यह दृश्य अद्भुत था। हैनसेन ने कहा कि मानवता ने एक बार फिर दिखा दिया है कि हम क्या कर सकते हैं और भविष्य के लिए आपकी उम्मीदें ही हमें चंद्रमा की यात्रा पर आगे बढ़ा रही हैं।

- मिशन में शामिल हैं तीन अमेरिकी और एक कनाडाई अंतरिक्ष यात्री

सदियों से हो रहे अत्याचार को लेकर दलितों से माफी मांगेंगे नेपाल के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह

काठमांडू, एजेंसी। नेपाल में प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह के देश के दलितों पर सदियों से हो रहे अत्याचार को लेकर माफी मांगने के ऐलान का आम लोगों, सामाजिक संगठनों ने दिल खोल कर स्वागत किया है। गौरतलब है कि नेपाल में दलित समुदाय को दशकों से देश की राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक संरचनाओं से व्यवस्थित रूप से बाहर रखा गया है। उनको पीढ़ियों से, सामाजिक जगहों और सरकारी तंत्र, दोनों में ही गंभीर अन्याय और अमानवीय व्यवहार का सामना करना पड़ा है। सदियों से चले आ रहे इस उत्पीड़न को स्वीकार करते हुए, प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह के नेतृत्व वाली नई सरकार ने अपने 100-सूत्रीय कार्ययोजना के हिस्से के तौर पर, दलितों और ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर पड़े समुदायों से औपचारिक रूप से माफी मांगने और 15 दिनों के भीतर उनके उत्थान के लिए विशेष सुधार कार्यक्रमों की घोषणा करने का फैसला किया।

माफी मांगने के प्रधानमंत्री के ऐलान का आमजन और संगठनों ने किया स्वागत

उनके इस ऐलान का दलित समुदाय के नेताओं, समाज सुधार के लिए काम करने वाले संगठनों ने खुशी का इजहार किया है। उन्होंने यह भी कहा है कि यह सही दिशा में उठाया गया कदम है लेकिन यह अपने आप में पर्याप्त नहीं है।

महावीर सिंघवी बने टोरंटो में भारत के महावाणिज्यदूत

ओटावा। वरिष्ठ राजनयिक महावीर सिंघवी ने टोरंटो में भारत के नये महावाणिज्यदूत के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है, जब नई दिल्ली और ओटावा व्यापार, निवेश एवं ऊर्जा सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक विस्तार देने की कोशिशों में जुटे हैं। सिंघवी भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के 1999 बैच के अधिकारी हैं। वह नई भूमिका संभालने से पहले नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय के मुख्यालय में अतिरिक्त सचिव के रूप में कार्यरत थे।

अमेरिका सेना प्रमुख जनरल रैंडी को हटाया

वाशिंगटन। अमेरिका के युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ ने सेना प्रमुख जनरल रैंडी जॉर्ज को उनके पद से हटा दिया है। इसके अलावा दो अन्य उच्च सैन्य अधिकारियों को भी बर्खास्त किया गया है। यह फैसला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान संघर्ष को लेकर राष्ट्र के नाम संबोधन के एक दिन बाद गुरुवार को आया है। ट्रंप ने घोषणा की थी कि अमेरिका ईरान के खिलाफ सैन्य हमलों को और तेज करेगा। उन्होंने संकेत दिया कि यह संघर्ष अगले दो से तीन हफ्तों में समाप्त हो सकता है।

जनरल जॉर्ज के अलावा दो अन्य उच्च पदस्थ सैन्य अधिकारियों को भी बर्खास्त किया गया है। इनमें मेजर जनरल विलियम ग्रीन जूनियर और जनरल डेविड होडने शामिल हैं। एक अमेरिकी अधिकारी के मुताबिक, ये कदम इस अस्थिर दौर में रक्षा विभाग के ढांचे को नया रूप देने के रक्षा मंत्री के व्यापक प्रयासों का हिस्सा हैं। हालांकि जनरल जॉर्ज के कार्यकाल में एक साल से अधिक का समय शेष था।

रोका जाए पश्चिम एशिया में चल रहा युद्ध

न्यूयॉर्क। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने चेतावनी दी है कि पांचवें हफ्ते में पहुंच चुका ईरान युद्ध पूरे क्षेत्र को एक व्यापक संघर्ष की ओर धकेल रहा है, जिससे वैश्विक आर्थिक और मानवीय संकट पैदा हो सकता है। इसे तत्काल रोका जाना चाहिए गुटेरेस ने गुरुवार को प्रेस वार्ता के दौरान कहा, यह युद्ध जितने दिन खिंचेगा, मानवीय पीड़ा उतनी ही बढ़ेगी। हम एक व्यापक युद्ध के मुहाने पर हैं जो पूरे पश्चिमी एशिया को अपनी चपेट में ले लेगा और इसका दुनिया भर में नाटकीय असर होगा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने इसके वैश्विक आर्थिक और मानवीय परिणामों पर जोर देते हुए फिलीपींस से लेकर श्रीलंका और मोजाम्बिक तक के कमजोर समुदायों पर खाद्य और ऊर्जा की बढ़ती कीमतों के प्रभाव का जिक्र किया। उन्होंने महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य की ओर इशारा करते हुए चेतावनी दी कि जहाजों की आवाजाही की स्वतंत्रता में बाधा आने से दुनिया के सबसे गरीब लोगों के लिए खतरा पैदा हो गया है।

कैसा रहेगा आपका आज का दिन

मेष — आज का दिन ऊर्जा से भरपूर रहेगा। स्वाति नक्षत्र आपके निर्णयों को तीक्ष्ण बनाएगा। निवेश सोच-समझकर करें।

वृष — आज संबंधों में मधुरता रहेगी। चंद्र तुला से पारिवारिक सामंजस्य बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति बेहतर, पर खर्च भी बढ़ सकते हैं।

मिथुन — आज बौद्धिक क्षमता शिखर पर। प्रतियोगी परीक्षा, लेखन और स्क्रिप्टिंग सबमें सफलता मिलेगी। कोई नया अवसर मिल सकता है।

कर्क — आज चंद्रमा की स्थिति मानसिक हलचल ला सकती है। घर-परिवार में सहमति बनेगी। वाहन चलाते समय सावधानी।

सिंह — आज आकर्षण और करिश्मा बढ़ेगा। लोगों पर प्रभाव जमाएंगे। मीडिया, क्रिएटिविटी और पब्लिक डीलिंग वालों के लिए लाभप्रद है।

कन्या — आज आपकी योजना और रणनीति सफल रहेगी। व्यापार में विस्तार, नौकरी में मान-सम्मान बढ़ेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

तुला — आज चंद्रमा आपकी राशि में आत्मविश्वास, सौंदर्य, लोकप्रियता सब बढ़ेगा। अधिक भावुक निर्णय से बचें।

वृश्चिक — आज गुप्त शत्रु शांत होंगे। न्याय आपके पक्ष में होगा। भूमि-भवन से लाभ होगा। ध्यान-योग लाभकारी रहेगी।

धनु — आज धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। कोई अनुभवी व्यक्ति मार्गदर्शन देगा। लक्ष्य स्पष्ट होंगे। दांपत्य में सामंजस्य मजबूत होगा।

मकर — आज करियर में मजबूत स्थितियां रहेंगी। रूके हुए काम पूरे होंगे। नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी।

कुंभ — आज यात्रा, व्यापार, कम्युनिकेशन सब आपके पक्ष में होगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात लाभ देगी।

मीन — आज के दिन नए काम की शुरुआत शुभ होगी। मंगल-शनि का प्रभाव आपको दृढ़ और कार्यशील बनाएगा। आर्थिक वृद्धि के संकेत हैं।

आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय



आज की ग्रह स्थिति : 4 अप्रैल, शनिवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वितीया 10 .08 तक तत्पश्चात तृतीया।

दिशाशूल- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-स्वाती 21.35 तक तत्पश्चात विशाखा।

सुडोकू - 108 का हल

4	2	3	7	6	9	8	1	5
8	6	1	5	4	3	7	2	9
9	7	5	1	8	2	3	4	6
1	3	7	6	9	5	4	8	2
6	5	8	3	2	4	1	9	7
2	4	9	8	1	7	6	5	3
3	9	2	4	7	8	5	6	1
5	8	6	9	3	1	2	7	4
7	1	4	2	5	6	9	3	8

सुडोकू -109

					4	7		9
4		1		3		8		
		2		5		4		
2	7						3	4
		5				9		
6	8			9			5	
		3				2		
		7		4		5		6
9			7					

मुक्त न्याय — न्यायमूर्ति विक्रमनाथ बोले-प्रौद्योगिकी ने संवैधानिक संस्थाओं की जगह नहीं ली, माहौल बदल दिया

अदालती कार्यवाही के प्रसारण से मजबूत होती है जवाबदेही

अहमदाबाद, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश विक्रम नाथ ने शुक्रवार को कहा कि प्रौद्योगिकी ने संवैधानिक संस्थाओं की जगह नहीं ली है, बल्कि उस माहौल को बदल दिया है, जिसमें उनकी वैधता स्थापित होती है। उन्होंने कहा कि डिजिटल एकीकरण अब सिर्फ़ एक अतिरिक्त चीज नहीं, बल्कि एक प्रक्रियागत नियम बन गया है। वह यहां डिजिटल गणराज्य में मुक्त न्याय विषय पर 21वां न्यायमूर्ति पीडी. देसाई स्मृति व्याख्यान दे रहे थे।

न्यायमूर्ति नाथ ने कहा कि अदालती कार्यवाही के इंटरनेट के माध्यम से सीधे प्रसारण से व्यवस्था के अंदर जवाबदेही मजबूत होती है, आम लोगों तक पहुंच बढ़ती है, संस्था अपने लोगों से जुड़ी रहती है, और यह भारत में कानूनी साक्षरता को बेहतर बनाने का सबसे असरदार जरिया बन सकती है। उन्होंने कहा कि आज नागरिक फोन और सोशल मीडिया मंचों के जरिये सीखते हैं, परिचर्चा करते हैं, आलोचना करते हैं और हिस्सा लेते हैं। सार्वजनिक जवाबदेही अब तेजी से डिजिटल क्षेत्रों में आकार ले रही है। प्रौद्योगिकी ने संवैधानिक संस्थाओं की जगह नहीं ली है, लेकिन इसने उस माहौल को बदल दिया है जिसमें उनकी वैधता आकार लेती है। उन्होंने कहा कि अगर प्रौद्योगिकी गरिमा और निष्पक्षता से समझौता किए बिना पब्लिक गैलरी का विस्तार कर सकती है, तो खुलापन उस संवैधानिक वादे के और करीब आ जाता है, जिसका लाभ आम नागरिक उठा सकते हैं।

संस्थागत प्रवृत्ति से ही संवैधानिक विचार सार्थक

न्यायमूर्ति विक्रमनाथ ने बताया कि कोई भी संवैधानिक विचार तभी सार्थक होता है, जब वह संस्थागत प्रवृत्ति में बदल जाए। न्यायमूर्ति नाथ उस समय गुजरात हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश थे, जब 26 अक्टूबर 2020 को कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान अदालत की कार्यवाही का यूट्यूब पर सीधा प्रसारण शुरू किया गया था। ऐसा करने वाला यह देश का पहला हाईकोर्ट था। जुलाई 2021 में पूरी अदालत की कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग भी शुरू कर दी गई।

पाकिस्तान के प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में आत्मघाती कार हमले में पांच की मौत

पेशावर। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम में एक पुलिस थाने को निशाना बनाकर किए गए आत्मघाती कार हमले में बृहस्पतिवार देर रात एक ही परिवार के चार सदस्य समेत पांच लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार बताया कि आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से भरी अपनी गाड़ी को खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू जिले की डोमेल तहसील स्थित पुलिस थाने के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी, जिससे एक जोरदार धमाका हुआ। विस्फोट की तीव्रता इतनी अधिक थी कि उसकी आवाज कई मील दूर तक सुनाई दी, जिससे निवासियों में दहशत फैल गई। विस्फोट के तुरंत बाद गोलीबारी शुरू हो गई, जिससे इलाके में तनाव और बढ़ गया। किसी भी समूह ने तत्काल हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। बचाव दल ने मौके से पांच शव बरामद किए हैं।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी का कोई इरादा नहीं है। परिवार को समय देने के लिए उन्होंने संन्यास का फैसला किया था। मैंने दो सप्ताह तक सोचा, लेकिन फिर फैसला लिया कि वापसी नहीं करनी है।
–हेनरिच क्लासेन

स्टेडियम

अयोध्या, शनिवार, 4 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

IPL 2026

आज के मुकाबले

1. दिल्ली कैपिटल्स बनाम मुंबई इंडियंस
समय - दोपहर 3:30 बजे

2. राजस्थान रॉयल्स बनाम गुजरात टाइटंस
समय - शाम 7:30 बजे

म्हात्रे के विस्फोटक पचासे से चेन्नई ने पंजाब को दिया 210 रनों का लक्ष्य

आईपीएल-2026 : संजू सैमसन फिर नहीं कर पाए कमाल, विशाख ने झटके दो विकेट

चेन्नई, एजेंसी

आयुष म्हात्रे के 43 गेंद पर 73 रनों की मदद से चेन्नई सुपर किंग्स ने पंजाब किंग्स के खिलाफ शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में पांच विकेट पर 209 रन बनाये। संजू सैमसन (सात) के जल्दी आउट होने के बाद म्हात्रे ने कप्तान रूतुराज गायकवाड़ (28) के साथ दूसरे विकेट के लिये 96 रन की साझेदारी की।

सैमसन ने जेवियर बार्टलेट की आउटस्विंगर पर कवर में शॉट खेलने की कोशिश की लेकिन विकेट के पीछे प्रभसिमरन सिंह को कैच दे बैठे। इसके बाद हालांकि म्हात्रे ने पंजाब के गेंदबाजों पर दबाव बना दिया।

उन्होंने बार्टलेट को लगातार तीन चौके लगाये और पावरप्ले में चेन्नई को एक विकेट पर 57 रन तक पहुंचाया। इससे पहले शॉर्टपिच गेंदों पर असहज महसूस कर रहे म्हात्रे आत्मविश्वास से ओतप्रोत दिखे और मुंबई के इस युवा बल्लेबाज ने मार्को यानसेन को छक्का लगाया। इसके बाद मार्कस स्टोइनिस को लगातार दो छक्के लगाये और 29 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने अपने से 17 साल छोटे इस बल्लेबाज को लगातार गुगली डालकर फांसने की कोशिश की लेकिन कामयाबी नहीं मिली।

म्हात्रे को 59 के स्कोर पर विजयकुमार विशाख ने और 67 के स्कोर पर शशांक सिंह ने डीप में जीवनदान दिया। वह विशाख की गेंद पर खराब शॉट खेलकर शॉर्ट थर्डमैन में चहल को कैच देकर लौटे। इस बीच गायकवाड़ को भी चहल ने आउट किया। चेन्नई ने दसवें से 15वें ओवर के बीच सिर्फ 45 रन बनाये। सरफराज खान ने 12 गेंद में 32 रन बनाकर रनगति तेज करने की कोशिश की।

उन्होंने अर्शदीप सिंह और विशाख को लगातार तीन तीन चौके लगाये लेकिन विशाख की ही गेंद पर निहाल वढेरा को कैच देकर पवेलियन लौटे। शिवम दुबे ने 27 गेंद में नाबाद 45 रन बनाये और चेन्नई ने आखिरी पांच ओवर में 64 रन बनाकर 200 का आंकड़ा पार किया।

अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते आयुष म्हात्रे। एजेंसी

चेन्नई सुपर किंग्स

209/5 (20 ओवर)

- संजू सैमसन का प्रभसिमरन बो बार्टलेट 07
- रूतुराज गायकवाड़ का वढेरा बो चहल 28
- आयुष म्हात्रे का चहल बो विशाख 73
- शिवम दुबे नाबाद 45
- कार्तिक शर्मा पगबाधा बो यानसेन 01
- सरफराज खान का वढेरा बो विशाख 32
- प्रशांत वीर नाबाद 06

अतिरिक्त : 17 रन

गेंदबाजी : अर्शदीप 4-0-41-0, बार्टलेट 4-0-48-1, यानसेन 4-0-43-1, विशाख 4-0-38-2, चहल 3-0-21-1, स्टोइनिस 1-0-17-0

दिनेश कार्तिक ने मेरी मदद की: जितेश

बेंगलुरु। आरसीबी के उप कप्तान जितेश शर्मा ने कहा कि जब अपने पिता के निधन के बाद वह भावनात्मक रूप से कमजोर महसूस कर रहे थे तब पूर्व भारतीय विकेटकीपर दिनेश कार्तिक ने उनकी काफी मदद की। जितेश ने कहा कि इस साल फरवरी में उनके पिता के निधन के बाद कार्तिक ने उन्हें कुछ समय के लिए खेल से दूर रहने और भावनात्मक रूप से मजबूत बनने के लिए प्रोत्साहित किया था। जितेश ने आरसीबी के एक पॉडकास्ट में कहा दिनेश कार्तिक अन्ना ने मुझसे कहा कि मैं थोड़ा आराम करूं। कुछ समय के लिए खेल से दूर रहूं तथा अपने परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताऊं। इससे मुझे फिर से तरोताजा होने में मदद मिली।

अंक तालिका

	टीम	मैच	जीते	हारे	टाई	अंक	नेट रन रेट
1.	राजस्थान रॉयल्स	1	1	0	0	2	4.171
2.	रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	1	1	0	0	2	2.907
3.	दिल्ली कैपिटल्स	1	1	0	0	2	1.397
4.	मुंबई इंडियंस	1	1	0	0	2	0.687
5.	पंजाब किंग्स	1	1	0	0	2	0.509
6.	सनराइज़र्स हैदराबाद	2	1	1	0	2	0.469
7.	गुजरात टाइटंस	1	0	1	0	0	-0.509
8.	लखनऊ सुपर जाएंट्स	1	0	1	0	0	-1.397
9.	कोलकाता नाइट राइडर्स	2	0	2	0	0	-1.964
10.	चेन्नई सुपर किंग्स	1	0	1	0	0	-4.171

ऑरेंज कैप



अंगकृष रघुवंशी
केकेआर 103
ईशान किशन
हैदराबाद 94 रन
हेनरिच क्लासेन
हैदराबाद 83 रन

पर्पल कैप

विजयकुमार वैशक
पंजाब 5 विकेट
जयदेव उनादकट
हैदराबाद 4 विकेट
ब्लेसिंग मुजरबानी
केकेआर 4 विकेट



हाईलाइट

डेल स्टेन की स्विंग ने तेज गेंदबाज बनने के लिए किया प्रेरित : नबी

मुंबई। जम्मू कश्मीर के खिलाड़ी औकिब नबी ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन की तेज गति से गेंद को स्विंग कराने की क्षमता ने उन्हें तेज गेंदबाज बनने के लिए प्रेरित किया। इस साल जम्मू-कश्मीर को रणजी ट्रॉफी में पहली बार खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले नबी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स की टीम में शामिल हैं। उन्हें शनिवार को दिल्ली के घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलने का मौका मिल सकता है। नबी ने जियो हॉटस्टार से कहा बचपन में मैं डेल स्टेन को गेंदबाजी करते हुए देखता था। जिस तरह से वह तेज गति से गेंद को स्विंग कराते थे, उससे मुझे तेज गेंदबाज बनने की प्रेरणा मिली और उम्मीद है कि एक दिन मैं भारत के लिए खेलूंगा। उन्होंने कहा क्रिकेट खेलने के कारण मुझे पिता से बहुत डांट पड़ती थी। वह नहीं चाहते थे कि मैं क्रिकेटर बनूं। वह चाहते थे कि मैं डॉक्टर बनूं।

ग्रीन ने केकेआर का बिगाड़ दिया संतुलन : गावस्कर

नई दिल्ली, एजेंसी

- बोले-टीम को एक और विशेषज्ञ बल्लेबाज को लाने पर विचार करना चाहिए

महान खिलाड़ी सुनील गावस्कर ने शुक्रवार को कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) से एक और विशेषज्ञ बल्लेबाज को लाने पर विचार करने की बात कही क्योंकि ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन की सीमित भूमिका ने इस आईपीएल में उनकी टीम का संतुलन बिगाड़ दिया है।

ग्रीन को आईपीएल से संन्यास ले चुके आंद्रे रसेल की जगह नीलामी में 25.20 करोड़ रुपये में खरीदा गया था और वह क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के कार्यभार प्रबंधन के कारण केकेआर के पहले दो मैच में गेंदबाजी नहीं कर पाए। यह बात टीम प्रबंधन को पसंद नहीं आई। गावस्कर ने कहा अगर कैमरन ग्रीन गेंदबाजी नहीं करने वाले हैं तो केकेआर को अपने संयोजन के बारे में सोचना होगा। अगर वह गेंद से योगदान नहीं दे रहे हैं तो उन्हें किसी दूसरे विशेषज्ञ बल्लेबाज को लाने पर विचार करना पड़ सकता है। मुंबई इंडियंस से हार से अपने अभियान की शुरुआत करने के बाद केकेआर को बृहस्पतिवार को सनराजइर्स हैदराबाद से 65 रन से एक और हार का सामना करना पड़ा।

गावस्कर ने कहा हम जानते हैं कि उसने आईपीएल में शतक जड़ा है। वह अच्छी बल्लेबाजी कर सकता है लेकिन हाल में उसकी फॉर्म अच्छी नहीं रही है।

मुंबई के खिलाफ दिल्ली के शीर्ष क्रम पर होगी निगाह

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स शनिवार को यहां जब अपने घरेलू मैदान पर पहले मैच में आत्मविश्वास से ओतप्रोत मुंबई इंडियंस का सामना करेगा तो सभी की निगाहें उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर टिकी होगी। दिल्ली कैपिटल्स ने पिछले साल पारी की शुरुआत करने के लिए सात जोड़ियों को आजमाया था। उम्मीद की जा रही थी कि इस साल वह इसमें अधिक स्थिरता लाएगा, लेकिन शुरुआती संकेतों से पता चलता है कि समस्या अब भी बनी हुई है।

दिल्ली कैपिटल्स पहले मैच में लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ 142 रन का पीछा करते हुए अच्छी शुरुआत नहीं कर पाया था। केएल राहुल पहली ही गेंद पर आउट हो गए, जबकि नितीश राणा और पथुम निस्संका भी नहीं टिक पाए जिससे उसका स्कोर चार विकेट पर 26 रन हो गया। इसके बाद 22 वर्षीय समीर रिजवी ने 'इंपैक्ट प्लेयर' के रूप में उतरकर संयम और परिपक्वता का शानदार परिचय देते हुए नाबाद अर्धशतक लगाया। इन्होंने अनुभवी ट्रिस्टन स्टब्स के साथ मिलकर 119 रन की अटूट साझेदारी करके अपनी टीम को छह विकेट से जीत दिलाई थी। रिजवी का प्रदर्शन दिल्ली के लिए अच्छा संकेत है लेकिन शीर्ष क्रम में उसकी कमजोरी चिंता का विषय है। अब उसे जसप्रीत बुमराह के अगुवाई वाले मुंबई के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण का सामना करना है और उसके लिए यह आसान नहीं होगा। अपने पहले आईपीएल खिताब की तलाश में जुटी कैपिटल्स की टीम शीर्ष क्रम में अधिक स्थिरता देखने के लिए उत्सुक होगी। उसके पास दो विकल्प हैं। या तो पिछले सत्र में अच्छा प्रदर्शन करने अभिषेक पोरेल या फिर निरंतरता बनाए रखने में नाकाम रहे पृथ्वी साव पर भरोसा दिखाए। दिल्ली की गेंदबाजों का सामना अब रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा जैसे बल्लेबाजों से होगा और इसलिए उन्हें अपनी गति में विविधता और स्पिन पर नियंत्रण रखने की जरूरत पड़ेगी। मुंबई इंडियंस पिछले कई वर्षों से आईपीएल में अच्छी शुरुआत नहीं कर पा रहा था लेकिन इस बार उसने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ जीत हासिल करने पहले मैच में हार के 14 साल के सिलसिले को खत्म कर दिया।

अभ्यास सत्र के दौरान मुंबई इंडियंस के सूर्यकुमार यादव (दाएं) और दिल्ली कैपिटल्स के मुकेश कुमार। एजेंसी

- पिछले मैच में पहली ही गेंद पर आउट हो गए थे केएल राहुल

टीम

दिल्ली कैपिटल्स : अभिषेक पोरेल, केएल राहुल, नितीश राणा, समीर रिज़वी, ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल, आशुतोष शर्मा, दुष्मंथा चमीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विप्रज निगम, मिचेल स्टार्क, त्रिपुराना विजय, डेविड मिलर, औकिब नबी डार, पथुम निसांका, लुंगी एनगिडी, पृथ्वी साव, काइल जैमीसन, अजय जादव मंडल, टी नटराजन, माधव तिवारी, करुण नायर, साहिल पारख।

मुंबई इंडियंस : हार्दिक पंड्या (कप्तान), क्विंटन डीकॉक, दानिश मालेवार, रॉबिन मिंज, रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), शेरफेन रदरफोर्ड, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, अथर्व अंकोलेकर, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स, मयंक रावत, नमन धीर, मिचेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, तिलक वर्मा, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, एएम गजनफर, मयंक मार्कंडेय, मोहम्मद इज़हार, रघु शर्मा।

अहमदाबाद में अभ्यास सत्र के दौरान गुजरात टाइटंस के राशिद खान। एजेंसी

सूर्यवंशी के सामने टाइटंस के तेज गेंदबाजों की होगी कड़ी परीक्षा

अहमदाबाद, एजेंसी

कैगिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज की मौजूदगी वाला तेज गेंदबाजी आक्रमण देखने में तो काफी खतरनाक लगता है, लेकिन शनिवार को यहां राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस के बीच होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मैच में बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर 'वंडर ब्वाय' वैभव सूर्यवंशी के सामने उनकी कड़ी परीक्षा होगी। पंद्रह वर्षीय सूर्यवंशी ने आईपीएल में अपने दूसरे सत्र की शानदार शुरुआत की।

उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ केवल 15 गेंद पर अर्धशतक जड़ दिया था जिससे उसकी टीम ने 127 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर दिया था। सूर्यवंशी शनिवार को नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में एक बार फिर से आक्रामक रुख अपनाने की कोशिश करेंगे, लेकिन गुजरात टाइटंस का गेंदबाजी आक्रमण काफी मजबूत है जिसमें रबाडा, सिराज और प्रसिद्ध जैसे खतरनाक तेज गेंदबाज हैं। इस मैच में टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल से बेहतर रणनीति अपनाने की उम्मीद की जाएगी क्योंकि पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में टीम की हार के दौरान उनके कुछ फैसलों की आलोचना हुई थी। इस मैच में जहां सिराज को केवल दो ओवर दिए गए थे वहीं प्रसिद्ध को 13वें ओवर में गेंदबाजी के लिए लाया गया था। बल्लेबाजी की बात करें तो नरेन्द्र मोदी स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए स्वर्ग मानी जा रही है, जहां वे खुलकर बल्लेबाजी कर सकते हैं। टूर्नामेंट में अब तक सभी टीम ने लक्ष्य का पीछा करना अच्छा समझा है। राजस्थान रॉयल्स के पास नांद्रे बर्गर और जोफ्रा आर्चर जैसे दो अच्छे तेज गेंदबाज हैं तथा वह गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर को शुरुआती ओवरों में कड़ी चुनौती देना चाहेंगे। गुजरात टाइटंस की समस्या उसकी शीर्ष तीन बल्लेबाजों की पर अत्यधिक निर्भरता है। कप्तान गिल (27 गेंदों में 39 रन) और बटलर (33 गेंदों में 38 रन) दोनों ही मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने रंग में नहीं दिखे।

टीम

राजस्थान रॉयल्स : रियान पराग (कप्तान), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जयसवाल, रवींद्र जड़ेजा, एडम मिल्ने, ब्रिजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और संदीप शर्मा।

गुजरात टाइटंस : शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, जोस बटलर, निशांत सिंधु, वॉशिंगटन सुंदर, अरशद खान, शाहरुख खान, राहुल तेवतिया, कैगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, ईशांत शर्मा, गुरनूर सिंह बराड़, राशिद खान, मानव सुथार, साई किशोर, जयंत यादव।

मेरे स्ट्राइक रेट की आलोचना करने के पीछे खास एजेंडा : रहाणे

कोलकाता, एजेंसी

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने अपने स्ट्राइक रेट को लेकर हो रही आलोचना के बारे में कहा कि इस चर्चा के पीछे एक 'खास एजेंडा' और 'ईर्ष्या' का भाव मौजूद है। केकेआर की आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों 65 रन की करारी हार के बाद रहाणे के स्ट्राइक रेट पर सवाल उठने लगे हैं।

केकेआर की टीम 227 रन की लक्ष्य का पीछा करते हुए 16 ओवर में 161 रन पर आउट हो गयी। यह इस सत्र में उसकी लगातार दूसरी हार है। इस हार ने सारा ध्यान रहाणे के प्रदर्शन और स्ट्राइक रेट पर केंद्रित कर दिया। गुरुवार को 10 गेंदों में आठ रन बनाने वाले केकेआर के कप्तान ने आलोचनाओं पर अप्रत्याशित रूप से तल्ख रवैया अपनाया।

रहाणे ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा जहां तक मेरे स्ट्राइक रेट का सवाल है तो मुझे लगता है कि 2020 से अब तक मेरा स्ट्राइक रेट सबसे अच्छा रहा है। जो लोग मेरे बारे में बात कर रहे हैं, शायद वे मैच नहीं देख रहे हैं या उनके मन में मेरे खिलाफ कोई खास एजेंडा है। उन्हें मेरा खेलना पसंद नहीं है। उन्होंने कहा वे नहीं चाहते कि मैं खेलता रहूं। मैंने जितनी सफलता हासिल की है उसे देखकर शायद वे मुझसे ईर्ष्या करते हैं। मुझे इसकी ज्यादा चिंता नहीं है। भारतीय टीम से बाहर चल रहे इस खिलाड़ी ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मुंबई के लिए 10 पारियों में 161.57 के स्ट्राइक रेट से 391 रन बनाए थे। पिछले साल केकेआर आठवें स्थान पर रहा था लेकिन रहाणे ने टीम की तरफ से सर्वाधिक रन बनाए थे।

रहाणे बीच के ओवरों में अपेक्षित तेजी से रन नहीं बना पाए हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पहले मैच में रहाणे ने पहली 18 गेंदों में 36 रन बनाए, लेकिन अगली 22 गेंदों में केवल 31 रन ही बना सके। रहाणे ने कहा जो लोग बातें कर रहे हैं उन्हें खेल की समझ नहीं है।

पहले ही मैच में घबराने की जरूरत नहीं : कुलदीप

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के स्पिनर कुलदीप यादव ने शुक्रवार को कहा कि आईपीएल में पहले ही मैच के बाद शीर्ष क्रम के खराब प्रदर्शन को लेकर घबराने की कोई जरूरत नहीं है। दिल्ली कैपिटल्स ने टूर्नामेंट के पहले मैच में शीर्ष क्रम के चरमराने के बाद समीर रिजवी और ट्रिस्टन स्टब्स की मैच विजयी साझेदारी से छह विकेट से जीत हासिल की।

केएल राहुल पहली ही गेंद पर शून्य पर आउट हो गए जबकि पाथुम निसांका को रन बनाने में मुश्किल हुई और नीतिश राणा आक्रामक खेल दिखाने की कोशिश में आउट हो गए। मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कुलदीप ने कहानीतिश कई साल से खेल रहे हैं और आईपीएल के अनुभवी खिलाड़ी हैं।

सही कदम | पिता योगराज सिंह के विवादित बयानों पर जताया अफसोस

युवराज ने धोनी और कपिल से मांगी माफी

नई दिल्ली, एजेंसी

विश्व कप विजेता पूर्व भारतीय आलराउंडर युवराज सिंह ने कहा कि उनके पिता योगराज सिंह ने महेंद्र सिंह धोनी और कपिल देव के बारे में गुस्से में जो बातें कहीं, वे गलत थीं और इसके लिए माफी मांगते हैं।

उन्होंने कहा कि वह अपने पिता की इन विवादित बातों से सहमत नहीं हैं और इन खिलाड़ियों से दिल से माफी मांगते हैं। युवराज ने 'स्पोर्ट्स तक' के साथ एक पॉडकास्ट साक्षात्कार में अपने पिता के उस विवादित मुद्दे पर बात की जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय टीम से उनके बाहर होने के लिए धोनी को दोषी ठहराया था और साथ ही उन्होंने बीते समय में चयन के मुद्दों को लेकर भी कपिल को गाली दी थी। युवराज ने कहा मैं कपिल और एम एस धोनी से इन टिप्पणियों के लिए माफी मांगना चाहता हूं क्योंकि कपिल पाजी भारत के लिए एक महान खिलाड़ी रहे हैं। उनके (योगराज और कपिल) बीच कैसा रिश्ता था, मुझे नहीं पता, मैं तो तब पैदा भी नहीं हुआ था।

उन्होंने कहा मैं धोनी के साथ खेला हूं और उनके साथ अपने रिश्ते को लेकर मेरी उम्मीदें थीं। लेकिन मेरे पिता ने उनके बारे में जो कहा, मैंने उनसे कहा कि यह ठीक नहीं है। भारत की 2011 विश्व कप जीत के नायक रहे इस आलराउंडर ने कहा मैंने उनसे कहा यह ठीक नहीं है क्योंकि इसका असर मुझ पर पड़ता है। मैं उनके साथ खेला हूं और मैं चाहूंगा कि आप उनके बारे में ये बातें नहीं कहें।

युवराज ने कहा कि कपिल और धोनी दोनों अच्छी तरह जानते हैं कि उनके पिता के बयान किसी भी तरह से उनके अपने विचारों को नहीं दिखाते हैं। उन्होंने कहा जो कोई भी कारण हों, आप जानते हैं कि वे क्या हैं। लेकिन मैं उन दोनों से इन शब्दों के लिए ईमानदारी से माफी मांगना चाहूंगा लेकिन वे यह भी जानते हैं कि ये शब्द मेरे नहीं हैं। क्रिकेटर के तौर पर, उन्होंने देश के लिए जो कुछ किया है, मेरे मन में उनके लिए बहुत सम्मान है।

पिता के अंदर दोनों के प्रति भरा है गुस्सा

कपिल उत्तर क्षेत्र और हरियाणा के कप्तान थे और योगराज का कहना है कि तब उन्होंने उन्हें 'बिना किसी वजह' टीम से बाहर कर दिया था जिसके कारण उन्होंने कपिल को उनके घर पर गाली दी और फिर क्रिकेट छोड़ दिया। धोनी के मामले में योगराज ने कहा युवराज के टीम से बाहर होने का कारण वही थे। 2011 में विश्व कप जीतने के बाद युवराज ने क्रिकेट में वापसी करने के लिए कैंसर से लड़ाई लड़ी और जब उन्हें उस साल विश्व कप के लिए नहीं चुना गया तो उन्होंने 2019 में क्रिकेट से संन्यास ले लिया। योगराज ने कहा युवराज के करियर को बर्बाद करने के लिए धोनी जिम्मेदार थे इसलिए माफ नहीं करेंगे।